शर्मा हार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 234 | गुवाहाटी | मंगलवार, 21 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर मांगी सलाह, 26 को आएगा ईसी का दल — पेज 3
जापानी प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को जी-7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन... — पेज 4
मोदी काशी को देंगे 1781.9 करोड़ की 29 परियोजनाओं की सौगात — पेज 5
हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कहा- गंभीरता से नहीं निपटा तो... — पेज 8

## तवांग तक विस्तार की रेलवे की योजना, सर्वेक्षण पूरा



**इटानगर।** भारतीय रेलवे ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग समेत अन्य हिस्सों में अपने रेलवे नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बनाई है। भारतीय रेलवे ने पहले ही अंतिम स्थान सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। पूर्वोत्तर सीमांत (एनएफ) रेलवे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने बताया कि एनएफ रेलवे ने पहले ही अंतिम स्थान सर्वेक्षण रिपोर्ट उच्च अधिकारी को भेज दी है। यह कदम भारत-चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर रक्षा रणनीति और भारतीय सेना को सीमा में अपने जवानों - उपकरणों को भेजने में मदद करने के लिए अहम माना जा रहा है। अंशुल गुप्ता ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की पहले इसको लेकर बैठक हुई थी और वे दो अन्य परियोजनाओं पर सहमत हुए थे- एक मेचुका तक बामे-आलो और दूसरी परियोजना पासीघाट-परशुराम-वाकरो है। इन तीनों परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और इनका सर्वेक्षण का काम भी पूरा हो चुका है। हमारा लक्ष्य पासीघाट नई लाइन का काम मार्च 2025 तक पूरा करने का है। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे इस साल दिसंबर तक एजल के लिए रेल कनेक्टिविटी के काम को पूरा -शेष पृष्ठ दो पर

## 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर पूर्णतः रोक : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूरे असम में 2026 तक बाल विवाह को पूरी तरह रोक दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज (सोमवार) विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन सदन में यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायक कमलाक्ष दे पुरकायस्थ के बाल विवाह पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में आज यह स्पष्ट किया। विधायक के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि 2006 से 28 फरवरी 2023 तक बाल विवाह के सिलसिले में असम में कुल 4,510 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर, भारतीय दंड संहिता की धारा 376 आईपीसी, आर/डब्ल्यू धारा 9/10/11 विवाह निषेध अधिनियम 2006 और 6/17 पॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने



सदन को यह भी बताया कि बाल विवाह के संबंध में गिरफ्तारी और हिरासत के अब तक किसी की मौत की रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 से 28 फरवरी, 2023 तक पॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत असम में कुल 9,932 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सरकार ने बाल विवाह को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के विभिन्न उपाय किए हैं। सरकार ने बाल विवाह के पीड़ितों को उचित पुनर्वास प्रदान करने को विशेष महत्व दिया है। इस संबंध में एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया गया है। बाल विवाह के खिलाफ प्रयासों को और मजबूत करने के लिए, असम पुलिस उन क्षेत्रों में नियमित रूप से छापे और औचक निरीक्षण कर रही है जहां बाल विवाह प्रचलित है। बाल विवाह पीड़ितों को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने और उनके जीवन के पुनर्निर्माण के लिए भी उपाय किए गए हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण में राज्य सरकार शामिल नहीं : सीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन सोमवार को प्रश्नोत्तर काल के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने निर्वाचन क्षेत्र पुनर्निर्धारण पर हुई चर्चा में भाग



लिया। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने विधानसभा सदस्य रेकीबुद्दीन अहमद के एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सूचित किया है कि निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में सुधार की प्रक्रिया 1 जनवरी से चल रही है। इस महीने चुनाव आयोग आएगा और राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करेगा। राज्य सरकार इसमें शामिल नहीं है। डॉ. शर्मा ने कहा कि कि समाचार पत्रों में निर्वाचन -शेष पृष्ठ दो पर

## सदन में राज्यपाल के हिंदी भाषण पर वीपीपी विधायकों का वॉकआउट

**शिलांग।** मेघालय में विपक्षी वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी (वीपीपी) के विधायकों ने सोमवार को राज्यपाल फागू चौहान के सदन को हिंदी में संबोधित करने के विरोध में बहिर्गमन किया। विधानसभा अध्यक्ष थॉमस ए सांग्मा और मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा के हस्तक्षेप करने और यह समझाने के बावजूद कि राज्यपाल के लिए अंग्रेजी पढ़ना थोड़ा मुश्किल है, वीपीपी अध्यक्ष अर्देंट बसाइवमोइत और पार्टी के तीन अन्य विधायकों ने बहिर्गमन -शेष पृष्ठ दो पर



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

*डिब्रूगढ़ जेल में खालिस्तानी समर्थक बंद*

## सुरक्षा मुद्दों पर असम पुलिस की उच्चस्तरीय बैठक



**डिब्रूगढ़।** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश में पंजाब पुलिस लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। इस बीच असम पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत कुमार भुइयां सोमवार को डिब्रूगढ़ पहुंचे। यहां वह सुरक्षा मुद्दों पर एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इसके अलावा अमृतपाल के चार करीबी सहयोगियों से पूछताछ भी होगी। बता दें कि पंजाब में गिरफ्तार किए गए ये चारों आरोपी असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। आसपास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में संगठन का एक बहुत ही *महत्वपूर्ण सदस्य* शामिल है। हालांकि -शेष पृष्ठ दो पर

## *अमेरिका में भारतीय दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों का हमला*

**सैन फ्रांसिस्को।** लंदन के बाद सैन फ्रांसिस्को में भी खालिस्तान समर्थकों ने अपना दुस्साहस दिखाया है। यहां रविवार रात को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के समूह ने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला करके उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। खालिस्तान समर्थकों की ये कार्रवाई *वारिश पंजाब दे* संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थन में की जा रही है। साथ ही पंजाब में अमृतपाल सिंह के सहयोगियों की गिरफ्तारी के विरोध में इमारत के बाहर खालिस्तानी झंडे भी लहराए। हालांकि इस घटना पर सैन फ्रांसिस्को पुलिस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। जानकारी के मुताबिक, खालिस्तान समर्थकों ने नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अस्थाई सुरक्षा व्यवस्था को धवस्त करते हुए वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगाए। हालांकि वाणिज्य दूतावास के दो कर्मचारियों ने जल्द ही इन झंडों को हटा दिया। इस दौरान गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने वाणिज्य दूतावास परिसर में प्रवेश किया और अपने हाथों में लगी छड़ों से दरवाजे और खिड़कियों पर हमला बोल दिया। भारतीय-अमेरिकियों ने इसकी कड़ी निंदा की है। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग भी की है। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भूटोरिया ने सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास भवन पर खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि हिंसा का यह कृत्य न केवल अमेरिका और भारत के बीच राजनयिक संबंधों के लिए खतरा है, बल्कि हमारे समुदाय की शांति और सद्भाव पर भी हमला है। भूटोरिया ने स्थानीय -शेष पृष्ठ दो पर



door graph — Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## लंदन में तिरंगे के अपमान पर ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सिखों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सिख समुदाय से जुड़े कई लोगों ने इकट्ठा होकर सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि लंदन में रविवार को तिरंगे का अपमान किया गया था। भारतीय उच्चायोग में खालिस्तानी समर्थक अलगाववादियों द्वारा भारतीय ध्वज नीचे गिरा दिया गया था। अब भारत में सिख समुदाय से जुड़े लोगों ने घटना के खिलाफ ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर विरोध किया है। हाथों में तिरंगा और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने *भारत हमारा स्वाभिमान है* के नारे लगाए और कहा -शेष पृष्ठ दो पर



## हाई स्पीड रेल पर भारत-जापान के बीच दस्तावेजों का आदान-प्रदान

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारत और जापान के बीच सोमवार को मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) के लिए 300 बिलियन जापानी येन के जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी की ओर से आधिकारिक विकास सहायता ऋण की चौथी किश्त से जुड़े दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के बीच भारत में जापानी भाषा की शिक्षा के लिए सहयोग से जुड़े ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी -शेष पृष्ठ दो पर



## न नीतीश को पीएम बनना है और न हमें सीएम : तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर देखते हुए कहा कि न इनको प्रधानमंत्री बनना है और न हमको मुख्यमंत्री। हम जहां हैं, वहां खुश हैं। हमें इनके (नीतीश कुमार) नेतृत्व में काम करके खुश हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। अरे भई हमसे ज्यादा भाग्यशाली कौन है। हमारे माता-पिता दोनों मुख्यमंत्री रहे। हम पहले भी उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसलिए साफ कर देना चाहता हूं कि न इनको प्रधानमंत्री बनना है और न हमको मुख्यमंत्री। हम जहां हैं, वहां खुश हैं। मुख्यमंत्री नीतीश -शेष पृष्ठ दो पर



### सुप्रभात

*मैं अलग सोचने वाले युवा लोगों को संदेश देना चाहता हूं कि जिनमें कुछ खोजने का, घूमने का, नामुमकिन को संभव करने का और समस्याओं को जीतने का दम है वे इस मार्ग पर चलना जारी रखें।*

– **एपीजे अब्दुल कलाम**

### न्यूज गैलरी

## मेहुल चौकसी को इंटरपोल से राहत

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में हुए 14 हजार करोड़ के घोटाले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (सीबीआई) और इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) को इंटरपोल से बड़ा झटका लगा है। इंटरपोल ने इस घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चौकसी के खिलाफ दिसंबर 2018 में जारी किए रेड नोटिस को हटा दिया है। इस केस से जुड़े लोगों ने -शेष पृष्ठ दो पर

## वन रैंक वन पेंशन पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की नहीं सुनी

**नई दिल्ली।** वन रैंक वन पेंशन पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को झटका देते हुए चार किश्तों में एरियर के भुगतान की मांग को खारिज कर दिया है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने केंद्र से तीन किश्तों में पेंशनर्स को भुगतान करने का निर्देश दिया है। कोर्ट पहले ही वन रैंक वन पेंशन के सिलसिले में आदेश जारी कर चुका है, लेकिन सरकार ने कोई ठोस प्रस्ताव नहीं दिया था। अब सरकार का कहना है कि एक साथ भुगतान करना मुश्किल है, और कोर्ट से चार किश्तों में भुगतान की मोहलत मांगी, जिसे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने स्वीकार नहीं किया, और तीन किश्तों में भुगतान का निर्देश दिया। केंद्र ने कोर्ट को




बताया कि 10-11 लाख पेंशनर्स का बकाया इस साल 31 अगस्त, 30 नवंबर और अगले साल 28 फरवरी तक भुगतान कर दिया जाएगा। कोर्ट ने यह साफ किया कि इसका असर पूर्व कर्मियों के पेंशन के इक्वलाइजेशन पर नहीं पड़ेगा। हालांकि, कोर्ट ने सरकार को ओआरओपी के तहत परिवार वालों और अवॉर्ड विनर पेंशनर्स को इसी साल 30 अप्रैल तक भुगतान करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने ओआरओपी के तहत 70 साल से ज्यादा उम्र वाले पेंशनर्स के बकाए का भुगतान भी इसी साल 30 जून तक भुगतान करने सख्त आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश इंडियन एक्स-सर्विसमेन मूवमेंट्स की याचिका पर जारी -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना को लेकर सरकार का संशोधित गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** देश में एक बार कोरोना अपना पैर पसारने लगा है। दिन प्रति दिन इसके मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोरोना से संक्रमित व्यस्कों के लिए संशोधित गाइडलाइन जारी की है। इस नई गाइडलाइन में कई बातों को ध्यान में रखने के लिए कहा गया है। संशोधित गाइडलाइन के मुताबिक, फिजिकल डिसटेंस को मेनटेन रखने, इनडोर मास्क का इस्तेमाल, हाथ की सफाई, सिमटोमैटिक मैनेजमेंट (हाइड्रेशन, एंटी-पायरेटिक्स, एंटी-ट्रासिव) को मॉनिटर करने, ऑक्सीजन की जांच करते रहने के अलावा डॉक्टरों के साथ संपर्क में रहने के लिए कहा -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अमृतपाल के पांच साथियों पर लगा एनएसए, चाचा को भेजा असम जेल

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह के पांच साथियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्यवाही की है। पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के चाचा को असम की जेल में भेज दिया है। पंजाब पुलिस यह पूरा ऑपरेशन केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चला रही है। पंजाब पुलिस के आईजी एसएस गिल ने सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों को बताया कि अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गिल ने कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर हमें आईएसआई के एंगल पर बहुत गहरा संदेह है। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए लगता है कि इस मामले में आईएसआई और विदेशी फंडिंग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की कार्रवाई के चलते राज्य में स्थिति




शांति और स्थिर है। *वारिस पंजाब* दे के कुछ तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई है, जिनके खिलाफ छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अब तक अमृतपाल के 114 समर्थकों को शांति और सद्भाव को भंग करने के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें से 78 को पहले दिन गिरफ्तार किया गया, 34 को दूसरे दिन और दो अन्य को कल रात गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ 10 हथियार भी जब्त किए।

## रंगिया : वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के उपलक्ष्य में जागरुकता बैठक

**रंगिया ( निसं )।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रंगिया महकमा सिविल अस्पताल में आज एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। अस्पताल के उप- अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार वैश्य के संचालन में आयोजित इस बैठक में अस्पताल के चिकित्सक डॉ पदमेश्वर कलिता, दन्त चिकित्सक पापोरी दास, निरंजना, दीपक दास उपस्थित रहे जिन्होंने ओरल स्वास्थ्य जागरूकता पर भाषण दिया। दूसरी ओर इस जागरूकता बैठक में रंगिया महाविद्यालय के बहुत सी छात्राओं सहित अन्य कई लोगों ने भाग लेकर ओरल स्वास्थ्य जागरूकता पर ज्ञान प्राप्त किया। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों के बीच टूथपेस्ट, ब्रश आदि वितरित किए गए।

## आब्सू का आह्वान : बोडोलैंड में साइन बोर्ड लिखना होगा बोडो भाषा में

**आब्सू ने बोडो भाषा को प्राथमिकता देने के लिए शुरू किया अभियान**

**कोकराझाड़( हि.स. )।** बोडोलैंड में दुकानों, प्रतिष्ठानों समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साइन बोर्ड बोडो भाषा में लिखना अनिवार्य होगा। ऑल बोडो स्टूडेंट यूनियन (आब्सू) ने सोमवार को एक अभियान चलाते हुए कोकराझाड़ में अंग्रेजी अक्षरों में नाम लिखे साइन बोर्ड साफ कर दिए। आब्सू ने कोकराझाड़ शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बोडो भाषा में ही साइन बोर्ड और नेम प्लेट लगाने का आह्वान किया है। बोडोलैंड में बोडो भाषा का प्रयोग न किये जाने को लेकर आब्सू ने आज अपनी नाराजगी जाहिर की। आब्सू ने बोडोलैंड के मुख्यालय शहर कोकराझाड़ में अंग्रेजी भाषा में लिखे साइन बोर्ड या नेम प्लेटों को हटाने के लिए अभियान चलाया। आब्सू के जिला महासचिव खंफा बसुमतारी ने कहा कि कोकराझाड़ शहर के विभिन्न हिस्सों में शहरी विकास विभाग को साइन बोर्ड बोडो भाषा में लिखना होगा, उन्होंने कहा कि बीटीआर में बोडो भाषा को प्राथमिकता देना होगा। उन्होंने कहा कि साइन बोर्ड में पहले बोडो, दूसरा असमिया और तीसरे नंबर पर अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। शहरी विकास विभाग के प्रमुख के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के बावजूद कोकराझाड़ शहर में केवल अंग्रेजी भाषा में लिखे गए साइन बोर्ड को आब्सू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने मिटा दिया। आब्सू ने व्यापारियों से भी दुकानों के नाम आज से बोडो भाषा में लिखने को कहा। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर ऐसा नहीं किया जाएगा, तो आने वाले समय में साइन बोर्ड को मिटा दिया जाएगा।

# राज्य में व्यापारी की सरकार चल रही है : विधायक आलम




**नगरबेड़ा ( निसं )।** ग्वालपाड़ा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक ए के राशिद आलम ने आज सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले दलगोमा और गारोमारी में कई विकास कार्यों की शुरुआत करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस विधायक आए और भाजपा के खिलाफ आक्रामक हो गए। विधायक ए के राशिद आलम ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर देश के लोगों को भूलने और तानाशाही शासन के लिए देश पर शासन करने और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के मौलिक अधिकारों को कम करने का आरोप लगाया। विधायक एके राशिद आलम ने कहा कि अच्छे दिनों का सपना देखने वाले लोगों पर कीमतें बढ़ाने के नाम पर रामटैंगन दिया जा रहा है। ग्वालपाड़ा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक एके राशिद आलम ने पत्रकारों से रोष जताते हुए कहा कि आज देश की हालत इतनी खराब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लोगों के गुस्से से बचने के लिए देश छोड़कर भागने की कोशिश करेंगे। विदेशों में से काला धन वापस लाने का आश्वासन देकर मोदी ने विदेश में दो हजार करोड़ रुपए विनियोग करने का आरोप लगाया विधायक ए के रशिद आलम ने। मैट्रिक का प्रश्न काकत फांस सन्दर्भ में विधायक ने कहा कि असम का जातीय अनुष्ठान छेवा को परिकल्पित रुप से खतम करके शिक्षा व्यवस्था को आदानी, अंबानी का हाथ में देनेका षड़यंत्र रचना कर रहा है। विधानसभा क्षेत्र का गारोमारी में कुछ स्थानीय जनता के सामने राज्य में चल रहे सरकार को समालोचना किया। सम्प्रति समय में मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्वशर्मा ने जनता सेवा में सरकार चलाने के बजाय व्यापार करने करने के लिए सरकार चला रहे हैं बोलके विधायक ने कहा है। विधायक ए के रशिद आलम ने ग्वालपाड़ा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का अंतर्गत दलगोमा कालेज से सिधावारी, दलगोमा से बसन्तपुर और गारोमारी से नवागत शिमलीतोला तक जाने वाले तीन पक्का सड़क मरम्मत करने का काम का सुभारंभ करते हैं। लोक निर्माण विभाग का दुधनै व ग्वालपाड़ा पूर्व संमंडल का तहत लगभग एक करोड़ बार लाख रुपए का पुन:निर्माण कार्य बरसात के पहले खत्म होगा कहा। अनुष्ठान में माटिया आंचलिक पंचायत का अध्यक्ष आरजुमा मुमताज, बुदुचर गांव पंचायत का अध्यक्ष आफ्रुजा बेगम, उपाध्यक्ष लुतफा बेगम, कनिष्ठ अभियंता इलियाच अली, युवा कांग्रेस नेता हुसैन अहमद मादानी, जिले कांग्रेस मीडिया सेल का अध्यक्ष जव्वर अली मौजूद थे।

## अखिल रेल हिंदी एकांकी नाट्य प्रतियोगिता-2022 में तृतीय स्थान पर पूर्वोत्तर सीमा रेल




**गुवाहाटी ( विभास )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला, पंजाब में अखिल भारतीय स्तर पर 11 मार्च से 14 मार्च, 2023 तक अखिल रेल हिंदी नाट्य प्रतियोगिता-2022 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर सीमा रेल नाटक दल ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल कुल 22 नाटक दलों में पूर्वोत्तर सीमा रेल ने तृतीय श्रेष्ठ नाट्य दल का सम्मान प्राप्त करने के साथ-साथ श्रेष्ठ सह-अभिनेता (किशोर पाठक), श्रेष्ठ सह-अभिनेत्री (अनिंदिता दास) और श्रेष्ठ शब्द प्रवाह (विजय प्रताप यादव) का पुरस्कार भी प्राप्त किया। भुपेंद्र नाथ हजारिका द्वारा रचित, कृष्ण प्रसाद गुप्ता द्वारा अनुवादित तथा किशोर पाठक द्वारा निर्देशित नाटक डर को अपने अभिनय से सवारने वाले कलाकार थे मंटु कुमार दास, अनिंदिता दास, मिनर्भा बेजबरूआ, किशोर पाठक, निखिल बर्मन, सत्येंद्र शर्मा और दिबसन लाल बरूआ। सभी नाटकों का मंचन हिंदी में किया गया। इस प्रतियोगिता में केवल रेल कर्मी और उनके परिवार के लोग ही भाग ले सकते है।

***O.O. No.:21***

**CORRIGENDUM**

It is general information to all concerned that the tender notice published in 16th March' 2023 in the news paper (The Assam Tribune ) for supply of Iron Cage use in rescue of Leopard "Development of Other Wildlife Area" of SOPD Scheme under DoomDooma Forest Division; the total work value may kindly be read as Rs.1.03800 lakh instead of Rs.1.3800 Lakh. **(In SI. No. b of Column No.7)**

Divisional Forest Officer,
DoomDooma Division,
DoomDooma

***-- Janasanyog /C/23255/22***

# पृष्ठ एक का शेष

### तवांग तक विस्तार ...

करने की कोशिश कर रहा है। गुप्ता ने कहा कि तुपुल की घटना के बाद इंफाल से कनेक्टिविटी में कुछ देरी हुई है। हम कुछ एहतियाती कार्यों में लगे हुए हैं और हम दिसंबर 2024 तक कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। सिक्किम का काम दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा और ट्रेन इस साल सितंबर में नगालैंड के सेरीमा तक चलेगी। हम मार्च 2024 तक सेरीमा से कोहिमा तक रेलवे परियोजना का काम पूरा कर लेंगे। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और सिक्किम के कुछ महत्वपूर्ण कस्बों और सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने के उद्देश्य से 1.20 लाख करोड़ रुपये की कनेक्टिविटी परियोजना है और हम राज्य सरकार, विभिन्न संगठनों, भारतीय सेना के साथ इस पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, एनएफ रेलवे ने रेलटेल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि इन्ट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) को इंस्टॉल किया जा सके। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों को ट्रेनों की चपेट में आने से बचाने के लिए हमने आईडीएस नामक एक नया सिस्टम विकसित किया है। एनएफ रेलवे ने इसके लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का इस्तेमाल करके एआई-आधारित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे लमडिंग डिविजन और अलीपुर डिवीजन में पेश किया है। यह पिछले कुछ महीनों से सफलतापूर्वक काम कर रहा है। इसे बड़े बड़े पैमाने पर लागू करने के लिए हमने रेलटेल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

### 2026 तक राज्य ...

असम सरकार ने ग्राम पंचायत के सचिवों को सीएमपीओ (सिस्टर मैरिज प्रोहिबिशन ऑफिसर) के रूप में नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा क्रमांक 16 के तहत छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के संबंधित लाट मंडलों (लेखपाल) और डिमा हसाउ जिले के पटवारियों को सीएमपीओ के पद पर तैनाती देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, दो अलग-अलग हेल्पलाइन 181 और 1098 हैं, जो महिलाओं और बच्चों के यौन शोषण को रोकने और शिकायत दर्ज करने के लिए चौबीसों घंटे खुली हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कछार जिला में बाल पंचायत के माध्यम से बाल विवाह के बुरे परिणामों के बारे में लोगों में जागरूकता लाई गई है। मुख्यमंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय ने पॉक्सो मामले को लेकर सरकार की आलोचना नहीं की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें लगता है कि बाल विवाह के संबंध में 90 प्रतिशत मामलों में सजा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि हम 2026 तक बाल विवाह रोक देंगे। उन्होंने कहा कि हम बजट में 200 करोड़ रुपए अलग रखेंगे। हर बाल विवाह मामले में वकील देंगे। हर तीन महीने में छापे मारेंगे। हम बाल विवाह को रोकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघबर के सेंगा में 23 साल की लड़कियां दो बच्चों को गोद में लेकर बैठकों में आती हैं। वहीं हैंडिक कॉलेज में लड़कियां 23 साल की उम्र में पोस्ट ग्रेजुएट करती हैं। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज विपक्षी विधायक द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में सदन में अपना बयान दिया।

### निर्वाचन क्षेत्र के ...

क्षेत्र पुनर्निर्धारण को लेकर मसौदा सूची प्रकाशित की जा रही है। मीडिया दुर्भावनापूर्ण समाचार प्रकाशित कर रही है, यह सच्चाई पर आधारित नहीं है। निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को न्याय दिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग के निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण के मामले में राज्य सरकार शामिल नहीं है। एनआरसी के कारण निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया नहीं रोके जाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दिनों में कहा गया था कि कानून-व्यवस्था के कारण प्रक्रिया शुरू नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र को 2001 के आधार पर पुनर्निर्धारित किया जाएगा। अगली बार यह 2011 या 2022 के आधार पर होगा। हमारे यहां भी वही प्रक्रिया होगी, जो तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल में हुआ है।

### सदन में राज्यपाल...

किया। अर्देंट ने विधानसभा में कहा कि हिंदी भाषी राज्यपालों को हमारे पास भेजा जा रहा है, हम समझ नहीं पा रहे हैं कि वे क्या बोलते हैं, इसलिए हम सदन से बहिर्गमन करेंगे। बाहर निकलते हुए उन्होंने कहा कि हम इस कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं और जो लोग अपमानित महसूस नहीं करते हैं, वे सदन में बैठ सकते हैं। हम इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। विपक्षी विधायकों ने कहा कि अंग्रेजी मेघालय विधानसभा की आधिकारिक भाषा है। हस्तक्षेप करने वाले मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने कहा कि नियमानुसार लिखित भाषण सदन में प्रसारित किया गया है। एक व्यक्ति जिसकी कुछ सीमाएं हैं और वह अंग्रेजी नहीं पढ़ सकता है, इसलिए एक लिखित भाषण प्रसारित किया गया है। इस तरह के अपमान को देखकर दुख होता है। स्पीकर ने राज्यपाल को हिंदी में संबोधित करने की अनुमति दी थी। उन्होंने कहा कि मैं सभी सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि कृपया सदन की मर्यादा बनाए रखें और जब राज्यपाल अभिभाषण पढ़ रहे हों तो चिल्लाएं नहीं।

### सुरक्षा मुद्दों पर ...

वरिष्ठ पुलिस और जिला अधिकारियों ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन पंजाब पुलिस टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 19 मार्च को चारों आरोपियों की पहचान उजागर की। जिन चार आरोपियों को डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल भेजा गया है, उनमें दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और प्रधानमंत्री बाजेका का नाम शामिल है। ये चारों उन 78 लोगों में शामिल थे, जिन्हें 19 मार्च को पंजाब सरकार द्वारा *वारिस पंजाब* दे (डब्ल्यूपीडी) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया था। इसके मुखिया अमृतपाल सिंह हैं, जो कई आपराधिक मामलों में वांछित है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 19 मार्च को कहा कि कभी-कभी दूसरे राज्य में गिरफ्तार लोगों को दूसरे राज्य की जेल भेज दिया जाता है। शर्मा ने कहा कि पंजाब पुलिस ने चार लोगों को भेजा है और हम उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया कराएंगे। आप शासित पंजाब की 27 सदस्यीय पुलिस टीम सहित महानिरीक्षक स्तर के एक अधिकारी चारों आरोपियों को भाजपा शासित असम के डिब्रूगढ़ लेकर पहुंची है। हालांकि डिब्रूगढ़ के एसपी श्वेतांक मिश्रा सहित किसी भी अधिकारी ने अब तक यह नहीं बताया कि इन चारों आरोपियों को असम क्यों लाया गया?

### अमेरिका में भारतीय ...

अधिकारियों से इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और उन्हें न्याय दिलाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अपने समुदाय के सभी सदस्यों से एकजुट का भी आग्रह किया। वहीं, खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने भी नाराजगी जताई है। एफआईआईडीएस ने कहा है कि हम लंदन के साथ-साथ एसएफओ में भी पूरी तरह से कानून व्यवस्था की विफलता से चकित हैं। जहां कुछ कट्टरपंथी अलगाववादियों ने भारत के राजनयिक मिशनों पर हमला किया है। एफआईआईडीएस ने कहा कि यह देखना बेहद चिंताजनक है कि ब्रिटेन और अमेरिका राजनयिक मिशनों की सुरक्षा के लिए वियना कन्वेंशन के अनुसार प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं। एफआईआईडीएस ने मांग करते हुए कहा कि हम डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस), एफबीआई और सीआईए जैसे कानून और व्यवस्था संस्थानों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद को कोई जगह और समर्थन न मिले। साथ ही उसने यह भी कहा कि झूठे प्रचार के साथ सिख कट्टरपंथ को भड़काने और फंडिंग करने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई है। वहीं, दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उनके सहयोगियों पर पंजाब पुलिस की कार्रवाई के विरोध में खालिस्तान समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। यहां खालिस्तान समर्थक ऑस्ट्रेलियाई संसद के बाहर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की।

### लंदन में तिरंगे के ...

कि वे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने रविवार को अलगाववादी खालिस्तानी समर्थन में नारे लगाते हुए गिरा दिया था। भारत में वारिस दे पंजाब संगठन के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर तिलमिलाए खालिस्तानी समर्थकों ने लंदन में इस घटना को अंजाम दिया था। भारतीय उच्चायोग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि खालिस्तानियों के इस प्रयास को विफल कर दिया गया, तिरंगा अब *भव्य* रूप फहरा रहा है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि सुरक्षा कर्मचारियों के दो सदस्यों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में इलाज की आवश्यकता नहीं है। एक जांच शुरू की गई है। बता दें कि भारत ने इस मामले को लेकर रविवार रात ब्रिटिश उप उच्चायोग को तलब किया और पूरी तरह से सुरक्षा के अभाव पर स्पष्टीकरण मांगा। विदेश मंत्रालय ने सख्त लहजे में बयान देते हुए कहा कि ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक परिसरों और कर्मियों की सुरक्षा के प्रति यूके सरकार की उदासीनता भारत को अस्वीकार्य लगती है। इस पर शीर्ष ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिटेन सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी और उन्होंने मिशन में तोड़फोड़ को अपमानजनक बताया।

हाई स्पीड रेल पर...

से द्विपक्षीय वार्ता की और बाद में दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। विदेश मंत्रालय में इस दौरान दो दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच अर्थव्यवस्था व वाणिज्य, जलवायु व ऊर्जा, रक्षा व सुरक्षा, पी2पी, कौशल विकास में सहयोग पर ध्यान देने के साथ व्यापक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने एक मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने के लिए भारत को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जापान अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, यूरोप और अन्य जगहों के साथ समन्वय मजबूत करेगा। इंडो पैसिफिक पर केंद्रित 41वें सप्रू हाउस लेक्चर के दौरान उन्होंने कहा कि जापान निजी निवेश, ऋण और अन्य माध्यमों से 2030 तक भारत-प्रशांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक और निजी निधियों में कुल 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएगा। इस दौरान पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत के विचार को भी दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री किशिदा को उपहार स्वरूप कर्नाटक की कदमवुड जली बॉक्स में चंदन की बुद्ध प्रतिमा भेंट की। देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने नई दिल्ली स्थित बुद्ध जयंती पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पार्क में स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा व बल बोधि वृक्ष पर पुष्पांजलि अर्पित की। जापानी प्रधानमंत्री ने गोलगप्पे और लस्सी का लुत्फ भी उठाया।

### न नीतीश को पीएम...

कुमार ने मुझे फिर से मौका दिया, इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं और उनको भरोसा दिलाता हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसके बाद भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा के नेताओं को काम तो है नही। इनका बस एक ही काम है कि हमको गाली देना। हमारा चरित्र हनन करना। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की न कोई चाल है और न चरित्र। न आचार है, न विचार और न पद का उम्मीदवार। भाजपा के नेताओं ने हाल ही में हुई ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के लिए तेजस्वी यादव से मांफी मांगने के लिए कहा। इसका जवाब देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जब हम महागठबंधन की सरकार बना रहे थे, तब हमको और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पता था कि तोते पिंजरे से बाहर आएंगे। इसके बाद तेजस्वी यादव ने एक शेर सुनाया कि लहजे में बदजुबानी, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं। वे जिनके खुद के बहीखाते बिगड़े हुए हैं, वे हमारे हिसाब बिगाड़ने के पीछे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों को शातिरपना चलने वाला नहीं है। जब लालू यादव नहीं डरे तो भला उनका बेटा कैसे डर सकता है। उनका बेटा भी डरने वाला नहीं है। हम न डरेंगे और न झुकेंगे। बस लड़ेंगे और जीतेंगे।

### कोरोना को लेकर ...

गया है। इसके अलावा गाइडलाइन में जो कहा कहा गया है वो ये है कि अगर किसी को सांस लेने में दिक्कत हो, तेज बुखार हो या ज्यादा खांसी हो रही होज्अगर ये सारी चीजें पांच दिन से अधिक समय तक हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी गाइडलाइन में एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल करने को लेकर मना किया है। संशोधित दिशा-निर्देशों में कहा गया है, एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल तब तक नहीं किया जाना चाहिए जब तक वैक्टेरियल इंफेक्शन का पता न चल जाए। इसके अलावा गाइडलाइन में अधिक जोखिम वाले मरीजों को रेमडेसिविर लेने को कहा गया है वो भी पांच दिनों तक। पहले दिन 200 एमजी 4 और इसके बाद अगले 4 दिन 100 एमजी 4 लेने के लिए कहा गया है। बता दें कि भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पिछले गुरुवार को केंद्री स्वास्थ्य मंत्रालय ने छह राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटका को पत्र लिखा था। पत्र में इन राज्यों को टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और वैक्सीनेशन पर जोर देने की सलाह दी गई थी। बता दें कि भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1071 नए मामले सामने आए। वहीं, तीन लोगों की कोरोना से मौत हो गई। देश में 129 दिन बाद 1000 से अधिक मामले एक दिन में दर्ज किए गए। इसके साथ ही देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर अब 5915 हो गई।


### वन रैंक वन पेंशन ...

की है। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय ने एक सील्ड कवर में अपना प्रस्ताव पेश करने की कोशिश की थी, जिसे चीफ जस्टिस की बेंच ने खारिज कर दिया था और कहा था कि कोर्ट में ट्रांसपेरेंसी रहनी चाहिए। सीजेआई ने यह भी पूछा था कि यहां आदेश ही तो जारी किया जाना है, इसमें सीक्रेट क्या है? इससे पहले 13 मार्च को रक्षा मंत्रालय के 20 जनवरी के कम्युनिकेशन पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा था कि सरकार पेंशनर्स को बकाए का भुगतान चार छमाही इंस्टॉलमेंट यानी दो साल में करेगी, जबकि कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया और मंत्रालय से कम्युनिकेशन वापस लेने को कहा था। पेंशनर्स के भुगतान के लिए बजट आउटले 5 लाख करोड़ का है, और 1.2 लाख करोड़ रुपए का भुगतान फरवरी महीने तक किया जा चुका है।

### मेहुल चौकसी को ...

इस बात की जानकारी दी है। भारत सरकार ने इंटरपोल की वांटेड लिस्ट में से चौकसी का नाम हटाने का जोरदार विरोध किया है। इंटरपोल ने मेहुल चौकसी को मामले में प्राथमिक तौर पर दोषी नहीं माना है और कहा है कि भारतीय एजेंसियों ने मेहुल को अगवा करने की कोशिस की है। यह डेपलपमेंट भारत सरकार और केंद्रीय जांच ऐजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका है। जानकारी के मुताबिक रेड नोटिस हटने के बाद मेहुल चौकसी एंटीगुआ और बारबुडा देश से बाहर भी यात्रा कर सकता है। बता दें कि मेहुल चौकसी को एंटीगुआ और बारबुडा देश से नागरिकता प्राप्त है। इंटरपोल ने अपना ऑर्डर जारी करते हुए लिखा है कि इस बात की पूरी संभावना है कि भारत की ओर से मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण की कोशिश उसके अपहरण की योजना है। जानकारी देते हुए मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि भारत की ओर से इसका पूरी तरह से विरोध किया गया है। भारत ने इस दौरान इंटरपोल से कहा है कि अगर मेहुल के ऊपर से रेड नोटिस हटाया जाता है तो वह एंटिगुआ से कहीं भी जा सकता है जबकि उसके प्रत्यर्पण की कार्यवाही बहुत ही नाजुक स्टेज में है। मामले से जुड़े एक शख्स ने बिना नाम बताए कहा कि मेहुल चौकसी भारत में कई केसों में वांटेड है। इंटरपोल ने अपने ऑर्डर में आगे लिखा है कि अगर मेहुल भारत वापस लौटता है तो जरूरी नहीं है कि उसे निष्पक्ष जांच और ट्रायल की सुविधा दी जाएगी। उन्हें इस बात का रिस्क बताते हुए रेड नोटिस को हटाया है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**करनी धरनी सत्य है, रहनी सत्य अधार।**
**भीतर बाहर सत्य है, भेष सन्त यह सार॥ 35 ॥**

**शब्दार्थ :** (भेष सन्त) संतमत (करनी) कर्तव्य (धरनी) धारण (रहनी) आचरण।

**भाष्य :** करनी ओर धरनी सत्य है और रहनी सत्य आधार पर है। भीतर-बाहर सभी सत्य है, यही संतमत का सारतत्व है।

**जिवन्मुक्त अवधूत है, जिवन मृतक संसार।**
**उत्तम जीवन सफल है, जेहि प्रभु कृपा अपार॥ 36 ॥**

**शब्दार्थ :** (जिवन्मुक्त) जीते जी मुक्त (अवधूत) वीतरागी ज्ञानयोगी, जो सदैव त्याग कर प्रभु कर एक मात्र भजन करते हैं।

**भाष्य :** जीवन्मुक्त योगी संसार से मृतक हो अवधूत होता है। जिस पर प्रभु की अपार कृपा होती है, वही इस उत्तम जीवन को प्राप्त कर सफल होता है।

# निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर मांगी सलाह, 26 को आएगा ईसी का दल

**करीमगंज ( हि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग के सीईसी राजीव कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल आगामी 26 से 28 मार्च तक राज्य का दौरा करेंगे। यह टीम राज्य विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सीमांकन के बारे में स्थानीय लोगों की आशाएं और आकांक्षाएं जानने की कोशिश करेंगे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सीईसी राजीव कुमार और दो अन्य सदस्य राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, सामाजिक संगठनों और राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। आयोग की यह टीम प्रत्येक जिले के जिला निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों के साथ भी निर्वाचन क्षेत्रों सीमाओं के निर्धारण के बारे में बुनियादी जानकारी प्राप्त करने के लिए विमर्श करेंगे। इस संबंध में करीमगंज के चुनाव अधिकारी ने बताया है कि आयोग की टीम 27 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य के राजनीतिक दलों के साथ होटल रेडिसन गुवाहाटी में ब्लू में बैठक करेगी। साथ ही उसी दिन दोपहर 1 बजे से एक ही स्थान पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से विचारों का आदान-प्रदान होगा। इस बीच, आयोग 28 मार्च को अपराह्न 3 बजे गुवाहाटी के रेडिसन ब्लू होटल में मीडियाकर्मियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेगा। उन्होंने बताया है कि क्षेत्र निर्धारण के संबंध में स्थानीय निवासी 23 मार्च तक आयोग को अपनी याचिकाएं असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के ईमेल या मुख्य निर्वाचन अधिकारी, असम, चौथी मंजिल, सी ब्लॉक, जनता भवन दिसपुर, असम, गुवाहाटी-781006 पर भेज सकते हैं। साथ ही इस तरह का आवेदन 22 मार्च तक संबंधित जिलाधिकारी की आधिकारिक ईमेल आईडी के साथ-साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में भी जमा किया जा सकता है।

## राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया सदिया का दौरा



**तिनसुकिया ( हि.स. )।** राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव सैयद अब्बासी ने तिनसुकिया जिला की उपायुक्त स्वप्ननील पाल के साथ आज (सोमवार) सदिया महकमा का दौरा किया। सदिया महकमा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित एक बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अरुणाचल प्रदेश में दिबांग नदी के पानी से असम के सदिया-धोला के हतिगुली, नगधुली, रहमरिया और डिब्रूगढ़ में तट कटाव की रोकथाम की समीक्षा की। आज की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रभारी महकमा अधिकारी अनुपम डेका, पुलिस अधीक्षक पुश्किन जैन, सहायक आयुक्त भास्कर ज्योति पेगू, सर्कल अधिकारी वर्षा दुवारा सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## असम राइफ्लस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस

**शोणितपुर ( हि.स. )।** शोणितपुर जिला के चारीदुआर थाना क्षेत्र में आज (रविवार) असम राइफल्स के चारीदुआर बटालियन के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया गया। इस मौके पर बटालियन के अधिकारी ने समाज सेवी जैमी इलीयन के सोध पर चर्चा की तथा संयुक्तराष्ट्र द्वारा मानव जाति की भलाई के लिए किए गये प्रयासों की सराहना की। अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस हर साल मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को इस तथ्य के बारे में समझना है कि विश्व में कितने ऐसे लोग हैं जो खुशियों की कमी के साथ अपना जीवन जी रहे हैं। बढ़ते तनाव उन्हें अपने कार्य तक रहने के लिए सीमित कर रहा है। वे अपने पसंद के कार्य, जिन्हें करने से उन्हें खुशी मिलती है, नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझने की आवश्यकता है कि एक अच्छे जीवन के लिए जितना आवश्यक काम करना है उतना ही आवश्यक मानसिक संतुलन भी है।

## गुवाहाटी की मयूरिमा डेका को आईएफए-2023 अवार्ड

**गुवाहाटी।** असम की युवा मेकअप आर्टिस्ट को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आईएफए 2023 अवार्ड से नवाजा गया। नई दिल्ली के छत्रपुर स्थित बेलामुंडे होटल में आयोजित एक रंगारंग समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने गुवाहाटी की पीहू मेकओवर्स की प्रमुख मयूरिमा डेका को इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया। डेका को आईएफए 2023 अवॉर्ड के मोस्ट क्रिएटिव ब्राइडल मेकअप आर्टिस्ट की श्रेणी में यह सम्मान दिया गया। उल्लेखनीय है कि मूल रूप से जोरहाट निवासी मयूरिमा डेका गुवाहाटी में पीहू मेकओवर्स के नाम से प्रसिद्ध है। कई जानी-मानी असमिया अभिनेत्री सहित नामचीन हस्तियों के सुंदर दिखने में मयूरिमा डेका के हाथों की ही जादूगरी रहती है। ब्राइडल मेकअप आर्टिस्ट के रूप में उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस प्रतिष्ठित सम्मान पाने के बाद डेका ने सभी के प्रति आभार व्यक्त



किया। आईएफए 2023 अवार्ड पाकर डेका ने असम ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वोत्तर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

## घोगापार नदी में डूबने से युवक की मौत

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत रंगिया के तुलसीबाड़ी के घोगापार नदी में गिरने से एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान तुलसीबाड़ी के पास घोगापार निवासी संजय डे (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने सोमवार को शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। बताया गया कि रविवार रात तुलसीबाड़ी के पास घोगापार निवासी संजय डे रंगिया से अपने घर जा रहा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह घोगाजान (प्राकृतिक रूप से बहने वाली छोटी नदी) में गिरकर डूब गया। स्थानीय लोगों ने तुलसीबाड़ी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने काफी खोजबीन की लेकिन देर रात होने के कारण व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया। सोमवार को एसडीआरएफ ने घोगाजान में बचाव अभियान चलाकर संजय का शव बरामद कर लिया।

# रेलवे की भूमि पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**करीमगंज ( हि.स. )।** रेलवे प्रशासन ने करीमगंज में अवैध रूप से कब्जा की गई रेलवे की जमीन और आवास को खाली कराने की कवायद शुरू कर दी है। सोमवार को करीमगंज टाउन मौजा के ब्लॉक-9 के पार्ट-5 के तहत रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए बेदखली अभियान चलाया गया। लमडिंग मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के सम्पदा अधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक पत्र जारी किया था। इसे देखते हुए करीमगंज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने जिला मजिस्ट्रेट एवं रेल विभाग के परामर्श से यह निर्णय लिया गया कि 20 मार्च से रेलवे की जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाएगा। सोमवार को शेड्यूल के मुताबिक करीमगंज रेल जंक्शन के पास सिलचर रोड इलाके में करीब 71 परिवारों के घरों और दुकानों को रेलवे की जमीन से हटा दिया गया।



करीमगंज सर्कल अधिकारी अंतरा सेन और कार्यकारी मजिस्ट्रेट विक्रम चाशा कब्जा विरोधी अभियान के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति की निगरानी के लिए जिम्मेदार थे। प्रशासन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार दिखा, किसी भी तरह के बल प्रयोग की जरूरत नहीं हुई। बल्कि, अवैध कब्जाधारी ही बेदखली अभियान में प्रशासन का सहयोग करते नजर आए।

## जोराबाट में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस चौकी अंतर्गत तेरह माइल तामुलीकुची इलाके से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक ने बताया कि आज (सोमवार) सुबह 9.30 बजे करीब हमें सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग-6 के किनारे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है। मृत व्यक्ति की उम्र लगभग 55 वर्ष के आसपास होगी। मृतक पीले रंग का स्पोर्टिंग और काले रंग का फुल पैंट पहन रखा था। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्त की खातीर शव को 72 घंटे के लिए शव गृह में रखेगी।

## रंगिया के उदियाना में कराटे प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**रंगिया ( निसं )।** उदियाना कराटे एंड फिटनेस एकाडमी के सौजन्य से तथा रंगिया जिला कराटे संस्था के सहयोग से रविवार को रंगिया के उदियाना बालक प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन असम राज्य कराटे संस्था के सहायक सचिव तथा रंगिया कराटे संस्था के सचिव सैय्यद माजहारुल इस्लाम ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों में कराटे और अन्य सभी खेलों को प्राथमिकता देनी चाहिए और गांवों के प्रतिभा ने खेल जगत को रोशन कर रखा है। कार्यक्रम में स्थानीय और हेमदोल के आकाश कराटे अकादमी के बच्चों ने भाग लेते हुए अपने कराटे प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। उद्घाटन बैठक आरिमतो गांव पंचायत के अध्यक्ष रिजू अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें असम साहित्य सभा के मातृभाषा-राज्यभाषा प्रयोग उपसमिति के नवनिर्वाचित संयोजक हेमंत कलिता, रंगिया जिला कराटे संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षक देवब्रत शर्मा, प्रशिक्षक अजंता दास, अब्दुल वासिद (रोज) ), बाबुल अली, आईतुल अली, जीतुल हक चौधुरी, राजेन भुइयां, नजरुल हक चौधुरी, कुदरत अली और कई स्थानीय खेल प्रशंसकों ने भाग लिया।

# पूप्रदिजै महिला संगठन का षष्ठम प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**गुवाहाटी ( नसं )।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय दिगंबर जैन महिला संगठन का पुरवाई, समर्पण मैत्री उत्सव नामक षष्ठम प्रांतीय अधिवेशन छत्रीबाड़ी स्थित लायंस ऑडिटोरियम में प्रांतीय अध्यक्ष फूलमाला पाटनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ सुलोचना देवी पहाड़िया ने ध्वजारोहण करके किया। संगठन की डिब्रूगढ़ शाखा की सदस्योंओ ने मैना देवी पहाड़िया के नेतृत्व में मंच का उद्घाटन किया तथा मैना देवी काला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध कार्याध्यक्ष किरण देवी पहाड़िया ने स्वागत भाषण देकर सभी का स्वागत किया। पुर्वोत्तर की महामंत्री सुशीला झांझरी, दिसपुर जैन समाज के मंत्री विनोद छाबड़ा के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना संबोधन दिया दिगंबर जैन पंचायत गुवाहाटी के मंत्री वीरेंद्र सरावगी ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुधा काला व उनकी कार्यकारिणी समिति की सदस्य डिब्रूगढ़ की संतोष पाटनी को महामंत्री, बबीता सेठी, इंदु गंगवाल, मंजू छाबड़ा को उपाध्यक्ष, रेखा बडजात्या को उपाध्यक्ष (मुख्यालय), सुनीता अजमेरा को मंत्री, शशि बड़जात्या को कोषाध्यक्ष



(मुख्यालय), संगीता बड़जात्या को कोषाध्यक्ष एवं सह मंत्री पद के लिए चंदा बडजात्या और सोनू पाटनी को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संगठन की वरिष्ठ सदस्या प्रकाश देवी सेठी के अलावा दिगंबर जैन पंचायत के विजय गंगवाल, कपूरचंद पाटनी, विजय पांड्या, जम्मू बड़जात्या, जीवराज जैन, प्रकाश चंद्र पाटनी और नरेंद्र कुमार काला के अलावा अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अधिवेशन में जोरहाट से सरला देवी पाटनी, डिब्रूगढ़ से समता जैन, विजयनगर से सुशीला झांझरी, दीमापुर से हीरा देवी बाकलीवाल,बंगाईगांव से पिंकी जैन, रंगिया से सुमित्रा पांड्या और शांति देवी पहाड़िया ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर प्रीति सेठी और राज सेठी के संचालन में नृत्य नाटिका व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशल्या छाबड़ा और रेखा बड़जात्या ने किया अंत में नवनिर्वाचित मंत्री सुनीता अजमेरा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## ड्रग्स समेत एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी ने हेरोइन समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक के नेतृत्व में बीती रात चलाए गए अभियान के दौरान जोराबाट से 11 प्लास्टिक के छोटे-छोटे कंटेनर में भरकर रखी गई हेरोइन समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुशील तिर्की के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित जोराबाट इलाके के शंकर देव नगर का रहने वाला बताया गया है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

## एसएसबी ने आयोजित किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ जिला के रानीगुली स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 6वीं वाहिनी ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के अंतर्गत नाकेदारा, शांतिपुर, देवश्री, उदालगुड़ी, कोराईबाडी आदि गांव में आज (रविवार) नि:शुल्क मानव एवं पशुधन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीटी हटजाओ (सीएमओ/एसजी) की उपस्थिति में आयोजित चिकित्सा शिविर का सीमा चौकी टुकराबस्ती एवं दादगिरी के आस-पास के गांवों के लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में लगभग 179 लोगों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी उपलब्ध करायी गई। साथ ही डॉ. हटजाओ ने लोगों को साफ-सफाई



से रहने के लिए कहा और बीमारियों से बचने की सलाह दी। वहीं कमांडेंट डॉ. जयंतो देवरी (पशु चिकित्साक) की उपस्थिति में आयोजित पशु चिकित्सा शिविर का भी ग्रामीणों ने लाभ उठाया। जिसमें लगभग 1055 पशुओं की चिकित्सा जांच की गई और दवाइयां भी उपलब्ध करायी गई। शिविर की स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की।

## माहेश्वरी सभा गुवाहाटी के आम चुनाव में सीताराम बिहानी ने अध्यक्ष पद जीता



**गुवाहाटी ( नसं )।** माहेश्वरी सभा गुवाहाटी के आम चुनाव के नतीजे देर रात 1:30 बजे तक मतगणना के पश्चात घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी अमित काबरा ने घोषणा करते हुए बताया कि सीताराम बिहानी 988 मत लेकर अध्यक्ष पद की दौड़ में जीत गए हैं। अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल मदन सिग्ची को 457 मत प्राप्त हुआ। सचिव के चुनाव में सुरेंद्र लाहोटी को 881 मत प्राप्त हुए। इस दौड़ में शामिल रतन चितलांगिया को 533 मत प्राप्त हुए। सीताराम बिहानी की टीम ने इस बार परिवर्तन का नारा लगाते हुए चुनावी वैतरणी को पार किया प्रथा इसे ही चुनावी प्रचार का मुख्य मुद्दा बनाया। उनकी टीम ने समाज में परिवर्तन लाने का आश्वासन देते हुए मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित किया। जबकि अनुभवी व कर्मठ उम्मीदवार मदन सिग्ची अपने कार्यकाल में सचिव पद पर रहकर समाज का कुशल नेतृत्व कर चुके हैं। कार्यकारिणी समिति के लिए 14 सदस्यों का निर्वाचन किया जाना था।जिसमे पवन साबू, जितेंद्र राठी, नितिन माहेश्वरी, संतोष तापड़िया, धनराज झंवर, अरविंद सोनी, कैलाश राठी, दीनदयाल मूंदड़ा, नारायण प्रसाद गट्टानी, अशोक सोमानी, रमेश तापड़िया, बनवारी बिडला, रामेश्वर तापड़िया के अलावा 14 वें स्थान पर प्रभात चांडक और राजेश सोनी को बराबर 740 मत प्राप्त हुए है। जिसमें आपसी सहमति और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभात चांडक ने राजेश सोनी के पक्ष में कार्यकारिणी समिति सदस्य से अपना नाम वापस ले लिया। माहेश्वरी महिला समिति गुवाहाटी के आम चुनाव मैं वर्षा सोमानी ने 363 वोट लेकर अध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित की गई। चुनाव में इनके प्रतिद्वंदी के रूप में महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य सीता झंवर ने 250 मत हासिल किए। विजयी घोषणा होने के साथ ही चुनाव घोषणा स्थल अबीर एवं रंग के रंगों में रंग गया। समाज के सभी तबकों के लोगों ने वर्षा सोमानी को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं ने नृत्य कर सोमानी का अभिवादन किया। गौरतलब है कि वर्षा सोमानी गत कार्यकाल में युवा सचिव के रूप में अपने कर्मठता और कार्यकुशलता का परिचय दे चुकी है।

# पूसीरे और रेलटेल ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

**गुवाहाटी ( विभास )।** पूसीरे ने ट्रेन-हाथी टकराव को रोकने और आपदा शमन उपायों के लिए इंट्रुजन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) के कार्यान्वयन के लिए रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। पूसीरे वन्यजीव, विशेष रूप से हाथियों के पटरियों के पास पहुंचने से रोकने और उसका पता लगाने के लिए कई कदम उठा रहा है। महत्वपूर्ण खंडों में आईडीएस की स्थापना उनमें से एक है। समझौता ज्ञापन पर पूसीरे के मुख्य संचार अभियंता जीआर दास और रेलटेल के कार्यकारी निदेशक/पूर्वी क्षेत्र जाकिर सिद्दीकी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक/पूसीरे अंशुल गुप्ता और भारतीय रेलटेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक संजय कुमार भी उपस्थित थे। पूसीरे द्वारा पश्चिम बंगाल में अलीपुरद्वार मंडल के अधीन डुआर्स क्षेत्र के चालसा- हासिमारा खंड और असम में लामडिंग मंडल के अधीन लंका-हावाईपुर खंड में शुरू की गई आईडीएस पायलट परियोजना की 100त्न सफलता के बाद, अब यह प्रणाली धीरे-धीरे पूसीरे के अन्य सभी हाथी गलियारों में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रणाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है और मौजूदा ऑप्टिकल फाइबर द्वारा इलाकों में वन्यजीवों के आवागमन




की जानकारी हासिल कर नियंत्रण कार्यालयों, स्टेशन मास्टरों, गेटमैन और लोको पायलटों को अलर्ट प्रदान करेगा। यह ट्रैक पर हाथियों के सही वक्त पर मौजूदगी की जानकारी प्राप्त करने के लिए डायलिसिस प्रकीर्णन घटना के सिद्धांत पर कार्य करने वाली ध्वनि प्रणाली आधारित फाइबर ऑप्टिक का उपयोग करता है। एआई आधारित सॉफ्टवेयर 60 किमी के खंड तक असामान्य गतिविधियों की निगरानी कर सकता है। इसके अलावा आईडीएस रेल फ्रैक्चर का पता लगाने, रेलवे ट्रैक पर अतिक्रमण और रेल पटरियों के पास अनधिकृत खुदाई, पटरियों के पास भूस्खलन आदि के कारण आपदा शमन के संबंध में अलर्ट प्रदान करने में भी मदद करेगा। यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यह पायलट परियोजना अब तक रेलवे ट्रैक के पास पहुंचने वाले कई हाथियों की जान ट्रेनों की चपेट में आने से बचाने में बेहद सफल रही है।

# जापानी प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को जी-7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री किशिदा की यात्रा भारत और जापान के बीच आपसी सहयोग की गति को बनाए रखने में मददगार होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी आज की मुलाकात को विशेष बताते हुए कहा कि इस साल भारत जी-20 और जापान जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है। इस दौरान प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने का सबसे अच्छा अवसर है। मोदी ने कहा, आज जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मुझे जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया जो मई में हिरोशिमा में आयोजित किया जाएगा। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारा जुड़ाव हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करेगा और आपसी सहयोग को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मोदी ने कहा, मैं जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। पिछले एक साल में, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत-जापान द्विपक्षीय



संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है।

इसलिए आज उनकी यात्रा हमारे आपसी सहयोग की गति को बनाए रखने के लिए बहुत उपयोगी रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री किशिदा को हमारे जी-20 अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवाज देना हमारे जी-20 प्रेसीडेंसी का एक महत्वपूर्ण आधार है। वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखने वाली संस्कृति, सभी को एक साथ लाकर आगे बढ़ने में विश्वास करती है। इसलिए हमने यह पहल की है। उन्होंने कहा कि भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और 'कानून के शासन' पर आधारित है। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंध, रक्षा, व्यापार से लेकर डिजिटल साझेदारी तक, महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने भारत में जापानी निवेश के 3.20 लाख करोड़ रुपये सहित पहले जापान के साथ किए गए सौदों को याद किया और कहा कि इस दिशा में एक संतोषजनक वृद्धि देखी गई है।

# अमृता फडणवीस धमकी मामलाः आरोपित अनिल जयसिंघानी गुजरात से गिरफ्तार

**मुंबई, (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को धमकी देने के मामले में आरोपित बुकी अनिल जयसिंघानी को मुंबई पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। इस मामले में मालाबार पुलिस स्टेशन की टीम अनिल जयसिंघानी की बेटी अनिक्षा को गिरफ्तार कर चुकी है और वह पुलिस कस्टडी में है। पुलिस के अनुसार अनिक्षा जयसिंघानी ने अमृता फडणवीस से अनिल जयसिंघानी पर दर्ज मामलों को वापस लेने के लिए एक करोड़ रुपये रिश्वत की पेशकश की थी। इसे ठुकरा देने के बाद अनिक्षा और अनिल ने अमृता फडणवीस को धमकी दी थी। इसकी शिकायत अमृता



फडणवीस ने मालाबार पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने साइबर पुलिस व खबरियों की मदद से अनिल जयसिंघानी को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अनिल जयसिंघानी पर 15 मामले विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज हैं और वह पिछले सात साल से फरार था। पुलिस ने उसके साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी से अनिल के राजनीतिक कनेक्शन के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

# गुजरात में 20 नए एमओयू हुए, होगा 11,820 करोड़ रुपये का निवेश

**- विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित होने वाले इन उद्योगों से 16,100 लोगों को मिलेगा रोजगार**
**- आत्मनिर्भर गुजरात स्कीम्स फॉर असिस्टेंस टु इंडस्ट्रीज से अब तक 56 एमओयू**

**अहमदाबाद/गांधीनगर, (हि.स.)।** गांधीनगर में राज्य सरकार की ओर से सप्ताह के प्रथम दिवस सोमवार को 20 नए एमओयू किए गए। इससे राज्य में 11,820 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 16,100 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए आत्मनिर्भर गुजरात स्कीम्स फॉर आसिस्टेंस टु इंडस्ट्रीज के तहत अब तक राज्य में 56 एमओयू हुए हैं, जिनसे 79,375 करोड़ रुपये का निवेश का रास्ता खुला है। इसके जरिए 54,730 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत और वित्त-ऊर्जा मंत्री कनू देसाई की मौजूदगी में आज 20 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत स्थापित होने वाले उद्योगों में लिथियम-आयन बैटरी मटिरियल्स एंड एडवांस फार्मा



इन्टरमीडिएट, डेंस सोडा ऐश, फ्रूड प्रोसेसिंग, स्पेश्यलिटी केमिकल्स, एपीआई, फ्राइट एंड डूप्लेक्स पेपर-बोर्ड, पर्सनल केयर के लिए स्पेशयलिटी प्रोडक्ट आदि हैं। इन उद्योगों की स्थापना दहेज, सायखा, झगड़िया, सचिन, सरीगाम, अंकलेश्वर, द्वारका, धोलका और सादरा-कडी में की जाएगी। सभी औद्योगिक इकाइयां वर्ष 2025 तक व्यवसायिक उत्पादन शुरू करेंगी। अब तक गुजरात में उद्योगों की स्थापना के लिए जर्मनी, यूएसए, यूके, कुवैत, मलेशिया समेत अन्य कई देशों ने एमओयू किया है। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमल दयानी ने राज्य सरकार की ओर से और संबंधित औद्योगिक इकाइयों ने आपस में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्य सचिव राजकुमार, उद्योग आयुक्त राहुल गुप्ता, इन्डेक्शट-बी की एमडी ममता हिरपरा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब में मौहाल ठीक नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह की नशा मुक्ति यात्रा स्थगित की गई

**-अमृतसर से शुरू होकर पंजाब के 117 विधानसभा क्षेत्रों में जानी थी**

**जालंधर (ईएमएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनवरी में पंजाब रैली के रद्द होने के बाद अब मार्च में संभावित नशे के खिलाफ राज्य स्तरीय निकाली जाने वाली नशामुक्ति यात्रा भी स्थगित कर दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह की अगुवाई में नशा मुक्ति यात्रा अमृतसर से शुरू होकर पंजाब के 117 विधानसभा क्षेत्रों में जानी थी, जिसमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करवाकर उन्हें नशे की लत से बचाया जा सके। नशामुक्ति यात्रा को लेकर भाजपा के पंजाब प्रभारी विजय रुपाणी, प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, संगठन मंत्री श्रीनिवासुलू और सह-प्रभारी नरेंद्र सिंह रैना सहित प्रमुख नेताओं द्वारा बैठकें की जा रही थीं। मार्च महीने में ही यात्रा को शुरू करने की योजना थी। केवल तिथि की घोषणा ही बाकी थी सूत्रों का कहना है कि अब पंजाब में केंद्रीय मंत्री शाह की नशामुक्ति यात्रा को स्थगित किया है। इसके पीछे अमृतपाल प्रकरण को मुख्य कारण



माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इनदिनों पंजाब का माहौल ठीक नहीं है। अजनाला कांड के बाद पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल पर शिकंजा कसने की योजना शुरू कर दी थी। इनदिनों पंजाब सरकार, पुलिस प्रशासन और जनता का सारा ध्यान इस ज्वलंत मुद्दे पर है। भाजपा जालंधर में होने वाले लोकसभा उपचुनाव और नगर निगम चुनावों से पहले शाह के इस बड़े कार्यक्रम का आयोजन कर पंजाब सरकार की नाकामियों को जनता में ले जाना चाहती थी लेकिन अब ऐसा होता प्रतीत नहीं हो रहा है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश महामंत्री जीवन गुप्ता का कहना है कि नशा मुक्ति यात्रा के लिए प्रदेश टीम द्वारा एक रोड मैप तैयार किया गया था, इस अप्रूवल के लिए केंद्र को भेजा गया था। फिलहाल इसकी अप्रूवल नहीं आई है। केंद्रीय गृहमंत्री से समय मिलने के बाद ही यात्रा संबंधी तैयारी की जाएगी।

# दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत में जुटने लगे किसान

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान मोर्चा आज दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत आयोजित कर रहा है। इसके चलते यहां बड़ी संख्या में किसान देश भर से एकत्रित हो रहे हैं। किसान संगठनों के संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि यह महापंचायत सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी



बनाने को लेकर सरकार पर दबाव डालने के लिए है। महापंचायत के चलते रामलीला मैदान के आसपास ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया गया है।

# जानबूझकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है सत्ता पक्ष : कांग्रेस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सत्ता पक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सरकार विपक्ष के किसी सवाल का जवाब देना नहीं चाहती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व सदन के उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने सोमवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 13 मार्च से सत्तापक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सब पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा है। क्योंकि मोदी सरकार अडानी मुद्दे पर संवाद करना नहीं चाहती है। यह सरकार नहीं चाहती कि अडानी समूह पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच हो। तिवारी ने कहा कि समूचे विपक्ष की मांग है कि अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाए। क्योंकि अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगे हैं। यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा घोटाला है। इसलिए मामले की जांच जेपीसी से कराई जानी चाहिए। तिवारी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस घोटाले में मोदी सरकार शामिल है। अगर इसकी जांच जेपीसी से कराई गई तो भाजपा का नकाब उतर जाएगा और ऊपर से नीचे तक उन सभी का पदार्फाश हो जाएगा, जिन्होंने मध्यवर्ग और गरीबों का हक छीनकर अडानी की तिजोरी भरी है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि अडानी समूह पर बहुत गंभीर आरोप लगे हैं। लेकिन केन्द्र सरकार सदन में चर्चा तो दूर इस मुद्दे पर बातचीत तक करना नहीं चाहती है। यह पहली बार देखा जा रहा है कि इतना गंभीर घोटाला होने के बाद भी सरकार कोई बयान नहीं दे रही है। उल्लेखनीय है कि आज संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर में एकत्र हुए और सभी ने अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए जेपीसी के गठन को लेकर सहमति जताई। असल में हिंडनबर्ग ने बीते दिनों एक रिपोर्ट प्रकाशित कर अडानी समूह पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। हिंडनबर्ग का दावा है कि अडानी समूह ने खातों में हेराफेरी, शेयर की कीमतों को बढ़ाने के अलावा शेल कंपनियां बनाने का अनैतिक कार्य किए हैं। हालांकि अडानी समूह ने इन आरोपों से इनकार किया है।

# मुख्यमंत्री शिवराज ने वीरांगना अवंतिबाई लोधी को पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को वीरांगना अवंति बाई लोधी की पुण्यतिथि पर नमन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री चौहान ने उनके योगदान का स्मरण भी किया। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट संदेश के माध्यम से वीरांगना अवंतिबाई लोधी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा 1857 की क्रांति में रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार, वीरांगना रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं! मातृभूमि के गौरव व सम्मान के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाली वीरांगना की गौरवगाथा राष्ट्र सम्मान व सेवा हेतु सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देती रहेगी। रानी अवंतिबाई लोधी वर्ष 1857 की क्रांति में सक्रिय रही और रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार बनी। उन्होंने अंग्रेजों से निरंतर संघर्ष किया। उनके साहस के




आगे अंग्रेजों को झुकना पड़ा, जिससे मंडला और रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया। अंग्रेजों ने नागपुर से रामगढ़ की ओर सेनाएँ भेजी। अंग्रेजों की सेना के मुकाबले रानी अवंतिबाई की सेना काफी छोटी थी। अंग्रेज सेना ने मोर्चे पर डटी रानी अवंतिबाई को चारों ओर से घेर लिया। विवश रानी ने सीने में कटार भोंक कर जीवन त्याग दिया। उन्होंने अंग्रेजों के हाथों से मरने की जगह सम्मानजनक विकल्प चुना। रानी अवंतिबाई ने अपनी प्रजा की रक्षा के लिए बलिदान कर स्वतंत्रता प्राप्ति की ज्वाला को प्रज्ज्वलित करने का कार्य किया। केन्द्र सरकार ने 20 मार्च 1988 को वीरांगना रानी अवंतिबाई की स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया।

# लिव इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन की मांग सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की, अव्यवहारिक बताया

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इसे अव्यवहारिक बताया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह कैसी याचिका है? किसी भी तरह की याचिका दायर की जा रही है। हम ऐसी याचिकाओं पर जुर्माना लगाना शुरू कर देंगे। लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन कहां करेंगे। क्या केंद्र सरकार रजिस्ट्रेशन करेगी। केंद्र स-



रकार का लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों से क्या लेना-देना? वकील ममता रानी ने दायर की गई याचिका में श्रद्धा वालकर और निक्की यादव हत्याकांड का हवाला दिया था। याचिका में कहा गया था कि गोपनीय तरीके से चल रहे ऐसे संबंध लगातार जघन्य अपराध की वजह बन रहे हैं।

# राष्ट्रपति भवन में शनिवार से 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह का समय बदला

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) का समारोह 25 मार्च से नौ के बजाय आठ बजे से होगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन समारोह इस शनिवार (25 मार्च) से सुबह 9 से 10 बजे के बजाय 8 से 9 बजे तक होगा। राष्ट्रपति भवन के प्रांगढ़ में गार्ड परिवर्तन का यह समारोह सप्ताह में



एक बार प्रत्येक शनिवार को आयोजित किया जाता है। इसके तहत नये समूह को राष्ट्रपति के अंगरक्षक का कार्यभार सौंपा जाता है। एक घंटे तक चलने वाला कार्यक्रम आम लोगों के लिए खुला रहता है।

# एयरोस्पेस उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देने का आ गया समय : सिंधिया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश के विमानन क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाओं के मद्देनजर भारत को विमानन क्षेत्र के उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। पिछले छह साल में यात्रियों की संख्या करीब दोगुनी हो गई है। हम दुनिया में नागरिक उड्डयन बाजार में तीसरे स्थान पर हैं। हमने देश में पिछले 9 साल में एयरपोर्ट की संख्या बढ़ाकर दोगुनी की है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात कही है। नागर विमानन मंत्री ने सोमवार को विमानन क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी सीएपीए द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि अब समय आ गया है कि हमें भारत में एयरोस्पेस उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ रहा है। भारत में विनिर्माण शुरू



करने के लिए यह पूरी तरह से उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि अगले पांच से सात वर्ष में घरेलू विमानन कंपनियों के पास कुल 2,000 विमानों का बेड़ा होगा। सिंधिया ने कहा कि 2030 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए परिवेश को बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस साल के अंत तक 15 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की स्थापना होने का अनुमान है, जिसके साथ इनकी संख्या बढ़कर 50 पर पहुंच जाएगी। ड्रोन क्षेत्र की वृद्धि के बारे में सिंधिया ने कहा कि 2030 तक यह तीन लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2.5 लाख रोजगारों का सृजन करेगा।

# वन रैंक वन पेंशनः सुप्रीम कोर्ट का किश्तों में बकाया पेंशन भुगतान का आदेश

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को वन रैंक वन पेंशन के तहत पूर्व सैनिकों की बकाया पेंशन का भुगतान किश्तों में करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने फैमिली पेंशन और वीरता पुरस्कार वाले 6 लाख लोगों को 30 अप्रैल और 70 साल से अधिक उम्र वाले 4 लाख लोगों को 30 जून और बाकी लगभग 11 लाख लोगों को तीन बराबर किश्तों में 31 अगस्त तथा 30 नवंबर, 2023 और 28 फरवरी, 2024 तक बकाया पेंशन के भुगतान का आदेश दिया है। 27 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि वन रैंक वन पेंशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना होगा। कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय में पेंशन मामलों के सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि कोर्ट के आदेश के बावजूद पेंशन किश्तों में देने का फैसला क्यों लिया गया। अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो हम अवमानना नोटिस जारी कर देंगे। चीफ जस्टिस ने साफ



कहा था कि अदालती प्रक्रिया की शुचिता बनी रहनी चाहिए । यह युद्ध नहीं बल्कि कानून के शासन की बात है। आप अपना घर व्यवस्थित करें। दरअसल, 20 जनवरी को रक्षा सचिव ने एक नोटिफिकेशन जारी कर कहा था कि वो वन रैंक वन पेंशन के तहत पेंशन को चार किश्तों में देंगे। हालांकि 9 जनवरी, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को कहा था कि 15 मार्च तक सभी को भुगतान किया जाए। 9 जनवरी को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि वन रैंक वन पेंशन के उसके पहले आदेश के मुताबिक सभी पेंशनर्स को एरियर का भुगतान किया जाए। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि केंद्र सरकार जल्द ही पेंशन का एरियर जारी करेगी। अटार्नी जनरल ने कहा था कि वे इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देख रहे हैं। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार करीब 25 लाख पेंशनर्स के एरियर की गणना कर रही है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील हुफेजा अहमदी ने कोर्ट को बताया था कि करीब चार लाख पेंशनर्स की इस इंतजार में मौत हो गई कि उनके पेंशन का एरियर मिलेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च, 2022 को सेना में वन रैंक वन पेंशन पर मुहर लगा दी थी। याचिका इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि संसद में वादा करने के बावजूद वन रैंक वन पेंशन का वादा पूरा नहीं किया गया।

# मौत के बाद भी उसके नाम से राशन और पेंशन लेने वालों की शामत

**-मौत के बाद आधार निक्रिष्य हो जाएगा**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में इस तरह के कई मामले सामने आए हैं, जिसमें व्यक्ति की मौत के बाद भी परिवार वाले उसके नाम पर राशन और पेंशन सहित दूसरी सुविधाएं लेते रहते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है। आधार जारी करने वाली संस्था यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया इसका पक्का इंतजाम करने जा रही हैं। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया देश में जन्म और मृत्यु का रिकॉर्ड रखने वाली संस्था है। दोनों संस्थाएं एक मैकेनिज्म पर काम कर रही हैं। इसमें मृत्यु प्रमाणपत्र जारी होते ही आधार निक्रिष्य हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस मैकेनिज्म के तहत संबंधित एजेंसी के डेथ सर्टिफिकेट जारी करते ही मृतक के परिवार के पास इसकी जानकारी भेजी जाएगी और उनकी सहमति के बाद आधार नंबर निक्रिष्य कर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया



कि इस मैकेनिज्म को लागू करने के लिए राज्य सरकारों से भी बातचीत की जा रही है। डेथ सर्टिफिकेट बनाने के लिए परिवार वालों को मृतक का आधार नंबर देना होगा। यूआईडीएआई ने बर्थ सर्टिफिकेट जारी करते समय आधार अलॉट करने की योजना शुरू कर दी है। अब तक 20 राज्य इस सिस्टम को लागू कर चुके हैं। दूसरे राज्यों के भी आने वाले दिनों में इस योजना की शुरू करने की संभावना है। ये सुविधाएं आधार 2.0 का हिस्सा हैं। आधार 2.0 के तहत सरकार इसकी क्रेडिबिलिटी बढ़ाने के साथ-साथ नए फीचर ला रही है। यूआईडीएआई ने एक महत्वाकांक्षी अपडेशन एक्सरसाइज शुरू की है। जिन लोगों को 10 साल पहले आधार कार्ड जारी किए गए हैं, उनसे अपने रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए कहा जा रहा है। इस बारे में अब तक सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है लेकिन अनुमानों के मुताबिक तीन करोड़ से अधिक लोग अपना आधार अपडेट करा चुके हैं। आधार का इस्तेमाल का दायरा बढ़ता जा रहा है। हेल्थ रिकॉर्ड से लेकर इनकम टैक्स और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए इसका यूज हो रहा है। सरकार एक ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती है जिसमें आधार की डिटेल में बदलाव होने के साथ ही सारा रिकॉर्ड अपने आप अपडेट हो जाए।

## संपादकीय

# महंगाई भरे दिन बीते न भैया

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान से गहरा सुकून मिला था, लेकिन बहुत जल्द ही वह खंड-खंड होकर बिखर गया। गवर्नर दास ने दावा किया था कि महंगाई का दौर बहुत पीछे छूट गया है। महंगाई अतीत हो चुकी है। हम महंगाई के प्रभावों से अब उबर रहे हैं। उन्होंने यह दावा तब किया, जब आकलन किए जा रहे हैं कि वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान खुदरा महंगाई दर 6.8 फीसदी, थोक की दर 11.5 फीसदी और फूड की महंगाई दर 7 फीसदी से अधिक होने के अनुमान हैं। संभावित महंगाई की दर उस लक्ष्मण-रेखा के पार लगती है, जो भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने तय कर रखी है। यह लक्ष्मण-रेखा 6 फीसदी की है। अर्थात महंगाई की दर इससे ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन रिकॉर्ड स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि बीते 15 माह के दौरान महंगाई ने कमोबेश 13 बार लक्ष्मण-रेखा को लांघा है। अलबत्ता फरवरी, 2023 में भी खाद्य महंगाई दर करीब 5.95 फीसदी थी और खुदरा दर 6.44 फीसदी रही। शायद आम आदमी इन प्रतिशतों को नहीं जानता होगा, लिहाजा मोटे तौर पर स्पष्ट कर दें कि महंगाई अब भी मौजूद है। बल्कि तय लक्ष्मण-रेखा के बाहर ही है, लिहाजा 'चरम' पर है। बेशक केंद्रीय मंत्री और सत्ता-पक्ष के प्रवक्ता अब भी कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में छिप कर दलीलें देते रहे हैं, लेकिन 'महंगाई भरे दिन बीते न भैया...' की तर्ज पर एक पुराना गीत लोगों के लबों पर है। दुर्भाग्य यह है कि महंगाई का मुद्दा कभी भी 'राष्ट्रीय' नहीं बन सका, लेकिन 'राष्ट्रवाद' का ढोल कहीं भी पीटा जा सकता है। रोजमर्रा के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो जाएगा कि महंगाई कितने छद्म तरीके से हमें प्रभावित कर रही है। बिस्कुट का 5 रुपए वाले पैकेट का वजन 80 ग्राम होता था, जिसे घटाकर 52 ग्राम कर दिया गया है। चाय की पत्ती का जो 250 ग्राम वाला पैकेट 60 रुपए में मिलता था, उसे घटा कर 200 ग्राम कर दिया गया है। नमकीन का 10 रुपए वाला पैकेट 60 ग्राम से घटा कर 42 ग्राम कर दिया गया है। बेशक ये छोटे-छोटे खर्च हैं, जो आम आदमी को उतने नहीं चुभते होंगे, लेकिन आटा, चावल, दाल, चीनी, सरसों का तेल, मसाला, मांस-मछली, अंडा, दुग्ध उत्पाद, अनाज और सबसे अधिक रसोई गैस का सिलेंडर आदि लगातार महंगे होते रहे हैं, नतीजतन औसत घर का बजट भी डांवाडोल हुआ होगा! राजधानी दिल्ली में गैस का सिलेंडर 1103 रुपए का बिक रहा है। यह स्थिति तब है, जब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाज़ार में दाम 72 डॉलर प्रति बैरल है। यह कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल से लुढक़ कर आई है, लेकिन आम आदमी के लिए पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम यथावत हैं। बीते 10 माह से दाम न तो बढ़े और न ही कम किए गए हैं। सवाल है कि जब कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है, तो उसका फायदा आम उपभोक्ता को क्यों नहीं दिया जा रहा है? तेल ही महंगाई का प्रमुख, बुनियादी कारक है। सरकार को सवाल करें, तो उनका जवाब होता है कि तेल कंपनियां और बाज़ार ही दाम तय करते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि यदि विपक्ष सहमत है, तो तेल को भी जीएसटी के दायरे में लाने को सरकार तैयार है। उससे भी तेल के दाम कम होंगे। सवाल यह है कि रिजर्व बैंक के गवर्नर का महंगाई संबंधी दावा किन आधारों और डाटा पर आधारित है? बेशक केंद्रीय बैंक के साथ बड़े और विशेषज्ञ अर्थशास्त्री जुड़े हैं। जाहिर है कि देश की अर्थव्यवस्था को वे आम आदमी की तुलना में बेहतर ढंग से जानते हैं, लेकिन हकीकत तो कुछ और ही है। मान लेते हैं कि देश में औसत आय भी बढ़ी है, लेकिन करोड़ों लोग आज भी ऐसे हैं, जो रोज़ाना के 32 रुपए से ज्यादा खर्च करने में असमर्थ हैं। विशेषज्ञ आशंकाएं जताने लगे हैं कि महंगाई ही नहीं, शीघ्र ही मंदी की मार भी हमें झेलने को तैयार रहना चाहिए! क्या सरकार यह सब कुछ देख-सुन रही है? गरीब वर्ग को सस्ते दाम पर सरकारी राशन दिया जा रहा है। मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेलने के लिए विवश है। उसे किसी तरह की सहायता नहीं दी जाती। इस तरह मध्यम वर्ग महंगाई से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। आगामी लोकसभा चुनाव मात्र एक साल दूर हैं। अगर भाजपा को फिर से सत्ता हासिल करनी है, तो महंगाई पर अंकुश लगाना होगा, अन्यथा जनता एनडीए के खिलाफ भी जा सकती है।

> वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान खुदरा महंगाई दर 6.8 फीसदी, थोक की दर 11.5 फीसदी और फूड की महंगाई दर 7 फीसदी से अधकि होने के अनुमान हैं। संभावित महंगाई की दर उस लक्ष्मण-रेखा के पार लगती है, जो भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने तय कर रखी है। यह लक्ष्मण-रेखा 6 फीसदी की है। अर्थात महंगाई की दर इससे ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन रिकॉर्ड स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि बीते 15 माह के दौरान महंगाई ने कमोबेश 13 बार लक्ष्मण-रेखा को लांघा है। अलबत्ता फरवरी, 2023 में भी खाद्य महंगाई दर करीब 5.95 फीसदी थी और खुदरा दर 6.44 फीसदी रही। शायद आम आदमी इन प्रतिशतों को नहीं जानता होगा, लिहाजा मोटे तौर पर स्पष्ट कर दें कि महंगाई अब भी मौजूद है। बल्कि तय लक्ष्मण-रेखा के बाहर ही है, लिहाजा 'चरम' पर है। बेशक केंद्रीय मंत्री और सत्ता-पक्ष के प्रवक्ता अब भी कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में छिप कर दलीलें देते रहे हैं, लेकिन 'महंगाई भरे दिन बीते न भैया...' की तर्ज पर एक पुराना गीत लोगों के लबों पर है।

## कुछ अलग

# कितने कदम आगे

अपने पहले बजट की छाप और तान छेड़ कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खुद को एक अलग पैमाने पर रख दिया है और इसीलिए तमाम विश्लेषणों में कहीं न कहीं तो यह पूछा जाने लगा है कि वह कितने भिन्न और कितना आगे हो सकते हैं। एक ऐसा प्रदेश जिसके आर्थिक संसाधन कमजोर हों, वहां बजट की 'गुड स्टोरी' लिखना आसान नहीं है। जहां सामाजिक अपेक्षाएं निरंतर मांग करती हों या जहां सार्वजनिक ढांचे में पलती कार्य संस्कृति को केवल वेतन और भत्तों से मतलब हो, वहां निजी क्षेत्र या व्यापार को आसरा दे पाना आसान नहीं। जहां नौकरी का अर्थ ही सरकारी पगार पाना हो, वहां शिक्षा से स्वरोजगार, नवाचार, व्यापार और प्राइवेट नौकरी के लिए माहौल बनाना कठिन रिवायत है। आम हिमाचली बजट में केवल सत्ता का स्पर्श और सौहार्द चाहता है, इसलिए आत्मनिर्भरता, वित्तीय अनुशासन, निजी निवेश और अतिरिक्त आय के लिए कर उगाही जैसे मजमून गौण होते रहे हैं। किसी ने आज तक यह नहीं पूछा कि हर साल राज्य की बढ़ती उधारी का सदुपयोग क्यों नहीं हो रहा। किसी ने यह नहीं कहा कि अगर राज्य में तमाम तरह के साढ़े चार लाख सरकारी कर्मचारी व पेंशनर्स के मुकाबले निजी क्षेत्र में काम, व्यापार या स्वरोजगार प्राप्त कर रहे पच्चीस लाख लोगों की सुध ली जाए, तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति का वास्तविक चित्रण हो जाएगा। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयत्न में जन सहयोग से जनसमर्थन की दरकार को आज तक समझा ही नहीं गया, नतीजतन इस बार भी बजट की नर्मी में कर उगाही के कई खाते खामोश हैं। नागरिक सुविधाओं और जीवनशैली में आ रहे परिवर्तन को सरकार तभी दिशा दे सकती है, जब स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर होंगे या ऐसे फैसले स्वयं ले सकेंगे। भले ही सरकार ने स्थानीय निकायों के तमाम पदाधिकारियों का मानदेय बढ़ा कर सम्माननीय स्तर पर पहुंचा दिया, लेकिन गांव से शहर तक की व्यवस्था में इतनी तो वित्तीय क्षमता पैदा की जाए कि आय-व्यय का हिसाब कुछ तो संतुलन पैदा करे। सुक्खू के फैसलों का आश्चर्य बोध यूं तो अडानी सीमेंट विवाद, कर्मचारी चयन आयोग को निरस्त करने तथा मंत्रिमंडल की अपनी रूपरेखा निर्धारित करने में रहा, लेकिन बजट में सुर्खियां इतनी भी सख्त न थीं। सुक्खू का बजट बेशक उन्हें अलग कतार में खड़ा कर देता है, लेकिन उनकी दृढ़ता व स्पष्टता से अभिभूत जनता को भी हैरानी हुई है कि कहीं कोई कर बढ़ा नहीं। लोग चाहते हैं कि कुछ तो बजट के हक में समर्थन किया जाए ताकि राज्य की फिजूलखर्ची रुके और उनके सहयोग से आय बढ़े।

> प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयत्न में जन सहयोग से जनसमर्थन की दरकार को आज तक समझा ही नहीं गया, नतीजतन इस बार भी बजट की नर्मी में कर उगाही के कई खाते खामोश हैं। नागरिक सुविधाओं और जीवनशैली में आ रहे परिवर्तन को सरकार तभी दिशा दे सकती है, जब स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर होंगे या ऐसे फैसले स्वयं ले सकेंगे। भले ही सरकार ने स्थानीय निकायों के तमाम पदाधकिारियों का मानदेय बढ़ा कर सम्माननीय स्तर पर पहुंचा दिया।

## राज्य सरकार के मुताबिक अब तक 38 हजार 175 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए

# निवेशकों को लुभाने का नया परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

> नि:संदेह पूरी दुनिया अचंभित होकर देख रही है कि भारत के विभिन्न प्रदेश निवेश आकर्षित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने-अपने प्रदेशों में उद्योगीकरण, विकास और रोजगार के लिए देशी-विदेशी निवेश का ढेर लगा रहे हैं। हाल ही में 23-24 फरवरी को पंजाब के मोहाली में दो दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इसमें शामिल होने देश-विदेश के करीब 3000 उद्यमी पहुंचे। नौ सत्रों की इन्वेस्टर्स मीट में यूके-जापान के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। पंजाब में आप सरकार बनने के बाद यह पहला निवेशक सम्मेलन था।जर्मनी, जापान, यूके और सउदी अरब जैसे कई देशों से करीब 230 प्रतिनिधिइस समिट में शिरकत करने आए। खास बात यह भी रही कि विदेश से करीब 1951 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले।

इस समय जब पूरी दुनिया में वैश्विक सुस्ती का दौर है और दुनिया के विभिन्न देशों में देशी-विदेशी निवेश घट रहे हैं, तब भारत में विभिन्न राज्यों में आयोजित निवेशक सम्मेलनों के माध्यम से देशी-विदेशी निवेश छलांगे लगाकर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। निःसंदेह पूरी दुनिया अचंभित होकर देख रही है कि भारत के विभिन्न प्रदेश निवेश आकर्षित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने-अपने प्रदेशों में उद्योगीकरण, विकास और रोजगार के लिए देशी-विदेशी निवेश का ढेर लगा रहे हैं। हाल ही में 23-24 फरवरी को पंजाब के मोहाली में दो दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इसमें शामिल होने देश-विदेश के करीब 3000 उद्यमी पहुंचे। नौ सत्रों की इन्वेस्टर्स मीट में यूके-जापान के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। पंजाब में आप सरकार बनने के बाद यह पहला निवेशक सम्मेलन था। जर्मनी, जापान, यूके और सउदी अरब जैसे कई देशों से करीब 230 प्रतिनिधि इस समिट में शिरकत करने आए। खास बात यह भी रही कि विदेश से करीब 1951 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। जापान की कंपनी टोक्कन पैकेजिंग क्षेत्र में 548 करोड़ का निवेश करेगी। स्विटजरलैंड की नेस्ले खाद्य प्रसंस्करण में 423 करोड़, जापान की आइची स्टील 342 करोड़, जर्मनी की विब्राकॉस्टिक्स 338 करोड़ और यूके की एचयूएल 281 करोड़ के प्रस्ताव दिए हैं। राज्य सरकार के मुताबिक अब तक 38 हजार 175 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से राज्य में 2.43 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री भगतवंत मान ने समिट में पंजाब को सबसे पसंदीदा स्थान के रूप में उभारने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्स्टाइल, एग्रो इंडस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग तथा विभिन्न तकनीकी उद्योगों के लिए बड़े निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे पंजाब में उद्योगीकरण बढ़ेगा और रोजगार बढ़ेंगे। गौरतलब है कि प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट के पहले 10 फरवरी से 12 फरवरी तक उत्तरप्रदेश में तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक समिट-यूपीजीआईएस के तहत निवेशकों से प्राप्त प्रस्तावों और आयोजन की सफलता अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए दिखाई दी है। इस वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 10 पार्टनर देशों के तौर पर ब्रिटेन, नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, जापान, इटली,



दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया, यूएई और मारीशस से निवेशकों व उद्यमियों के बड़े दल ने भाग लिया। इसके अलावा 30 अन्य देशों के निवेशक भी बड़ी संख्या में आये। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन के तहत करीब 17 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था लेकिन स्थिति यह है कि निवेशक समिट के दौरान ही लक्ष्य से कहीं ज्यादा 33.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस दौरान करीब 17000 समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इस निवेश के चलते प्रदेश के 93 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) सेक्टर में सबसे ज्यादा रोजगार इसी क्षेत्र के जरिए ही पैदा होने वाला है। यदि हम यूपीजीआईएस के तहत आए प्रस्तावों को देखें तो पाते हैं कि प्रदेश में सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव ऊर्जा व शिक्षा क्षेत्र में मिले हैं। शिक्षा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव आए हैं। प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय व कालेज के साथ ही अन्य तरह के शिक्षा संस्थान खोलने के लिए कई प्रस्ताव मिले हैं। वहीं आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के तहत बड़े निवेश के लिए प्रस्ताव मिले हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के साथ-साथ वैकल्पिक एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा विभाग को भी तय लक्ष्य से कई गुना के प्रभावी निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस बार के निवेशक सम्मलेन में प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश आया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश व दुनिया के करीब 25000 लोगों ने इस वैश्विक निवेशक सम्मलेन में भाग लिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जहां 11 और 12 जनवरी को इंदौर में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मलेन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के तहत 15.42 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस निवेशक सम्मलेन में 68 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके पहले नवंबर 2022 में कर्नाटक वैश्विक निवेशक सम्मलेन में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश के विभिन्न प्रदेशों में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के माध्यम से विभिन्न देशों के विदेशी निवेशक भारत में तेजी से अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। भारत में निवेश का मतलब लोकतंत्र और विश्व के लिए निवेश है। यद्यपि यह दुनिया के लिए आर्थिक संकट और युद्ध की परिस्थितियों से जूझने का समय है, लेकिन दुनियाभर के अर्थ विशेषज्ञ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए भारत को चमकता हुआ देश बता रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2021-22 में भारत के रिकॉर्ड स्तर पर 84 अरब डॉलर का विदेशी निवेश मिला था। सचमुच जब पूरी दुनिया में आर्थिक और वित्तीय मंदी का माहौल है, विश्व की अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट है, इसके बावजूद विदेशी निवेशकों के द्वारा भारत को एफडीआई के लिए प्राथमिकता देना भारत के लिए गर्व और आगे बढने का आधार है। निःसंदेह देश में विदेशी निवेश के लिए आकर्षक पारदर्शी व स्थाई नीति है। देश में विदेशी निवेश के लिए रेड कार्पेट बिछाकर विदेशी निवेशकों को हर संभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दुनिया का मानना है कि भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। दुनिया के कई दूसरे देशों की तुलना में भारत में निवेश पर बेहतर रिटर्न हैं। भारतीय बाजार बढ़ती डिमांड वाला बाजार है। भारत का स्टॉक एक्सचेंज फरवरी 2023 में दुनिया के पांच सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंजों में चमकते हुए दिखाई दे रहा है। दुनिया के विदेशी मुद्रा भंडारों के मद्देनजर भारत के पास चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत की विकास दर 6 फीसदी से अधिक के स्तर पर होते हुए दुनिया की सबसे अधिक विकास दर है। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढने लगा है। वस्तुतः भारतीय घरेलू बाजार और अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक फरवरी को प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के रणनीतिक और दूरदर्शी बजट के बाद भारत के विभिन्न राज्यों में विदेशी निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

# पारंपरिक बीज संरक्षण को प्रोत्साहन मिले

> राज्य में पैदा होने वाले औषधीय गुणों से भरपूर कई पारंपरिक गुणवत्तायुक्त उत्पाद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर उपभोक्ताओं को आकर्षित करते हैं। काला जीरा, चुली तेल व कांगड़ा चाय सहित प्रदेश के कई अन्य उत्पादों को 'ज्योग्राफिकल इंडिकेशन' मिल चुका है। पारंपरिक फसल पद्धति को पुनर्जीवित रखने के सराहनीय प्रयासों के लिए इसी वर्ष देश के गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के अनुभवी कृषक नेक राम को भारत सरकार ने 'पद्म श्री' नागरिक सम्मान से नवाजा है।आज भी देश में करोड़ों किसान परिवारों की आजीविका खेती से जुड़े पुश्तैनी व्यवसाय पर मुन्नसर करती है। नि:संदेह कृषि क्षेत्र में रासायनिक खादों के उपयोग से खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज हुई, मगर रसायनों के अंधाधुंध प्रलचन से कृषि भूमि की सेहत दुष्प्रभावित हुई। नतीजतन खेती की उपजाऊ क्षमता व लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ा। यदि मौजूदा दौर में किसानों का खेत-खलिहान के प्रति बेरुखी का नजरिया पैदा हुआ है।

अपनी मातृभूमि से जमीनी स्तर व जज्बाती तौर पर जुडने का माध्यम कृषि व्यवसाय है। कृषि के पुश्तैनी व्यवसाय के सबसे बड़े प्रतिनिधि किसान हैं। बेशक कृषि क्षेत्र व कृषक समाज की जरूरतों को समझने के लिए केन्द्र व राज्यों में कृषि मंत्रालय स्थापित हैं। देश में कृषि व बागवानी से जुड़े विभागों में हजारों सरकारी अहलकार कई पदों पर विराजमान हैं मगर कृषि क्षेत्र का जमीनी अनुभव देश की करोड़ों आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले मेहनतकश अन्नदाताओं के पास ही है। हिमाचल प्रदेश अपने शक्तिपीठों व पर्यटन स्थलों के साथ पारंपरिक अनाजों के लिए भी विख्यात है। राज्य में पैदा होने वाले औषधीय गुणों से भरपूर कई पारंपरिक गुणवत्तायुक्त उत्पाद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर उपभोक्ताओं को आकर्षित करते हैं। काला जीरा, चुली तेल व कांगड़ा चाय सहित प्रदेश के कई अन्य उत्पादों को 'ज्योग्राफिकल इंडिकेशन' मिल चुका है। पारंपरिक फसल पद्धति को पुनर्जीवित रखने के सराहनीय प्रयासों के लिए इसी वर्ष देश के गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के अनुभवी कृषक नेक राम को भारत सरकार ने 'पद्म श्री' नागरिक सम्मान से नवाजा है। आज भी देश में करोड़ों किसान परिवारों की आजीविका खेती से जुड़े पुश्तैनी व्यवसाय पर मुन्नसर करती है। निःसंदेह कृषि क्षेत्र में रासायनिक खादों के उपयोग से खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज हुई, मगर रसायनों के अंधाधुंध प्रलचन से कृषि भूमि की सेहत दुष्प्रभावित हुई। नतीजतन खेती की उपजाऊ क्षमता व लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ा। यदि मौजूदा दौर में किसानों का खेत-खलिहान के प्रति बेररुखी का नजरिया पैदा हुआ है। खेत खरपतवार की चपेट में आकर वीरानगी की जद में जा रहे हैं। बेसहारा पशुओं के कहर से काश्तकारी जटिल व घाटे का सौदा साबित हो रही है तो इसका मुख्य कारण महंगी रासायनिक खादें, महंगे कीटनाशक, महंगे कृषि उपकरण व महंगे हाईब्रिड बीज तथा डिपुओं में मिलने वाला सरकारी राशन है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि सैकड़ों बहुराष्ट्रीय बीज कंपनियां अपने महंगे बीजों के साथ देश के बाजारों में मजबूत पकड़ से काबिज हो चुकी हैं। यह प्रचलन सुनहरे अतीत वाले पारंपरिक बीजों व पारंपरिक खाद्यान्नों तथा स्वस्थ जीवनशैली पर संकट साबित हो रहा है। देश के बाजारों में बहुराष्ट्रीय बीज कंपनियों के दस्तक देने के बाद कृषि अर्थव्यवस्था को गुलजार करने वाले कृषि क्षेत्र के परोधा किसानों की आर्थिकी कमजोर हुई। कई कृषि विशेषज्ञ जीएम बीजों पर एक मुद्दत से मुखालफत का इजहार करके पारंपरिक कृषि बीजों के वजूद को बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। कृषि क्षेत्र में दरपेश आ रही इन समस्याओं पर एक रायशुमारी की जरूरत है। जिन पारंपरिक खाद्यान्नों की लज्जत से पहाड़ महक उठते थे वो पारंपरिक फसलें पहाड़ के खेतों से रुखसत होने की कगार पर हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में उगाए जाने वाले 'चिन्नौर' प्रजाति के चावल को 'जीआई' टैग मिला है। मगर हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला का 'बायला ब्राउन बासमती' चावल तथा रोहडू क्षेत्र के द्दोहारटू घाटी का 'लाल चावल' अपने अनूठे स्वाद व पौष्टिक गुणों के लिए प्रसिद्ध है। लाल चावल की खेती के संरक्षण के लिए रोहडू उपमंडल के किसानों को सन् 2021 में राष्ट्रपति ने सम्मानित किया था। चंबा के भांदल कस्बे के किसानों को सदियों पुरानी दुर्लभ सफेद मक्का के संरक्षण के लिए भारत सरकार ने सन्-2019 में राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा था। सूबे की सियासी कयादत को हिमाचल के इन पारंपरिक फसल उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने के लिए 'जीआई' टैग प्रदान करने की कवायद तेज करनी होगी। कृषि व कृषकों के विकास के लिए सरकारों ने कई योजनाएं चलाई हैं। कृषि व्यवसाय पर युवाओं को किताबी ज्ञान देने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना भी हो चुकी है। मगर बेरोजगारी के सैलाब के आगे कृषि विश्वविद्यालयों से निकलने वाले उच्च शिक्षित युवा धरातल पर खेती के व्यवसाय से जुडने में असमर्थ हैं। लेकिन यहां देश की पारंपरिक कृषि प्रणाली के सदंर्भ में एक दिलचस्प किस्सा शेयर करना चाहेंगे। भारतीय किसानों को रासायनिक खेती के तौर तरीके सिखाने के लिए बर्तानिया बादशाही ने सन्-1905 में ब्रिटिश कृषि वैज्ञानिक 'अल्बर्ट हावर्ड' को भारत भेजा था, मगर भारत की पारंपरिक कृषि पद्धति व देशी खाद्यान्नों के जायके ने ब्रिटिश कृषि वैज्ञानिक के इरादे इस कद्दर तब्दील कर दिए थे कि अल्बर्ट भारतीय किसानों को खुद का मुर्शिद मान बैठे। अल्बर्ट हावर्ड ने करीब डेढ़ दशक तक भारत की पारंपरिक खेती का ज्ञान हासिल करके उस पर वैज्ञानिक शोध किया। रासायनिक खेती का शौक त्याग कर अल्बर्ट भारत की पारंपरिक खेती के प्रबल समर्थक बन गए थे। सन्-1931 में ब्रिटेन वापिस जाने के बाद अल्बर्ट भारत की पुरातन कृषि पद्धति के तर्जुमान बन गए तथा अपने लेखों के जरिए दुनिया को भारत की पारंपरिक खेती, देशी खाद्यान्नों व पारंपरिक बीजों की अहमियत का मशविरा देते रहे। अल्बर्ट हावर्ड ने सन्-1940 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'एन एग्रीकल्चर टेस्टामेंट' के माध्यम से भारतीय युवाओं को आगाह किया था कि पारंपरिक खेती एक वसीयत है जो मैं तुम्हें सौंप रहा हूं। जाहिर है विश्व को पारंपरिक खेती का फलसफा प्रदान करने में भी भारत का अहम किरदार रहा है। कृषि भूमि में रसायनों के पक्षधरों तथा कृषि अदारों के उच्च पदों पर आसीन अहलकारों को अल्बर्ट हावर्ड की पुस्तक से सीख लेनी चाहिए। बहरहाल खेती को किफायती बनाने तथा किसानों व कृषि भूमि की हालत दुरुस्त करने के लिए पारंपरिक बीजों को तरजीह देकर पशुधन आधारित पारंपरिक कृषि मॉडल को प्रोत्साहन देना होगा। 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प साकार करने के लिए पहाड़ की धरोहर पारंपरिक बीजों को कृषि बीज केंद्रों व बाजारों में उतारने की योजना को अमल में लाना होगा, ताकि दूसरे राज्यों से आयात होने वाले महंगे बीजों पर किसानों की निर्भरता कम हो। पहाड़ की खेती के बुनियादी दस्तूर को समेटे पुरखों की विरासत पारंपरिक कृषि पद्धति का अस्तित्व बचाने के लिए पारंपरिक बीजों का वजूद बचाना होगा।



## नागरिक बोध

# सतत विकास की सार्थकता है स्वच्छ जल

जल प्रकृति द्वारा मानवता के लिए एक अनमोल उपहार है। तभी तो कहा गया है प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी मानवता है। ऋग्वेद (18:82:6) में वर्णित है कि जल में सभी तत्वों का समावेश है। जल में सभी देवताओं का वास है। जल से पूरी सृष्टि, सभी चर और अचर जगत पैदा हुआ है। मानव शरीर में लगभग 65-80 प्रतिशत पानी होता है। इससे साबित होता है कि मानव जीवन बिना शुद्ध जल के संभव नहीं है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी जमीन के नीचे पाया जाता है। पृथ्वी की सतह पर पाए जाने वाले पानी का 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो कि पीने के काम में नहीं आता है केवल 3 प्रतिशत पानी पीने लायक है। इसके बावजूद विश्व के विभिन्न भागों से जल की कमी और दूषित जल की खबरें मिलना सामान्य बात है। पानी का रासायनिक संदूषण मुख्य रूप से फ्लोराइड और आर्सेनिक के माध्यम से 1.16 मिलियन आवासों में मौजूद है। इसके अलावा, भारत के 797 जिलों में से दो-तिहाई पानी की कमी से प्रभावित हैं, और पानी की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए योजना की मौजूदा कमी एक बड़ी चिंता है। जल संरक्षण, संवर्धन और उसके उचित प्रबंधन में सतत विकास लक्ष्य 6 अहम भूमिका अदा करेगा। सतत विकास लक्ष्य में कुल 17 लक्ष्य हैं जिसमे की छठवें लक्ष्य का उद्देश्य साफ़ पानी और स्वच्छता है अर्थात सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता की उपलब्धता व उसका टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना है। स्वच्छ पानी, स्वच्छता और उसका प्रबंधन ही जल संरक्षण को गति प्रदान करेगा। विश्व में अनुमानित 77.1 करोड़ लोगों के पास अभी भी एक बुनियादी स्तर की जल की उपलब्धता का अभाव है। सतत विकास लक्ष्य 6 का सकारात्मक प्रभाव, सतत विकास लक्ष्य 3 पर पड़ेगा।

## देश दुनीया से

# सुरक्षित प्रसव इकॉनमी के लिए भी है फायदेमंद

दुनिया भर में हर दूसरे मिनट एक महिला की गर्भ और प्रसूति संबंधी समस्याओं के चलते मौत हो जाती है और उन्हीं दो मिनटों में नौ नवजात शिशु भी मर जाते हैं। दुखद सत्य है कि इस साल भी 2,95,000 महिलाएं प्रेग्नेंसी संबंधी समस्याओं के चलते मौत के मुंह में समा जाएंगी और करीब 24 लाख नवजात शिशु पांच महीने भी नहीं जी पाएंगे। इन करीब 27 लाख सालाना मौतों में से हर एक मौत वैयक्तिक, पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर बेहिसाब तकलीफ लाती है। इसके साथ ही ये मौतें समाज के लिए वित्तीय तौर पर भी नुकसानदेह साबित होती हैं। कम और मध्यम आय वाले देशों में ये मौतें करीब आधा ट्रिलियन यानी 50,000 करोड़ डॉलर नुकसान का कारण बनती हैं, जो इन देशों के सालाना जीडीपी का 6 फीसदी बैठता है। हम सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (SDSs) के तहत मातृ मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर में जबर्दस्त कमी लाने का वादा पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं। मातृ मृत्यु दर में कमी की रफ्तार वैश्विक तौर पर घट रही है। इस लक्ष्य को पूरा करने का मतलब होगा हर साल दो लाख माताओं और 12 लाख नवजातों को बचाना। लेकिन गाड़ी पटरी से उतर चुकी है। रिसर्च बताते हैं कि मौजूदा रफ्तार से मातृ मृत्यु दर में 2030 के लिए निर्धारित कटौती 2074 तक ही संभव हो पाएगी। यानी चार दशक से ज्यादा की देर। नवजात मृत्यु दर के मामले में भी यह लक्ष्य 2067 तक पूरा होगा। SDSs के वादे और संभावित प्रगति में इस अंतर का मतलब यह है कि हर साल 131,000 मांएं और 900,000 शिशु और मरेंगे। हालांकि ऐसा होना अनिवार्य नहीं है। इसे टाला जा सकता है। आसान उपायों में छोटे-छोटे निवेश जिंदगियां बचाने में बड़ी मदद कर सकते हैं। कोपेनहेगन कंसेंशस की रिसर्च के मुताबिक, जो सबसे बढ़िया निवेश है, जिसमें सबसे पहले पैसा लगाना चाहिए, वह हर डॉलर पर 87 डॉलर के बराबर सामाजिक लाभ देता है। यह निवेश फैमिली प्लानिंग तक पहुंच बढ़ाएगा और सबसे बड़ी बात यह कि जन्म के समय कुछ ऐसी प्रक्रियाएं सुनिश्चित करेगा, जिनसे मांओं और नवजात शिशुओं की जान बचाने में मदद मिलेगी। प्रक्रियाओं के इस पैकेज को कहते हैं बेसिक इमर्जेंसी ऑब्सटेट्रिक एंड न्यूबॉर्न केयर (बीमॉन्क)। बीमॉन्क पैकेज के तहत आने वाली प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत सस्ती हैं और डॉक्टरों के बजाय नर्सों, सहायिकाओं द्वारा अमल में लाई जा सकती हैं। मिसाल के तौर पर, नवजातों के रिससिटेशन (दोबारा होश में लाने) के लिए सिर्फ एक हैंडपंप या रिससिटेटर की जरूरत होती है जिसकी कीमत करीब 65 डॉलर पड़ती है। अगर यह साल में 25 बार भी इस्तेमाल हुआ तो एक बार का खर्च मात्र 2.6 डॉलर आता है। इसमें हेल्थ वर्कर के टाइम को भी जोड़ लिया जाए तो एक बच्चे को बचाने पर कुल खर्च आता है 5 डॉलर। नवजातों को रिससिटेशन उपलब्ध कराने से ऐस्फिक्सिया (सांस लेने की तकलीफ) से जुड़ी 30 फीसदी मौतें टाली जा सकती हैं जो नवजातों की मौत का एक प्रमुख कारण है। दूसरा उदाहरण है कंगारू मदर केयर जिसमें मां और बच्चे के बीच स्किन टु स्किन कॉन्टैक्ट की जरूरत होती है। यह एक ऐसा आसान उपाय है जिससे प्रीमच्योर बच्चों की मौतों के मामले आधे किए जा सकते हैं। इसमें गर्भवती महिलाओं को दूध पिलाने के तरीके पर काउंसिलिंग भी जोड़ी जा सकती है। करीब 7.8 करोड़ यानी हर पांच में से तीन नवजात शिशु पहले घंटे में मां का दूध पीने से वंचित रह जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि उनमें मौत और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हेल्थकेयर प्रफेशनल्स और शैक्षिक कार्यक्रमों की मदद से जरूरतमंद महिलाओं को सही काउंसिलिंग उपलब्ध कराकर हम मांओं को इस लायक बना सकते हैं कि वे जानकारीपूर्ण फैसला करें और हेल्दी ब्रेस्टफीडिंग की आदत अपनाएं। इस पूरे मामले में फैमिली प्लानिंग की भी अहम भूमिका होती है।

> कम और मध्यम आय वाले देशों में ये मौतें करीब आधा ट्रिलियन यानी 50,000 करोड़ डॉलर नुकसान का कारण बनती हैं, जो इन देशों के सालाना जीडीपी का 6 फीसदी बैठता है। हम सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (SDSs) के तहत मातृ मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर में जबर्दस्त कमी लाने का वादा पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं। मातृ मृत्यु दर में कमी की रफ्तार वैश्विक तौर पर घट रही है। इस लक्ष्य को पूरा करने का मतलब होगा हर साल दो लाख माताओं और 12 लाख नवजातों को बचाना। लेकिन गाड़ी पटरी से उतर चुकी है।



# परमाणु हमले की तैयारी करो.., किम जोंग ने सेना को आदेश दिया, अमेरिका और दक्षिण कोरिया को दी धमकी

**प्योंगयांग।**
अमेरिका और दक्षिण कोरिया एकसाथ मिलकर युद्ध अभ्यास कर रहे हैं। इस बीच, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दोनों देशों को बड़ी धमकी दे डाली है। किम ने अपनी सेना को आदेश दिया है कि वह परमाणु हमले के लिए तैयार रहें। कभी भी इसकी जरूरत पड़ सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को किम ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर अमेरिकी परमाणु संपत्ति से जुड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार करने का आरोप लगाते हुए युद्ध को रोकने के लिए किसी भी समय परमाणु हमले करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है।

**परीक्षण करके ताकत भी दिखाई** – मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के युद्ध अभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने भी शनिवार और रविवार को सैन्य अभ्यास का आयोजन किया। इस दौरान एक मॉक न्यूक्लियर वारहेड ले जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को भी दागा गया। राज्य समाचार एजेंसी ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सहयोगियों के खिलाफ कड़ी चेतावनी भेजने के लिए युद्ध प्रतिरोध और परमाणु जवाबी क्षमता को मजबूत करना था।

केसीएनए ने कहा कि अभ्यास में मॉक न्यूक्लियर वारहेड से लैस एक बैलिस्टिक मिसाइल ने सामरिक परमाणु हमले के परिदृश्य के तहत 800 मीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को भेदने से पहले 800 किमी की दूरी तय की।

**कई मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है उत्तर कोरिया** – पिछले एक महीने के अंदर उत्तर कोरिया ने एक के बाद एक कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया लगातार अमेरिका और दक्षिण कोरिया के युद्ध अभ्यास का विरोध कर रहा है। ये युद्ध अभ्यास 13 मार्च से शुरू हुआ है और 23 मार्च तक चलना है। दक्षिण कोरिया और जापान ने रविवार को पूर्वी तट से एक उत्तर कोरियाई की बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की सूचना दी थी। जो हाल के हफ्तों में मिसाइल परीक्षणों की श्रृंखला में लेटेस्ट है। उत्तर कोरिया ने बड़ा दावा किया है। कहा है कि उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग अमेरिका के खिलाफ युद्ध के लिए खुद सेना में भर्ती होना चाहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री प्रचंड की अग्नि परीक्षा , कुर्सी जाएगी या बचेगी विश्वास मत से होगा फैसला



**काठमांडू ।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल दोपहर विश्वास मत साबित करेंगे। प्रतिनिधि सभा के सभामुख देवराज घिमिरे ने यह जानकारी दी। नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (एमाले)
और राष्टीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) के सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद दहल को बहुमत साबित करना पड़ रहा है। दहल के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार को नेपाली कांग्रेस, माओवादी केंद्र, एकीकृत समाजवादी सहित 10 राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है। नेपाली कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को विश्वास मत देने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के लिए व्हिप जारी किया है। कांग्रेस संसदीय दल के रविवार को हुए फैसले के मुताबिक, सांसदों को प्रधानमंत्री दहल के पक्ष में विश्वास मत देने और सरकार में भाग लेने के लिए व्हिप जारी किया गया है। कांग्रेस के मुख्य सचेतक रमेश लेखक ने बताया कि नेपाल के संविधान के अनुसार, नेपाली कांग्रेस ने सरकार के समर्थन में प्रधानमंत्री के पक्ष में रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के समर्थन में रहने का निर्णय लि गया या है। उन्होंने कहा कि हम सरकार में भाग लेंगे।राष्टीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) ने दहल को विश्वास समर्थन देने का फैसला लिया। वहीं, लोकतांत्रिक सामाजवादी पार्टी ने भी प्रधानमंत्री दहाल को विश्वास मत देने का फैसला किया। संसदीय दल की बैठक में विश्वास मत के समर्थन का निर्णय हुआ। राम सहाय प्रसाद यादव लेंगे उपराष्टपति पद की शपथ वहीं, नेपाल के नव-निर्वाचित उपराष्टपति राम सहाय प्रसाद यादव सोमवार को सुबह 10 बजे शपथ ग्रहण करेंगे।

### क्वीन एलिजाबेथ के बिना रॉयल फैमिली का पहला मदर्स डेः तस्वीर में मां की गोद में दिखे किंग चार्ल्स; केट बच्चों के साथ नजर आईं



**लंदन।** ब्रिटेन में रविवार को मदर्स डे मनाया गया। क्वीन एलिजाबेथ की मौत के बाद पहली बार रॉयल फैमिली ने इस त्योहार को मनाया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर कीं। रॉयल फैमिली ने अपने ट्विटर अकाउंट पर किंग चार्ल्स की क्वीन एलिजाबेथ के साथ बचपन की फोटो पोस्ट की। साथ ही एक और फोटो में क्वीन कंसोर्ट कैमिला अपनी मां के साथ नजर आईं। मदर्स डे पर ट्वीट में रॉयल फैमिली ने लिखा- ये दिन सभी माताओं के लिए है। साथ ही ये उन लोगों के लिए है जो अपनी मां को याद कर रहे हैं। हम आपके साथ हैं और आपको एक स्पेशल मदर्स डे की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसके अलावा प्रिंस ऑफ वेल्स विलियम और उनकी पत्नी प्रिंसेज ऑफ वेल्स केट मिडलटन ने भी 2 तस्वीरें ट्वीट कीं। पहली फोटो में केट अपने तीनों बच्चों के साथ एक पेड़ पर बैठी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी फोटो में केट ने अपने बेटे लुइस को गोद में खिलाती दिख रही हैं। पोस्ट पर लिखा गया- हमारे परिवार की तरफ से आपके परिवार को मदर्स डे की शुभकामनाएं। इस पोस्ट पर आधे घंटे में करीब साढ़े तीन लाख लाइक्स आए। फैन्स ने पोस्ट पर कई भावनात्मक कमेंट्स भी किए। 8 सितंबर 2022 को महारानी क्वीन एलिजाबेथ ने आखिरी सांस ली थी। वे स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में रह रही थीं। वे सबसे ज्यादा सालों (70 साल) तक ब्रिटेन की महारानी रहीं। उनके बाद चार्ल्स सिंहासन के उत्तराधिकारी बनाए गए। 6 मई को किंग चार्ल्स की बतौर महाराज ताजपोशी होगी।

### लाइव शो में एंकर गिरीं: वेदर अपडेट दे रहीं थीं सीबीएस प्रेजेंटर, पहले भी उनके साथ यह हादसा हुआ


**लास एंजिलिस।** अमेरिका में मशहूर टीवी न्यूज चैनल के एक लाइव सेग्मेंट में एंकर बेहोश होकर गिर पड़ी। इस दौरान उनकी सहयोगी एंकर्स को ब्रेक लेना पड़ा। गिरने वाली एंकर का नाम एलिसा कार्लसन शेवॉर्ट्ज है। उनकी हालत अब ठीक है और उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर अपना हेल्थ अपडेट शेयर किया। बहरहाल, एलिसा के लाइव शो में गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लास एंजिलिस स्टूडियो से निशेल मेदिना और रशेल किम लाइव एंकरिंग कर रही थीं। यहां मॉर्निंग शो था और इसमें वेदर अपडेट यानी मौसम का हाल भी बताया जाता है। निशेल और किम ने वेदर अपडेट के लिए एलिसा को पुकारा। कैमरा एलिसा की तरफ घूमा। एलिसा चंद शब्द ही बोल पाईं थीं कि अचानक उनकी आंखें अजीब सी हो गईं।

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय हाईकमीशन से तिरंगा उतारा

# भारत ने वहां उससे बड़ा तिरंगा लहराया, दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमिश्नर तलब

**लंदन।**
खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में लंदन में भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की गई। रविवार शाम को सैंकड़ों की संख्या में खालिस्तान समर्थक हाई कमीशन के बाहर जमा हुए। बिल्डिंग में घुसे और तिरंगा उतार दिया। भारत ने इस पर सख्त ऐतराज जताया और दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमिश्नर को तलब किया। इस बीच, हाई कमीशन पर अब पहले से ज्यादा बड़ा तिरंगा लगा दिया गया है।

इससे पहले हाई कमीशन पहुंचे खालिस्तान समर्थकों के हाथ में खालिस्तानी झंडा और अमृतपाल सिंह के पोस्टर थे। पोस्टर्स पर लिखा, फ्री अमृतपाल सिंह (अमृतपाल सिंह को आजाद करो), वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) और वी स्टैंड विथ अमृतपाल सिंह (हम अमृतपाल के साथ हैं)। एक शख्स को खालिस्तान जिंदाबाद कहते हुए भी सुना गया।



### विदेश मंत्रालय ने विरोध जताया

भारत के विदेश मंत्रालय ने पूरे मामले पर सख्त आपत्ति जताई है। मंत्रालय ने कहा- हाई कमीशन के बाहर पर्याप्त सुरक्षा क्यों नहीं लगाई गई सिक्योरिटी की कमी के चलते ही खालिस्तानी अंदर घुस पाए। ब्रिटेन में भारतीय डिप्लोमैट्स और एंबेसी की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। यह सीधे तौर पर वियना कन्वेंशन के नियमों का उल्लंघन है। हमें उम्मीद है कि इसपर तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### प्रदर्शन कर रहे लोगों ने नारेबाजी भी की

वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारियों को नारेबाजी करते हुए भी सुना जा सकता है। वो भारत सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। लंदन में स्थित भारतीय हाई कमीशन के बाहर हुए हंगामे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, घटना के बाद भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने इसकी निंदा की। उन्होंने कहा- यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। मैं ब्रिटेन में भारतीय हाई कमीशन के लोगों और परिसर में हुए हंगामे की निंदा करता हूं।

### पुलिस अमृतपाल के 114 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी

दरअसल, अजनाला थाने पर हमले के आरोपी अमृतपाल को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस ने पिछले तीन दिन से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चला रखा है। पुलिस ने रविवार को अमृतपाल के 34 और साथियों को गिरफ्तार किया। अब तक पुलिस 114 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूरे सूबे में फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं। वहीं अमृतपाल के समर्थकों ने दावा किया कि उसे देर रात पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है।

### इंग्लैंड में बैठे खालिस्तानी का शागिर्द है अमृतपाल

पंजाब पुलिस की शुरुआती इन्वेस्टिगेशन के मुताबिक, अमृतपाल का नाम अवतार सिंह खंडा के साथ जुड़ रहा है। अतवार सिंह खंडा पाकिस्तान में छिपकर बैठे बब्बर खालसा के प्रमुख परमजीत सिंह पम्मा का खास है और 'बब्बर खालसा यूके' को ऑपरेट करता है। पुलिस को इनपुट मिले हैं कि बब्बर खालसा इन दिनों प्रोजेक्ट च2 पर काम कर रहा है। इसके तहत कश्मीर में भड़काऊ गतिविधियों के साथ-साथ पंजाब में एक बार फिर से खालिस्तान मूवमेंट खड़ी करने की प्लानिंग है। पंजाब में खालिस्तान मूवमेंट को दोबारा जिंदा करने के मकसद से ही बब्बर खालसा इंटरनेशनल के प्रमुख परमजीत सिंह पम्मा और अवतार सिंह खंडा ने अमृतपाल को पंजाब भेजा था।

### समझिए अजनाला थाने पर हमले का अमृतपाल कनेक्शन

खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल की अगुआई में उसके हजारों समर्थकों ने 23 फरवरी 2023 को अमृतसर के अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। इनके हाथों में बंदूकें और तलवारें थीं। ये लोग अमृतपाल के करीबी लवप्रीत सिंह तूफान की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। हमले से दबाव में आई पंजाब पुलिस को लवप्रीत सिंह तूफान को रिहा करने का ऐलान करना पड़ा था।

# सोने की खदान में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर बंदूकधारियों ने किया हमला, नौ की मौत



**बांगुई ।**
मध्य अफ्रीकी गणराज्य में बंदूकधारियों ने रविवार को चीन द्वारा संचालित एक सोने की खदान पर धावा बोल दिया। इस हमले में खदान में काम कर रहे नौ चीनी नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी कंपनी में हाल ही में इस खदान में कार्य शुरू किया था। बाद में पीड़ितों के शव राजधानी बांगुई लाए गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। निवासियों का कहना है कि हिंसा की नवीनतम घटना सुरक्षा बलों में विश्वास की कमी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में रहने वाले मध्य अफ्रीकियों और विदेशी नागरिकों की रक्षा करने में नाकाम दिख रही है। हालांकि, किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन संदेह विद्रोही गुटों के गठबंधन पैट्रियट्स फॉर चेंज या सीपीसी पर किया जा रहा है। जो इस क्षेत्र में सक्रिय है और नियमित रूप से देश की सशस्त्र बलों पर हमले करते आया है। इस विद्रोही गुटों के गठबंधन का पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा बोजिजे की तरफ झुकाव है। लेकिन सीपीसी ने एक बयान जारी कर वाग्नेर समूह के रूसी भाड़े के सैनिकों पर हिंसा के पीछे होने का आरोप लगाया है। हालांकि, उसने कोई सबूत नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बंदूकधारियों ने चिम्बोलो सोने की खदान पर सुबह करीब पांच बजे हमला किया था। बंदूकधारियों ने पहले साइट पर तैनात सुरक्षा गार्ड पर काबू पा लिया और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अधिकारियों ने कहा कि खनन स्थल का शुभारंभ कुछ दिन पहले ही हुआ था। अधिकारियों का कहना है कि चीनी व्यापारियों पर हमला विद्रोहियों की कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीपीसी के कारण न केवल देश की आर्थिक गति को नुकसान पहुंचा है, बल्कि अब यह विकास की नींव पर हमला कर रहा है। यह अस्वीकार्य है। कैमरून की सीमा के पास मध्य अफ्रीकी गणराज्य के पश्चिम में तीन चीनी नागरिकों के अपहरण के कुछ दिनों बाद ही यह हमला हुआ। इससे निवेशकों को आश्वस्त करने के लिए राष्ट्रपति फॉस्टिन अर्चांगे टौडेरा को चीन की यात्रा की योजना प्रभावित हो सकती है। बता दें, मध्य अफ्रीकी गणराज्य सोने और हीरे की विशाल खनिज संपदा के बावजूद दुनिया के सबसे गरीब देशों में शामिल है। पिछले एक दशक में विद्रोही गुटों ने खनन में लगी विदेशी कंपनियों के कार्य में बाधा डाली है। यहां कई चीनी कंपनियां में खनन के कार्य में लगी हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

# अज्ञात हमलावरों ने बारात ले जा रही वैन पर की अंधाधुंध फायरिंग, चार की मौत; 12 घायल

**बलूचिस्तान।**
पाकिस्तान के बलूचिस्तान के नसीराबाद जिले में अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई है। यहां बारात ले जा रही एक वैन पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, वहीं 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। पुलिस के मुताबिक, बच्चों और महिलाओं समेत करीब 20 लोग 18 मार्च को गंडावाह जा रहे थे, लेकिन जब वे सोहेजे लेवीज चौकी पहुंचे तो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने वैन पर ऑटोमेटिक हथियारों से फायरिंग कर दी। झाल मगसी के उपायुक्त ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हमले में एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हुए है।

### चार की हालत गंभीर

शवों और घायलों को गंडावा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि चार घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें क्वेटा शिफ्ट किया जा रहा है। पुलिस हमले के पीछे का कारण पता लगाने में



जुटी हुई है, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। हमलावरों की तलाशी शुरू

अधिकारी घटना की जांच कर रहे है और हमलावरों का पता लगाने के लिए बलों द्वारा तलाशी अभियान शुरू किया जा चुका है। वहीं, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुदूस बिजेन्जो ने इस घटना का संज्ञान लिया है और झाल मगसी के उपायुक्त से इस घटना के बारे में रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और घायलों को हर संभव इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

उसी दिन, बलूचिस्तान के झोब जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक आदिवासी बुजुर्ग और उसके दो भाइयों सहित सात लोगों की गाड़ी पर गोलियां बरसाईं। इस हमले में भी सभी लोगों की मौत हो गई थी।

# पुतिन से मिलने मॉस्को पहुंचेंगे जिनपिंग: दोनों लीडर्स के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा होगी; चीनी राष्ट्रपति जंग रुकवाने की कोशिश करेंगे

**मॉस्को।**
चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचेंगे। यहां वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात करेंगे। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद जिनपिंग पहली बार मॉस्को जा रहे हैं। दोनों लीडर्स की नजदीकियां कई मतभेदों के बावजूद गहरी है। जंग छिड़ने के बाद चीन, रूस के साथ खड़ा नजर आया। जब अमेरिका ने रूस पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने यूएस के इस कदम का विरोध किया और इसे आग में घी डालने वाला कदम बताया था। इसके अलावा रूस की तरह चीन भी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी के विस्तार पर आपत्ति जता चुका है। अब सवाल उठता है कि जिनपिंग के मॉस्को जाने का मकसद क्या है क्या वो जंग खत्म करवाना चाहते हैं जवाब है- जिनपिंग ग्लोबल लीडर बनने की कोशिश कर



रहे हैं। उनकी कोशिश ये है कि जंग भले ही खत्म न हो, कम से कम पुतिन और जेलेंस्की को सीजफायर पर राजी करा लें। इसके बाद डिप्लोमैटिक चैनल्स खुल जाएंगे और चीन ग्लोबल लीडर कहलाने लगेगा। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, दोनों लीडर्स रूस और चीन के बीच व्यापक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग को गहरा करने पर भी बातचीत होगी। इसके अलावा जिनपिंग और पुतिन एक अहम बाइलैटरल डॉक्यूमेंट पर साइन करेंगे। इस डॉक्यूमेंट से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई।

30 दिसंबर 2022 को शी जिनपिंग और व्लादिमिर पुतिन की 8 मिनट तक वीडियो कॉल पर बात हुई थी। इस दौरान पुतिन ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने को कहा था। इस पर शी जिनपिंग ने कहा था कि दुनिया में जारी मुश्किल हालात के बीच चीन रूस को रणनीतिक सहयोग देने के लिए तैयार है। यूक्रेन में जंग शुरू करने के बाद दोनों देशों ने नो लिमिट रणनीतिक साझेदारी साइन की थी। यूरोपियन देशों की पाबंदी के बाद चीन ने रूसी तेल और गैस की खरीद दो बढ़ा दिया है। इसके बदले में रूस भी ताइवान के मामले पर चीन का साथ दे रहा है। चीन हमेशा से ताइवान को अपना हिस्सा बताते आया है।

## इमरान खान की पार्टी पर बैन का खतरा

# पूर्व पीएम पर आतंकवाद फैलाने का केस दर्ज, बुधवार को मीनार-ए-पाकिस्तान पर रैली करेंगे

**लाहौर।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर शिकंजा कसता जा रहा है। शनिवार को इस्लामाबाद ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में जबरदस्त हिंसा और पुलिस पर हमले के आरोप में खान और उनके कुछ समर्थकों पर आतंकवाद फैलाने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने कहा- सरकार अपने लीगल एडवाइजर्स से सलाह ले रही है। बहुत जल्द इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को कानूनी तौर पर बैन किया जाएगा। एक और बेहद जरूरी अपडेट इमरान की तरफ से रविवार शाम आया। उन्होंने कहा- मैं बुधवार को लाहौर के ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान में करूंगा। अगर सरकार में हिम्मत है तो इसे रोककर दिखाए।

**पीटीआई पर बैन का खतरा** - होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने रविवार को कहा- हम अब तक यह नहीं समझ पाए हैं कि इमरान को देश की अदालतें इतनी राहत क्यों और किस बात के लिए दे रही हैं। ऐसे में तो कानून का राज ही खत्म हो जाएगा। इस्लामाबाद में ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में सुप्रीम कोर्ट की नाक के नीचे पीटीआई ने जबरदस्त हिंसा की और पुलिस का खून बहाया। राणा ने आगे कहा- अब इस मामले में सख्त एक्शन होगा। इसलिए ये तय है कि खान के खिलाफ टेररिज्म के आरोप में केस चलेगा और उन्हें गिरफ्तार भी किया जाएगा। पीटीआई को बैन किए जाने का काम शुरू हो गया है। हमारे लिए मुल्क से बढ़कर कुछ नहीं है, इमरान को बस सत्ता चाहिए।

**इमरान की रैली और फिर हिंसा का खतरा** - दूसरी तरफ, इमरान ने रविवार को साफ कर दिया कि वो सरकार और सिक्योरिटी एजेंसियों से टकराने के लिए तैयार हैं। खान ने कहा-



2013 में हमने मीनार-ए-पाकिस्तान से ही अपना सियासी सफर शुरू किया था। अब हम फिर यहां रैली करने जा रहे हैं। सरकार में दम है तो हमें रोककर दिखाए। खान ने यूट्यूब पर जारी वीडियो मैसेज में कहा- अब पाकिस्तान और दुनिया देख लेगी कि लोग या अवाम किसके साथ हैं। ये चोरों की हुकूमत और उसको चलाने वालों को मैं एक्सपोज करके रहूंगा। देखते हैं वो और क्या करते हैं। पूर्व पीएम ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी। इमरान ने कहा था- अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है, तो को संभालने के लिए मैंने एक कमेटी बना दी है। हालांकि, कमेटी में शामिल लोगों को लेकर खान ने कोई जानकारी नहीं दी। खान ने कहा- मुझे रोकने की कोशिश की जा रही है। वे मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं। ये सब लंदन प्लान का हिस्सा है। नवाज शरीफ की डिमांड है कि इमरान को जेल में डाला जाए। वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी चुनाव में हिस्सा लूं। मैं कानून पर विश्वास रखता हूं इसलिए कोर्ट में पेश होने जा रहा हूं।

**जमानत पर हैं खान** - इससे पहले शुक्रवार को शाम करीब साढ़े 6 बजे इमरान खान लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे थे। यहां कोर्ट ने उन्हें 9 केस में प्रोटेक्टिव बेल दे दी थी। इस्लामाबाद में चल रहे 5 केस के लिए कोर्ट ने खान को 24 मार्च तक जमानत दी है। वहीं लाहौर में चल रहे 3 केस के लिए उन्हें 27 मार्च तक जमानत दी गई थी। 14-15 मार्च को इमरान की गिरफ्तारी को लेकर जमान पार्क के बाहर पीटीआई कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इसकी तहकीकात के लिए कोर्ट ने पुलिस को जमान पार्क जाने की इजाजत दी थी।

**इमरान पर अब तक 84 केस दर्ज** - खान पर अब तक कुल 84 केस दर्ज हो चुके हैं। खान पर तोशाखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदने और ज्यादा दामों में बेचने का आरोप है। इसे लेकर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने उन्हें 5 साल के लिए अयोग्य घोषित किया है। उनकी संसद सदस्यता भी रद्द कर दी गई है। इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर हिंसक प्रदर्शन किया था, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए थे। इस घटना के बाद खान के खिलाफ एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ था। पिछले साल 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान इमरान ने महिला जज और पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकी दी थी।

## देश के सभी हाईकोर्ट तीन माह में ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल स्थापित करें : एससी

**नई दिल्ली ( हिंस )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश के सभी हाई कोर्ट तीन महीने के अंदर ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल स्थापित करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आनलाइन आरटीआई पोर्टल शुरू कर दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट से कहा कि आफ आरटीआई पोर्टल क्यों नहीं स्थापित करते। चीफ जस्टिस ने कहा कि आरटीआई अधिनियम 2005 के लागू होने से 17 साल बाद भी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल नहीं होना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत नागरिकों को लिखित या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन करने का अधिकार है। आरटीआई आवेदक के पास इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन भेजने का वैधानिक अधिकार है और ऑनलाइन सुविधाएं आरटीआई अधिनियम के उद्देश्यों को काफी हद तक आसान कर देंगी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 17 राज्यों ने अपना जवाब दाखिल किया है। कुछ राज्यों ने बुनियादी सुविधाओं का इंतजार है, वहीं कुछ राज्य इसकी प्रक्रिया में हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हाई कोर्ट के लिए ऑनलाइन पोर्टल की मांग की गई है।

## अमृतपाल पर सख्त एक्शन की मांग

# हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

# कहा- गंभीरता से नहीं निपटा तो...




**चंडीगढ़।** पंजाब में अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए केंद्र और पंजाब सरकार के साझे अभियान की निगरानी और उसके कारण आतंकवाद जैसा माहौल पैदा न हो इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका पर रजिस्ट्री की मुहर के बाद सुनवाई होगी। एंटी टेररिस्ट फ्रंट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य द्वारा दायर याचिका में अमृतपाल और उसके साथियों को मिलने वाली फंडिंग की जांच करने व संपत्तियां जब्त करने की मांग की गई है। याचिका में बताया गया कि अमृतपाल को लेकर पंजाब में माहौल बिगड़ता जा रहा है। ऐसे में इस मामले की न्यायालय की निगरानी में जांच बेहद अहम हो जाती है। पंजाब पुलिस व केंद्र सरकार साझा अभियान चलाकर अमृतपाल की गिरफ्तारी का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में इस अभियान की रोजाना की कार्रवाई की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। याचिका में बताया गया कि यदि इस स्थिति से गंभीरता से नहीं निपटा गया तो पंजाब को आतंकवाद की चिंगारी भी भड़का सकती है। ऐसे में इस आग से बचाने के लिए अमृतपाल पर तुरंत सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया जाए। याची ने बताया कि इस बारे में उसने पंजाब सरकार को शिकायत भी दी थी लेकिन समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में बताया गया कि बंदी सिखों की रिहाई व अमृतपाल को लेकर मोहाली में विभिन्न स्थानों पर मोर्चा लगाया गया है। इस मोर्चे के कारण आम लोगों को परेशानी हो रही है। ऐसे में इन्हें हटाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की भी याचिका में अपील की गई है। याचिका में गृह मंत्रालय, पंजाब सरकार, पंजाब के डीजीपी, एनआईए सहित अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है।

## अपराधियों को सोशल मीडिया पर फॉलो किया तो खैर नहींस : पुलिस

**झुंझुनू ( हिंस )।** राजस्थान पुलिस इन दिनों सोशल मीडिया पर कड़ी नजर गड़ाए हुए है। सोशल मीडिया पर गैंगस्टर्स को फॉलो और लाइक करने वालों की खैर नहीं हैं। ऑपरेशन गार्जियन के तहत पुलिस सक्रिय बनी हुई है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर भटक चुके पचास से अधिक युवाओं को समझाइश कर उनके अकाउंट अनफॉलो कराए हैं जो गैंगस्टर्स या अपराधियों को फॉलो कर रहे थे। सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान की पुलिस जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को जानकारी दे चुकी है। ऑपरेशन गार्जियन को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा लगातार नजर बनाए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोशल मीडिया साइट्स पर सक्रिय अपराधियों के खिलाफ प्रभावी विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस युवाओं एवं आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इस मुहिम में पुलिस की ओर से स्कूल के विद्यार्थियों से भी जिले में लगातार संवाद किया जा रहा था। झुंझुनू जिले के विद्यालयों में जाकर पुलिस की विभिन्न टीमों ने करीब 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर आपराधिक तत्वों से दूरी रखने और सोशल मीडिया की अच्छाई के बारे में बता चुकी है।

## नियम 7 ए के उल्लंघन के मामलों में रजिस्ट्री पर पाबंदी रहेगी : दुष्यंत चौटाला



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में कहीं भी रजिस्ट्री पर पाबंदी नहीं लगाई है। अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री सरकार नहीं कर रही है जिन कॉलोनियों में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा एनओसी दी गई है और शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रॉपर्टी आईडी जारी की है, उन जगहों की रजिस्ट्री में किसी तरह की दिक्कत नहीं है। नियम-7 ए के उल्लंघन के मामलों में रजिस्ट्री पर पाबंदी रहेगी। सोमवार को थानेसर से भाजपा विधायक सुभाष सुधा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर दुष्यंत ने सदन में यह जवाब दिया। सुधा ने आरोप लगाया कि उनके यहां उन कॉलोनियों में भी जमीनों की रजिस्ट्री नहीं हो रही जिन्हें 25 साल पहले नियमित किया जा चुका है। 2000 में टीपी स्कीम के तहत जो कॉलोनियां बनी थी, उनमें भी जमीनों की खरीद-फरोख्त रुकी हुई है। सुधा ने कहा कि इससे लोगों की परेशानी ब ?ी हुई है। इस पर दुष्यंत ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी रजिस्ट्री बंद नहीं है। अवैध कॉलोनियों को रोकने के लिए ही सरकार ने नियम 7 ए लागू किया है। नियम 7 ए में संशोधन से पहले हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों के विनियमन अधिनियम-1975 में कोई भी सर्वेक्षण करने का प्रावधान नहीं है। सरकार ने अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन को छोड़कर किसी भी प्रकार की भूमि के लिए रजिस्ट्री बंद नहीं की है। दुष्यंत ने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसी शिकायतें हैं। सरकार पूरा रिकार्ड अपलोड कराएगी ताकि रजिस्ट्री में किसी तरह की दिक्कत न आए। दुष्यंत ने कहा कि इस बाबत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग की संयुक्त बैठक करके इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

## भीलवाड़ा के गंगापुर में फिर हनीट्रैप का मामला महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** भीलवाड़ा जिले में एक बार फिर सरकारी स्कूल के टीचर के साथ हनीट्रैप का मामला सामने आया है। जिले में इस महीने यह दूसरा मामला है, जब टीचर को टारगेट किया गया है। इस बार हनी ट्रैप गैंग की महिला ने टीचर को एक रात साथ बिताने का ऑफर दिया। वह मिलने गया तो महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और अश्लील वीडियो बना लिया। जेब में रखे रुपए और चेक लेकर 5 लाख रुपए देने की मांग की। टीचर ने गंगापुर थाने में महिला और उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। गंगापुर थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि काला डूंडा के रहने वाले सरकारी स्कूल के टीचर भंवर सिंह पुत्र नारायण सिंह चुंडावत ने आशा जाट नाम की महिला और उसके तीन साथियों के खिलाफ हनीट्रैप का मामला दर्ज करवाया है। टीचर ने बताया कि वह खातीखेड़ा सरकारी स्कूल में प्रबोधक है। उसके गांव में मकान का निर्माण काम चल रहा है। कारीगर राजू बलाई कई दिनों से बाहर गया हुआ था। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। 10 दिन पहले कारीगर ने एक महिला का फोन लेकर कॉल किया था। उसके बाद भावना जाट नाम की महिला का कॉल आया था। प्यार की बातें कर फंसाया- टीचर ने शाम को उस नंबर पर वापस फोन लगाया। फोन पर आशा जाट नाम की महिला बोल रही थी। उसने कहा कि उसके पति से झगड़ा चल रहा है। महिला ने टीचर से प्रेम से बात करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने कॉल काट दिया। 15 मार्च की दोपहर महिला ने वापस कॉल किया और कहा कि डर गए क्या, मेरे साथ बातचीत कर लिया करों। आपको भी अच्छा लगेगा। कल मैं भीलवाड़ा जा रही हूं। आप भी भीलवाड़ा आ जाओं। वहीं प्रेम की बात करेंगे। रात को साथ में रुकने का दिया ऑफर- 16 मार्च को टीचर भीलवाड़ा बांगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती अपनी मौसी से मिलने गया था। इस दौरान महिला का 7 बार कॉल आया। कॉल उठाने पर कहा कि आप भीलवाड़ा आ गए तो मुझसे आकर मिलों। उसने कहा कि रात को भीलवाड़ा ही रुकेंगे। इसके लिए अलग कमरा भी ले लिया है। टीचर को चित्तौ ?गढ़ रोड पुलिया के नीचे बुलाया। रेप का झूठा मामला दर्ज करवाने की दी धमकी- टीचर पुलिया के पास महिला से मिलने गया। होटल पर चाय पीने के बाद महिला टीचर की कार में आकर बैठ गई। उसके साथ एक युवक भी कार में आकर बैठ गया। महिला ने उसे अपना भाई बताया। कुछ दूर जाने पर मारुति वैन में दो युवक आए और कार को रुकवाया। टीचर के साथ मारपीट कर जबरन वैन में बैठाकर ले गए। कार को बदमाशों ने हरणी महादेव के जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद टीचर को धमकी देकर पांच लाख रुपए नकद और उसकी कार को उनके नाम करने की बात कहीं। मना करने पर महिला ने रेप का झूठा मामला दर्ज करवाने की धमकी दी।

## आदमपुर नगरपालिका बनाने के विरोध में प्रदर्शन

**हिसार ( हिंस )।** जिले के आदमपुर कस्बे को नगरपालिका बनाने के आदेश रद्द करवाने की मांग पर सोमवार को लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दुकानदार भी आंदोलन के समर्थन में आ गए। उन्होंने दो घंटे तक दुकानों को बंद रखा। आदमपुर को पंचायत का दर्जा देने की मांग पर तहसील कार्यालय के बाहर लोगों का 15 दिनों से धरना जारी है। नगरपालिका हटाओ संघर्ष समिति के प्रधान विनोद सोनी भजना ने बताया कि मंडी आदमपुर में सोमवार को धरने के समर्थन में सभी दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर विरोध जताया है। इस दौरान बाजारों को दो घंटों तक बंद रखा गया है। प्रदीप बेनीवाल ने बताया कि इस दौरान कई संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों व लोगों ने बाजारों में प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। उन्होंने बताया कि नगरपालिका का आदमपुर के लोगों को कोई फायदा नही मिल रहा है।

## हिंदू नववर्ष पर उत्साह से निकलेगी धर्मयात्रा-जूनागढ़ पर महाआरती

**बीकानेर ( हिंस )।** हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में 22 मार्च, बुधवार दोपहर बाद हिंदू नवसंवत्सर के खास मौके पर उत्साह के साथ धर्मयात्रा निकाली जाएगी। यह धर्म यात्रा एमएम ग्राउंड से शुरू होकर नत्थूसर गेट, मोहता चौक, हृदयस्थल कोटगेट, महात्मा गांधी रोड़, शार्दूलसिंह सर्किल होती हुई जूनागढ़ पहुंचेगी और वहां महाआरती होगी। यह जानकारी सोमवार को रेलवे स्टेशन के सामने होटल वृंदावन रीजेंसी में हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक जेठानंद व्यास ने पत्रकारों को दी। व्यास ने कहा कि हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली इस धर्मयात्रा का मुख्य उद्देश्य लुप्त हो रहे हिंदुओं को नववर्ष के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

## किसान अपने हकों के लिए किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे : सुभाष गुर्जर



**यमुनानगर ( हिंस )।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसान यमुनानगर से दिल्ली के लिए रवाना हुए। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को यमुनानगर से लगभग 500 किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में रवाना हुए। सुभाष गुर्जर ने बताया कि एमएसपी यर खरीद गारंटी कानून,लखीमपुर खीरी व किसानों से जुडे अन्य मुद्दो को लेकर किसान दिल्ली में फिर हुंकार भरेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में हरियाणा से हजारों किसान दिल्ली में अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की नीति और नीयत में खोट है। वह किसान को आर्थिक स्थिति से कमजोर करके पूंजीपति घरानों के यहां मजदूरी कराना चाहती है। लेकिन सरकार की मंशा पूरी नहीं होने दि जाएगी। उन्होंने कहा कि तेरह महीने किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने किसानों के साथ वायदाखिलाफी करके आंदोलन को स्थगित कराया था। लेकिन आज वही किसान अपने वाहनों के साथ फिर से दिल्ली पहुंच रहे हैं और सरकार को आज किसान अपनी ताकत दिखा देंगे। किसान अपनी फसल और नस्ल को बचाने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के जो भी आदेश होंगे यमुनानगर के किसान अपने हकों के लिए किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे।

## भाविप बनवा रही है 11 मंजिला पहला पक्षी महल

**अलवर ( हिंस )।** भारत विकास परिषद भिवाड़ी की ओर से भिवाड़ी का पहला 11 मंजिला पक्षी महल बनवाया जा रहा है। जहां पक्षियों को रहने के साथ खाना पीना भी मिलेगा। करीब 4.50 लाख रुपए की लागत से महल बनाया जाएगा।जिसकी ऊंचाई करीब 30 फीट होगी। परिषद के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने बताया कि भिवाड़ी औद्योगिक नगरी के लिए प्रसिद्ध है लेकिन यहां पक्षियों के लिए रहने के लिए कोई व्यवस्था कही भी नहीं है। इसी बात का विचार सदस्य के मन में आया कि पक्षियों के लिए महल होना चाहिए ताकि यहां रहने या आने वाले पक्षियों को घर मिल जाए। परिषद की ओर से भिवाड़ी से लगते पंचमुखी हनुमान मंदिर के परिसर में पक्षी महल का निर्माण कराया जा रहा है। गोयल ने



बताया कि पक्षी महल जमीन से पिलर के ऊपर बनाया जाएगा। पिलर के नीचे चबूतरा बनाया जाएगा और 5 फीट की हाइट पर पानी और चुग्गे का स्थान बनाया जाएगा। इसके ऊपर 11 मंजिल का पक्षी महल होगा। जिसमें चारों तरफ से रास्ता होगा। एक घर में करीब 2 दर्जन से अधिक पक्षी रह सकेंगे। कांट्रेक्टर बब्बू प्रसाद ने बताया कि पक्षी महल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब डेढ़ महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगा। गोयल ने बताया कि पक्षी महल में रहने वाले पक्षियों के लिए हमेशा पानी और चुग्गे की व्यवस्था भी को जाएगी। साथ ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालु जो वहां चुग्गा डालेंगे उनके लिए एक निश्चित स्थान पर ड्रम रखा जाएगा। चुग्गा ड्रम में एकत्रित किया जायेगा। जिसकी देखरेख पुजारी द्वारा की जाएगी। इसके अलावा मंदिर परसर में विभिन्न तरह के पेड़ और पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पक्षी महल का प्लेटफार्म मार्बल का बनेगा लेकिन पक्षियों का घरौंदा ईंटो का बनेगा। ईंटो से महल को डिजाइन किया जाएगा। ईंट ठंडी रहती है। इसलिए गर्मियों में पक्षियों को परेशानी नहीं होगी। महल में द्वार इस आमने सामने होंगे जिससे हवा आरपार आएगी।

## असम के राज्यपाल कटारिया की राज्यपाल से मुलाकात

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में असम के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र ने असम के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार यहां राजभवन आने पर कटारिया का अभिनंदन किया और उन्हें संविधान संस्कृति से जुड़ी अपनी पुस्तकें भेंट की

## पंजाब में इंटरनेट सेवाएं आज तक रहेंगी बंद

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** राज्य में इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं मंगलवार 21 मार्च तक बंद रहेंगी। खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बाद शनिवार को इंटरनेट बंद कर दी गयी थी। इंटरनेट शटडाउन को और बढ़ा दिया गया है।

## विधानसभा स्पीकर के साथ उलझे अभय चौटाला, एक दिन के लिए नेम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा विधानसभा में सोमवार को इनेलो विधायक अभय चौटाला ने सदन में विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता पर अमर्यादित टिप्पणी की। इसके बाद सदन का माहौल गरमा गया।सदन के नेता मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री स्पीकर के समर्थन में आ गए। स्पीकर ने अभय चौटाला को एक दिन के लिए सदन से नेम कर दिया। इससे पहले भी इस सत्र के दौरान अभय चौटाला के दो दिन के लिए नेम किया जा चुका है। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान उस समय विवाद पैदा हो गया, जब अभय सिंह चौटाला ने डार्कजोन के मुद्दे पर तालाबों के सौंदर्यकरण का मुद्दे को भी उठाया। स्पीकर ने उन्हें टोका तो अभय ने फिर से स्पीकर पर टिप्पणी कर डाली। इससे माहौल बिगड़ गया और स्पीकर ने अभय को मर्यादा में रहने की नसीहत दे डाली। आपसी विवाद ने आग में उस समय घी डालने का काम किया, जब अभय सिंह चौटाला ने स्पीकर पर निजी टिप्पणी कर दी। अभय ने कहा, मैं आपके बारे में भी सवाल लगाऊंगा, तब आपको पता लगेगा। इस पर भ ?के स्पीकर ने कहा, जो सवाल लगाना है लगाएं, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। हंगामे के बीच स्पीकर गुप्ता ने अभय को नेम करके सदन से बाहर जाने का फैसला सुना दिया। इसके बाद भी अभय ने बहस जारी रखी और अपनी सीट पर बैठे रहे। स्पीकर के इशारे पर मार्शल इंचार्ज अभय के नजदीक पहुंचे और उनसे बाहर जाने का आग्रह किया। अभय ने सवाल उठाते हुए कहा, मुझे यह बताया जाए कि नेम क्यों किया गया है। स्पीकर बोले, आपके व्यवहार और सदन की मर्यादा तोड़ने के आरोप में आपको नेम किया गया है। अभय स्पीकर से बहस करने लगे। इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि चेयर के साथ बहस करना बिल्कुल भी सही नहीं है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सदन में सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। दुष्यंत पर लगाए आरोपों के चलते बजट सत्र के दौरान ही अभय के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव भी आ चुका है। सोमवार को जब अभय को स्पीकर ने गलत व्यवहार के लिए नेम करके बाहर किया तो दुष्यंत ने अभय पर कटाक्ष करते हुए कहा, इससे पूर्व ये विधायक एक सदस्य को चप्पल भी दिखा चुके हैं।

## डमी हथियारों के साथ फोटो डालने पर युवक गिरफ्तार

**झुंझुनू ( हिंस )।** सोशल मीडिया पर रुतबा दिखाने के लिए डमी हथियारों के साथ अपनी फोटो वायरल करने का शौक एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। झुंझुनू जिले के पिलानी थानाधिकारी रणजीत सिंह सेवदा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जिले में सोशल मीडिया पर अपराधियों और गैंगस्टर को फॉलो करने वाले युवाओं तथा अन्य अवांछित गतिविधियों पर पुलिस विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में पिलानी थाना पुलिस को एक युवक द्वारा हथियारों के साथ अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करना पाया गया। पुलिस ने तत्काल इस मामले में कार्रवाई करते हुए डमी हथियारों के साथ अपनी फोटो को वायरल करने वाले अभय सिंह पुत्र राजपाल सिंह राजपूत निवासी खेड़ला को रविवार देर शाम गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सेवदा ने इस कार्यवाही के बाद क्षेत्र के युवाओं को चेतावनी भी दी है कि इस तरह की गतिविधियों के लिए उन पर मुकदमे लग सकते हैं।

## मेक इन इंडिया अभियान को गति प्रदान करने का माध्यम बने तकनीकी शिक्षा : राज्यपाल

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा देश में मेक इन इंडिया अभियान को गति प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बने। उन्होंने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय ऐसे उपकरण, यांत्रिक प्रौद्योगिकी विकसित करें, जिसकी सहायता से लोग स्वयं के उद्योग लगा कर अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में योगदान कर सकें। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में राजभवन से ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल जनशक्ति तैयार करने के साथ तकनीकी शिक्षा में इस बात पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए कि आम व्यक्ति के जीवन को कैसे सस्ती और सुलभ तकनीक मिल सकती है। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में भारत वैदिक काल से ही अत्यधिक समृद्ध रहा है। वैदिक ग्रंथों में प्रकाश की गति, आकर्षण शक्ति, परमाणु आदि पर बहुत सारा ज्ञान निहित है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राचीन ज्ञान संदर्भों के साथ आधुनिक वैश्विक ज्ञान का समन्वय करते हुए प्रौद्योगिकी विकास को गति प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्रौद्योगिकी शिक्षा के व्यावहारिक प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि अंग्रेजी के साथ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी वैज्ञानिक, तकनीकी तथा चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सर्वसुलभ कराने की जो पहल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन के माध्यम से की गई है, वह सराहनीय है। उन्होने कहा कि आईआईटी संस्थानों में भी पाठ्यक्रमों को हिंदी और दूसरी भाषाओं में अनुवाद का कार्य भी पिछले कुछ समय में प्रारंभ हुआ है, जिसके दूरगामी परिणाम आएंगे।राज्यपाल ने विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये विश्वविद्यालय में आईडिया लैब,आईनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर आदि कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय में एक हजार 500 से अधिक कंपनियों द्वारा कैम्पस साक्षात्कार में 5 हजार से अधिक रोजगार प्रस्ताव उपलब्ध करवाए गए। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. कृष्ण किशोर अग्रवाल ने तकनीकी शिक्षा के संदर्भ में नई शिक्षा नीति के विशेष पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने



विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों का भी आधारभूत ज्ञान प्राप्त कर सकें, इसके लिए नई शिक्षा नीति में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बहुसंकाय अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति प्रो. अम्बरीश शरण विद्यार्थी ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में स्थापित इस विश्वविद्यालय के चार संघटक एवं 42 सम्बद्ध महाविद्यालयों में वर्तमान मे 16 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया है। प्रो. कृष्ण किशोर अग्रवाल को इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टर ऑफ साइन्स की मानद उपाधि प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 2 हजार 182 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की गई। विद्युत अभियान्त्रिकी विभाग के अरविन्द कुमार को विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की पहली उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल ने डिग्री और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अर्जित प्रौद्योगिकी ज्ञान का राष्ट्र और समाज की भलाई के लिए अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति एवं कैंटीन का ई-लोकार्पण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रावास भवन का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। उन्होंने समारोह के आरंभ में भारतीय संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन किया। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल एवं अकादमिक परिषद के सदस्य, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**NO, MDJ.55/2023/481**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

The Superintendent, District Jail, Mangaldai, Darrang, Assam invites e-Tenders in two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) affixing Court Fee Stamp of Rs.8.25 from the Supplier/Firms/Dealer for supply of Dietary and Non Dietary articles ( i.e. Group-A, B, C, D, & E ) required for District Jail, Mangaldai, Darrang of Assam for the Financial Year-2023-24 through the e- Tender portal https://assamtenders.gov.in on or before 05-04-2023 up to 2:00 P.M.

The Tender documents/Bid indicating the details of specification of the Group-A, B, C, D &E articles, term and conditions etc. can be downloaded from the Govt. Website *https://assamtenders.gov.in.*

The participating bidders should have valid Digital Signature Certificate of Class-Hi(Minimum) and have to register in the portal *https://assamtenders.gov.in.*

Last Date & Time for online submission of Tenders :-05.04.2023 at 2:00 P.M.

Last Date & Time for submission of Hard copy of Technical Bid :- 05.04.2023 at 2:00 P.M.

Date & Time of opening e-Tenders :- 05.04.2023 at 3.00 P.M.

Sd/-
Superintendent
District Jail, Mangaldai

***-- Janasanyog /C/23265/22***




# स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी आज बड़ी जरूरत, बारीकियों को समझलें नहीं तो उठाना पड़ सकता है नुकसान

**नई दिल्ली।**
स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी आज बड़ी जरूरत बन गई है। यह आपात मेडिकल स्थिति में अस्पताल में भर्ती होने से लेकर इलाज और दवाइयों पर होने वाले भारी-भरकम खर्चों से बचाता है। स्पष्ट शब्दों में कहें तो यह पूरा खर्च पॉलिसी के तहत बीमा कंपनी वहन करती है।

हालांकि, पॉलिसीधारकों को कई बार स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की विभिन्न बारीकियों की जानकारी नहीं होती है। इससे कई बार मेडिक्लेम में दिक्कतें आती हैं। इन बारीकियों में से एक है...अस्पताल के कमरे का किराया यानी रूम रेंट कैपिंग। भर्ती होने के दौरान आपके इलाज पर होने वाले कुल खर्च में कमरे के किराये की बड़ी भूमिका होती है। अगर किराया आपकी पॉलिसी में तय लिमिट से ज्यादा हुआ तो एक समान इलाज के लिए अधिक बिल चुकाना पड़ सकता है।01प्रतिशत तक होती है किराये की सीमा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी राशि की

**क्या है रूम रेंट कैपिंग** – रूम रेंट कैपिंग या कमरे के किराये की कैपिंग वह लिमिट है, जो स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत बीमा कंपनियां पॉलिसीधारक के अस्पताल में भर्ती होने पर कमरे के किराये के लिए वहन करती हैं। आमतौर पर किराये की लिमिट पॉलिसी रकम की एक फीसदी तक होती है। अगर आपकी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी 5 लाख रुपये की है तो अस्पताल में भर्ती होने पर बीमा कंपनी कमरे के किराये के लिए प्रतिदिन अधिकतम 5,000 रुपये (एक फीसदी) का ही भुगतान करेगी।

**किराया अधिक तो बढ़ता जाता है खर्च** – कमरे का किराया पॉलिसी में तय लिमिट से अधिक होने पर बीमा कंपनियां क्लेम के निपटान के दौरान आनुपातिक कटौती नामक अवधारणा का सहारा लेती हैं। इसके मुताबिक, बीमा कंपनी इलाज से जुड़े सभी संबंधित खर्चों से उसी अनुपात में कटौती करेगी, जिस अनुपात में कमरे का किराया तय लिमिट से ज्यादा है। इसे रूम रेंट को-पे कहा जाता है। दरअसल, अस्पताल के कई शुल्क जैसे डॉक्टर का दौरा, ऑपरेशन शुल्क या जांच शुल्क सीधे कमरे के किराये से जुड़े होते हैं। चुने हुए कमरे की श्रेणी के हिसाब से एक ही इलाज के लिए ये सभी शुल्क अलग-अलग हो सकते हैं। ट्विन शेयरिंग कमरे के लिए एक सर्जरी की लागत 15,000 रुपये है तो सिंगल एसी कमरे में रहने पर उसकी लागत 20,000 रुपये हो सकती है। सुइट कमरे के लिए लागत एक लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अब ट्विटर अकाउंट सिक्योर करने के लिए देने होंगे पैसेः ब्लू सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स को ही मिलेगी टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन की सुविधा

नई दिल्ली। ट्विटर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को बंद करने वाला है। अब यह सिक्योरिटी फीचर सिर्फ ब्लू टिक मार्क वाले सब्सक्राइबर्स को ही मिलेगा। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के जरिए अकाउंट्स को ज्यादा सिक्योर बनाने के लिए अकाउंट होल्डर को पासवर्ड के अलावा सेकेंड ऑथेंटिकेशन मेथड का यूज करने को मिलता है। अगर आपके पास पहले से ही फीचर है, बनाए रखने के लिए या तो ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन लेना पड़ेगा या इसे डी-एक्टिवेट करना पड़ेगा। अगर आप 20 मार्च से पहले सेटिंग नहीं बदलते हैं तो क्या होगा अगर आप 20 मार्च तक सेटिंग अपडेट नहीं कर पाते हैं तो आपका अकाउंट बंद तो नहीं होगा, लेकिन ट्विटर द्वारा को हटाने के बाद अकाउंट सेफ नहीं रहेगा। आप सामान्य रूप से अकाउंट का एक्सेस कर सकेंगे।यह एक आसान और फास्ट प्रोसेस है, जिसमें मुश्किल से कुछ मिनट लगेंगे। उसके बाद सिक्योरिटी ऑप्शन पर जाएं और पेज तक पहुंचने के लिए स्टेप्स को फॉलो करें। डुओ मोबाइल और ऑटि जैसे अन्य थर्ड पार्टी ऐप भी काम आ सकते हैं। यूजर को केवल उन्हें डाउनलोड करने और इसे अपने ट्विटर अकाउंट से लिंक करने के लिए निर्देशों का पालन करने की जरूरत है।



### इटली को पीछे छोड़ धागों का बादशाह बना पानीपत, जर्मनी की आधुनिक मशीनों का हो रहा उपयोग



**पानीपत।** टेक्सटाइल के बाद पानीपत के धागे भी विश्व में अपना परचम लहरा रहे हैं। रंगीन धागा बनाने में पानीपत अब इटली को पीछे छोड़कर दुनिया में नंबर वन बन गया है। यहां 135 उद्योगों में प्रतिदिन 35 लाख किलोग्राम धागे का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि इटली 20 लाख किलोग्राम उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर है। पानीपत के धागे की खास बात यह है कि उद्यमी पानी का इस्तेमाल किए बिना जर्मनी में बनी अत्याधुनिक मशीनों से उत्पादन कर रहे हैं। इससे हर रोज करोड़ों लीटर पानी बच रहा है। औद्योगिक नगरी में ऐसी 510 मशीनें लगाई गई हैं, जिन्होंने धागा उद्योग में क्रांति का संचार किया है। एक नई मशीन पुरानी तीन मशीनों के बराबर है। इसकी उत्पाद गुणवत्ता भी पुरानी मशीनों से दोगुनी अच्छी हैं। नई मशीनों के इस्तेमाल से पानीपत में प्रदूषण को भी नियंत्रित करने में मदद मिली है। पानीपत से कुल 16,000 करोड़ रुपये का निर्यात होता है, जिसमें धागा व्यापार का बड़ा योगदान है। 35,00,000 किलो धागे का पानीपत में प्रतिदिन उत्पादन उत्पादन दोगुना, गुणवत्ता भी अच्छी अत्याधुनिक जर्मन मशीनों के इस्तेमाल से तीन साल में धागे का उत्पादन बढ़कर दोगुना से अधिक हो चुका है। इसकी गुणवत्ता भी दूसरे देशों के धागे से अच्छी मानी जाती है। पानीपत के धागे का घरेलू बाजार के साथ दुनिया के कई देशों में निर्यात हो रहा है। 60 से अधिक देशों में यहां के धागे का इस्तेमाल होता है। सबसे अधिक खपत यूरोप में होती है। पानीपत के धागे से महंगी टी-शर्ट बनाई जा रही हैं। कंबल उद्यमी भी अब धागा उत्पादन में कदम रख रहे हैं। 16,000 करोड़ का निर्यात होता है पानीपत से, जिसमें धागा उद्योग का बड़ा योगदान जर्मन मशीनों की मदद से हर रोज बच रहा करोड़ों लीटर पानी, प्रदूषण नियंत्रण में भी मददगार उत्तर भारत रोटर्स स्पिनर्स एसोसिएशन के प्रधान प्रीतम सचदेवा ने बताया कि रंगीन धागे के उत्पादन में पानीपत ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए इटली को पीछे छोड़ दिया है।

### आईटी व कॉरपोरेट मंत्रालय के पास जमा कागजात से रोकी जाएगी जीएसटी चोरी

**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) विभाग कर चोरी के लिए अब नए तरीके अपनाएगा। कर आधार को बढ़ाने और जीएसटी देनदारी चुकाई जा रही है या नहीं, इसका पता लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विभाग जल्द ही कंपनियों और पेशेवरों के आयकर रिटर्न (आईटीआर) और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास जमा दस्तावेजों का विश्लेषण शुरू करेगा। एक अधिकारी ने रविवार को बताया, हम आयकर विभाग के पास उपलब्ध सूचनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे।




# अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बीच एनएसई का बड़ा बयान,कहा- हमारी सभी निगरानी कार्रवाई पारदर्शी

**नई दिल्ली ।**
अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपनी निगरानी कार्रवाइयों के बारे में एक बयान जारी किया। देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज ने जोर देकर कहा कि सभी व्यक्तिगत शेयरों पर इसका निगरानी तंत्र पूरी तरह से पारदर्शी और मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त है।

एनएसई ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि अतिरिक्त निगरानी उपायों (एएसएम) और अन्य व्यापारिक गतिविधि-आधारित विशिष्ट नियमों जैसे मूल्य बैंड, व्यापार के लिए व्यापार (टी 2 टी) और अन्य के तहत स्टॉक्स को जोड़ने और बाहर करने की प्रक्रिया उन मापदंडों पर आधारित है जो मूल्य अस्थिरता, मात्रा, बाजार पूंजीकरण, ग्राहक एकाग्रता और तरलता मापदंडों पर संचालित होते हैं। एनएसई की ओर से जारी बयान में कहा गया है, आवेदन की अवधि के साथ सटीक मापदंड सार्वजनिक डोमेन में रहे हैं और लगातार लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा, एक्सचेंजों में आम बात है कि ये नियम स्वत: लागू होते हैं और इनपर किसी भी मानवीय दखल की गुंजाइश नहीं है। साथ ही ये नियम और समीक्षा अवधि भी बाजार के लिए पूर्व-घोषित होते हैं।

### दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज है एनएसई

दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव एक्सचेंज का यह बयान अदाणी समूह के तीन शेयरों को एएसएम तंत्र से हटाए जाने के दो दिन बाद आया है। इसमें अदाणी एंटरप्राइजेज, अडानी ग्रीन एनर्जी और नई दिल्ली टेलीविजन (एनडीटीवी) के शेयर शामिल हैं। एएसएम सेबी और एक्सचेंजों की एक पहल है जिसमें निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिभूतियों को अल्पकालिक या दीर्घकालिक ढांचे में स्थानांतरित किया जाता है। दूसरी ओर, स्टॉक एक्सचेंजों के अनुसार अदाणी समूह के दो शेयरों को सोमवार, 20 मार्च, 2023 से दीर्घकालिक अतिरिक्त निगरानी उपायों (एएसएम) के पहले चरण में रखा जाएगा। बीएसई और एनएसई ने अपने परिपत्रों में कहा कि दोनों प्रतिभूतियों को 20 मार्च से दीर्घकालिक एएसएम फ्रेमवर्क में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।




### उच्च अस्थिरता के कारण अदाणी समूह के शेयरों को रखा गया था एएसएम ढांचे के तहत

हालांकि एनएसई ने अपने बयान में किसी खास समूह या कंपनी के नाम का उल्लेख नहीं किया है। उच्च अस्थिरता के बीच निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक्सचेंजों की ओर से शेयरों को अतिरिक्त निगरानी ढांचे के तहत रखा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद उच्च अस्थिरता के कारण अदाणी समूह के शेयरों को एएसएम ढांचे के तहत रखा गया है। इस पूरे ढांचे का समय-परीक्षण किया गया है। एक्सचेंज ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि नए नियमों के आधार पर भविष्य में कोई कार्रवाई लागू होने से पहले उक्त नियमों में किसी भी बदलाव की घोषणा एक्सचेंज की ओर से पहले ही कर दी जाती है।

### सेबी ने सख्त किए आईपीओ के नियम, पेटीएम के निर्गम से हुएनुकसान से नियामक ने लिया सबक

**नई दिल्ली ।** पेटीएम के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में निवेशकों को भारी घाटा लगने के बाद इससे सबक लेते हुए सेबी ने आईपीओ से जुड़े नियम सख्त कर दिए हैं। अब नियामक ने आईपीओ को मंजूरी देने के मामले में सावधानी बरतना शुरू कर दिया है। इसने दो माह में छह कंपनियों के इश्यू को वापस लौटाया है। साथ ही कहा, कंपनियां फिर से सारी जानकारियों को अपडेट कर मसौदा जमा कराएं। सेबी ने जिन कंपनियों के मसौदों (डीआरएचपी) को वापस लौटाया है, उसमें ओयो चलाने वाली ओरावेल, गो डिजिट इंश्योरेंस, पेमेंट इंडिया, लावा इंटरनेशनल, फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक और बीवीजी इंडिया हैं। इन सभी ने सितंबर, 2021 से मई, 2022 के बीच मसौदा जमा कराया था। इनके कागजात इस साल जनवरी से मार्च के बीच वापस लौटाए गए हैं। ये कंपनियां आईपीओ से 12,500 करोड़ जुटाने वाली थीं। 2021 में कुछ बड़े आईपीओ में निवेशकों के पैसे गंवाने के बाद सेबी आईपीओ को मंजूरी देने में सख्त हो गया है। इस साल में अब तक केवल 9 कंपनियों ने ही मसौदा जमा कराया है। दो कंपनियां ही निर्गम लाई हैं और इनसे 730 करोड़ जुटाई हैं। 2022 में 38 कंपनियों ने 59,000 करोड़ और 2021 में 63 कंपनियों ने 1.2 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। पेटीएम, जोमैटो और नायका जैसी नए जमाने की डिजिटल कंपनियों के आईपीओ की लिस्टिंग की गड़बड़ी के बाद निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख वीके विजय कुमार ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक सेबी का फैसला निवेशकों के हित में है। निवेशकों को आईपीओ के लिए आवेदन करते समय दिमाग का इस्तेमाल करना होगा और उनकी ऊंची कीमत से भी बचना होगा। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन नवंबर, 2021 में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई थी।

# स्विट्जरलैंड का यूबीएस बैंक क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण के लिए सहमत, 3.23 अरब डॉलर में हुआ सौदा




**स्विट्जरलैंड ।**
दुनिया के सबसे बड़े बैंकों में शुमार यूबीएस ने अपने स्विटजरलैंड के ही प्रतिस्पर्धी बैंक क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण तीन अरब स्विस फ्रैंक (करीब 3.23 अरब अमेरिकी डॉलर) में होगा। यूबीएस ने दुनिया के बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए यह कदम उठाने का फैसला किया है। स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट ने रविवार की रात खुद इस अधिग्रहण की घोषणा की। हालांकि बर्सेट ने अधिग्रहण की राशि का खुलासा नहीं किया लेकिन उन्होंने इस कदम को अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर कदम करार दिया। यूबीएस एजी ने इस अधिग्रहण के लिए स्विट्जरलैंड सरकार से करीब 6 अरब डॉलर की बैंक गारंटी मांगी है। 167 साल पुराना क्रेडिट सुइस स्विट्जरलैंड का दूसरा बड़ा बैंक है। दरअसल, स्विस नियामक और वहां की सरकार सोमवार को बाजार खुलने से पहले क्रेडिट सुइस संकट को लेकर एक समाधान पेश करना चाहते थे। स्विस नेशनल बैंक ने एक बयान में कहा कि यूबीएस ने आज क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण की घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह अधिग्रहण स्विस संघीय सरकार, स्विस वित्तीय बाजार पर्यवेक्षी प्राधिकरण और स्विस नेशनल बैंक के समर्थन से संभव हुआ है। इसने कहा कि बैंक का यह बचाव वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करेगा और स्विस अर्थव्यवस्था की रक्षा करेगा। क्रेडिट सुइस (सीएस) वर्षों से निवेशकों और ग्राहकों का विश्वास खोता जा रहा था। 2022 में, सीएस ने वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से सबसे खराब नुकसान दर्ज किया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते अपनी बहीखाता पद्धति में भौतिक कमजोरी को स्वीकार करने और सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के निधन के बाद कमजोर संस्थानों के बारे में डर फैल गया था, जब बढ़ती ब्याज दरों ने कुछ वित्तीय संपत्तियों के मूल्य को कम कर दिया था। सप्ताह के दौरान सीएस के शेयरों में 25 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इससे पहले ब्लूमबर्ग ने जानकारी दी थी कि यूबीएस और क्रेडिट सुइस जबरन विलय के खिलाफ थे। यूबीएस अपने संपत्ति केंद्रित रणनीति पर ध्यान देना चाहता था और वह क्रेडिट सुइस से जुड़ा जोखिम उठाने को तैयार नहीं था। 166 साल पुराने क्रेडिट सुइस की गिनती दुनिया के सबसे बड़े बैंकों में एक होती है।

# बिसलेरी की नई बॉस होंगी जयंती चौहान, टाटा से अधिग्रहण पर बातचीत समाप्त होने के बाद कंपनी का फैसला

**नई दिल्ली ।**
बिसलेरी इंटरनेशनल के चेयरमैन रमेश चौहान की बेटी जयंती चौहान अब बोतलबंद पानी कंपनी का नेतृत्व करेंगी। बता दें कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के साथ अधिग्रहण की बातचीत समाप्त होने के बाद कंपनी ने नेतृत्व जयंती को सौंपने का फैसला किया है। बिसलेरी के चेयरमैन रमेश चौहान ने मीडिया को बताया है कि जयंती हमारी प्रफेशनल टीम के साथ कंपनी चलाएंगी और अब हम अपना कारोबार बेचना नहीं चाहते।

42 साल की जयंती चौहान अपने पिता की ओर से प्रवर्तित और निर्मित कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल में फिलहाल वाइस चेयरपर्सन हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि वह मुख्य कार्यकारी एंजेलो जॉर्ज की अध्यक्षता वाली पेशेवर प्रबंधन टीम के साथ काम करेंगी। जयंती चौहान ने अपना बचपन दिल्ली, मुंबई और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बिताया है। हाईस्कूल की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने लॉस एंजिल्स के एफआईडीएम से उन्होंने प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पढ़ाई की है। जयंती ने लंदन कॉलेज ऑफ फैशन से फैशन स्टाइलिंग और फोटोग्राफी की भी पढ़ाई की है। जयंती ने कई प्रमुख फैशन हाउस में इंटर्न के तौर पर काम भी किया है। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज से अरबी भी सीखी है। जयंती चौहान ने 24 वर्ष की उम्र में अपने पिता के साथ बिसलेरी के दिल्ली ऑफिस में कामकाज करना शुरू किया था। अपने शुरुआती दिनों ने जयंती ने बिसलेरी के प्लांट रिनोवेशन और ऑटोमेशन प्रोसेस पर ध्यान केंद्रित किया था। उन्होंने कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अलावे सेल्स और मार्केटिंग टीम में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए थे। वर्ष 2011 में जयंती दिल्ली से मुंबई शिफ्ट हो गईं।



# एक हफ्ते में छह फीसदी तक टूटे भारत में बैंकिंग क्षेत्र के म्यूचुअल फंड

**नई दिल्ली।**
अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के दिवालिया होने के बाद पिछले सप्ताह बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के म्यूचुअल फंड छह फीसदी तक टूट गए। इससे निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल, अमेरिका में बैंकिंग संकट से वैश्विक वित्तीय प्रणाली को झटका लगा है। इसके अलावा, भारत में भी बैंकिंग क्षेत्र को लेकर निवेशकों की भावनाएं कमजोर हुई हैं। इससे पिछले सप्ताह के दौरान बैंकिंग शेयरों में 3-13 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र पर इसका सीधा असर मामूली है। बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों में लगातार बिकवाली से इस क्षेत्र के म्यूचुअल फंडों में भी गिरावट देखने को मिली है। एसीई एमएफ एनएक्सटी के आंकड़ों के मुताबिक, बैंकिंग क्षेत्र के 16 म्यूचुअल फंडों में सभी ने 17 मार्च को समाप्त सप्ताह में निवेशकों को 1.6 फीसदी से 6 फीसदी के बीच नकारात्मक रिटर्न दिया है। इस साल अब तक इन सभी फंडों ने निवेशकों को 8 से 10 फीसदी तक का नकारात्मक रिटर्न दिया है। 10प्रतिशत तक गिर चुके हैं बैंकिंग क्षेत्र के 16 म्यूचुअल फंड इस साल अब तक इन फंडों में 5प्रतिशत से अधिक नुकसान आदित्य बिरला सन लाइफ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, टाटा बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, एचडीएफसी बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड, एलआईसी एमएफ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड और निप्पॉन इंडिया बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड। एफवाईईआरएस के शोध प्रमुख गोपाल कवलीरेड्डी ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव व ब्याज दरों में वृद्धि की आशंका से फंडों में गिरावट आई है। एफपीआई कई बैंकों और वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं में अपनी निवेश होल्डिंग को कम करने के लिए अक्तूबर, 2021 से बिकवाली कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, हालिया गिरावट को छोड़ दें तो 9 महीने और एक साल की अवधि में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के फंडों ने सकारात्मक रिटर्न दिया है। इस दौरान बैंकिंग फंडों ने 20 फीसदी तक और वित्तीय सेवा क्षेत्र के फंडों ने 12 फीसदी तक मुनाफा दिया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च, 2023 में अब तक भारतीय इक्विटी बाजार में 11,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसमें अदाणी समूह की चार कंपनियों में अमेरिकी फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स के 15,446 करोड़ रुपये के निवेश का प्रमुख योगदान रहा है। हालांकि, अमेरिकी बैंकिंग संकट के बाद आने वाले दिनों में एफपीआई सतर्कता का रुख अख्तियार कर सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 17 मार्च तक भारतीय इक्विटी बाजार में 11,495 करोड़ रुपये का निवेश किया।




# सोने के लिए बेहतर रह सकता है यह साल, निवेश पर बेहतर रिटर्न मिलेगा या नहीं

**नई दिल्ली।**
जब भी इक्विटी बाजार ऊपर की ओर होता है तो उस समय सोने की चाल उसके विपरीत होती है। लेकिन इक्विटी बाजार में जब गिरावट होती है तो सोना ऊपर की ओर होता है। साल 2023 कुछ ऐसा ही रहने वाला है। अभी तक के करीब तीन महीने के जो रुझान रहे हैं, वह इसी तरह का संकेत दे रहे हैं। साथ ही सोने की कीमतें बढ़ाने में एक सबसे बड़ा कारण संकट होता है। यह संकट साल 2020 से लगातार चल रहा है।

हालांकि, इसके स्वरूप बदलते रहे हैं। साल 2020 से लेकर अब तक के तीन सालों में देखें तो रूस-यूक्रेन संकट, लगातार बढ़ती ब्याज दरें, उच्च महंगाई और अब बैंकिंग संकट ने सोने की कीमतों को ऊंचा बनाए रखा है।

2020 में सोने की प्रति दस ग्राम कीमत 48,000 रुपये थी, जो 2021 में 49,000, 2022 में 52,000 और इस साल 58,000 को पार कर गई। यानी संकट के समय इसमें जबरदस्त तेजी आई है। 2008 में लेहमन ब्रदर्स के दिवालिया होने के बाद अमेरिका में दर्जनों बैंक डूब गए थे, उस समय भी सोने की कीमतें 30 फीसदी ऊपर चली गई थीं। 2008 में सोने का प्रति दस ग्राम भाव 12,500 रुपये था जो 2009 में 15,000 और 2018 में 32,000 रुपये को पार कर गया था।



### महंगाई से राहत दिलाने में भी करता है मदद

सबसे महत्वपूर्ण पहलू जो निवेशकों को याद रखना चाहिए वह यह है कि सोना महंगाई के खिलाफ बचाव करने में मदद करता है। निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में कम से कम 5 फीसदी सोने के निवेश को शामिल करना चाहिए। कम अस्थिरता, डिजिटल गोल्ड, ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के रूप में कई निवेश विकल्पों की उपलब्धता के साथ मिलकर सोने के निवेश को एक अत्यधिक आकर्षक विकल्प बनाते हैं।

भारत में सोने की मांग पिछले दस दिनों में 40 फीसदी गिर गई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें बढ़कर 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 2,020 डॉलर प्रति औंस के स्तर और घरेलू स्तर पर यह 60,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू सकता है।

### रूस-यूक्रेन संकट से 55,000 तक पहुंचा सोना

2022 में सोने की शुरुआत लगभग 48,000 रुपये से हुई थी, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध से भू-राजनीतिक संकट के कारण मार्च में यह 55,000 रुपये के उच्च स्तर को छू लिया था। पीली धातु पोर्टफोलियो विविधीकरण के लिए एक बहुत ही जरूरी घटक है। बेहतर रिटर्न के लिए हर महीने एसआईपी के माध्यम से सोने में निवेश करने का अच्छा तरीका है।

सोना पिछले 25 सालों से औसतन 11 फीसदी चक्रवृद्धि यानी सीएजीआर की दर से रिटर्न दे रहा है। जब भी कीमतों में किसी खास कारण से गिरावट आती है, तो यह हमेशा लंबी अवधि के रिटर्न के लिए खरीदारी का अवसर होता है।

### कीमतें बढ़ने से घटी मांग

अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार से सोना की कीमतें 100 डॉलर प्रति औंस बढ़ी हैं। 10-15 दिनों में मांग में 40प्रतिशत की गिरावट आई है। एक पखवाड़े के बाद शादियों का सीजन शुरू होगा। बावजूद लोग अब भी इंतजार कर रहे हैं। दक्षिण भारत में मांग में 40प्रतिशत की गिरावट आई है। दक्षिण भारत में देश में सालाना 800-850 टन की वार्षिक सोने की खपत में 40प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

### संकट देखते हुए केंद्रीय बैंकों ने की 1,136 टन की खरीदारी

दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 2022 में 1,136 टन सोना खरीदा था। 2021 में 450 टन ही सोना खरीदा गया जो 55 साल का सर्वोच्च स्तर है। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल केवल 33 टन सोना खरीदा था, जो 2021 में खरीदे गए 77 टन की तुलना में 57 फीसदी कम है। आरबीआई ने रुपये की गिरावट रोकने के लिए 70 अरब डॉलर बेच दिए थे। उम्मीद है कि अमेरिका का केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति को नरम रखेगा। ऐसा होता है तो सोने को लाभ होगा। जब तक महंगाई स्थिर रहती है, तब तक मौद्रिक नीति लचीली रह सकती है। ऐसे में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# अभिनेता दीपक तिजोरी के साथ धोखाधड़ी, को-प्रोड्यूसर ने लगाया करोड़ों का चूना



**मुंबई, (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक दीपक तिजोरी ने मुंबई के अन्धेरी स्थित अंबोली पुलिस थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। खबर है कि दीपक तिजोरी से उनके को-प्रोड्यूसर ने 2 करोड़ 50 लाख रुपए की ठगी की है। दीपक ने 15 मार्च को आरोपी मोहन नाडर के खिलाफ शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक तिजोरी की 2019 की फिल्म टीपीसी की शूटिंग लंदन में होने वाली थी। तदनुसार, सह-निमार्ता और आरोपी मोहन नाडर के साथ एक समझौता भी किया गया था। अनुबंध के मुताबिक दीपक तिजोरी ने मोहन को दो करोड़ 50 लाख रुपये का भुगतान किया। लेकिन मोहन नाडर ने अनुबंध के अनुसार शूटिंग पूरा किए बिना दीपक तिजोरी को धोखा दिया। जब दीपक ने मोहन नाडर से अपने पैसे मांगे तो नाडर ने देने से मना कर दिया। ठगी का एहसास होने पर अभिनेता दीपक तिजोरी ने नाडर के खिलाफ अंबोली थाने में धारा 420, 406 के तहत मामला दर्ज कराया है। अंबोली पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। दीपक ने कहा, नाडर ने सितंबर 2029 में मुझसे लंदन में एक लोकेशन के लिए पैसे लिए थे। मोहन नाडर ने पैसे लौटाने का वादा किया। इसके बाद उसने पैसे देने से मना कर दिया। यहां तक कि उसने जो चेक दिए थे, वे भी बाउंस हो जाते थे। आपको बता दें कि दीपक तिजोरी ने फिल्म आशिकी में काम किया है। उन्होंने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों में भी काम किया है। दीपक फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरियल्स में भी नजर आ चुके हैं। अब वह एक्टिंग में एक्टिव नहीं हैं लेकिन डायरेक्शन और प्रोडक्शन फील्ड में शिफ्ट हो गए हैं। दीपक तिजोरी द्वारा निर्देशित दो फिल्में जल्द ही पर्दे पर उतरेंगी।

# तलाक पर खुलासा कर सामंथा ने कहा......नागा बहुत बुरे पति

## - मैं प्रेग्नेंट थी, लेकिन मैंने अबॉर्शन कराया



**मुंबई (ईएमएस)।** सामंथा और नागा चैतन्य की शादी चार साल ही चल सकी थी। इसके बाद दोनों ने 2 अक्टूबर, 2021 को एक पोस्ट के द्वारा अलग होने का ऐलान कर फैंस को चौंका दिया था, जिसके बाद ढेरों कयास लगाए थे। फिर भी इनके तलाक की वजह साफ नहीं हो पाई थी। अब सामंथा और नागा के अलग होने डेढ़ साल बाद इसका राज खुला है। फिल्म क्रिटिक्स उमैर संधू ने इनकी तलाक का खुलासा किया है। उनके ट्वीट के मुताबिक, सामंथा ने नागा चैतन्य पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

सामंथा ने अप्रत्यक्ष रूप से नागा चैतन्य से तलाक का खुलासा किया है। फिल्म क्रिटिक उमैर संधू ने ट्वीट कर लिखा, सामंथा के मुताबिक, नागा ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया। वहां एक बहुत बुरे पति हैं। संधू ने ट्वीट के जारी सामंथा की बात पर आगे लिखते हैं कि मैंने मानसिक प्रताड़ना झेली। मार-पिटाई झेली। मैं प्रेग्नेंट थी, लेकिन मैंने अबॉर्शन कराया। भगवान का शुक्रिया, मैंने तलाक दे दिया और उससे अलग हो गई। हालांकि, इस पूरे मामले पर सामंथा और नागा का ऑफिशियल रिएक्शन सामने नहीं आया है। इस ट्वीट के सामने आने के बाद साउथ इंडस्ट्री में सामंथा और नागा के तलाक की वजह एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। कुछ लोग इस पर यकीन तक नहीं कर पा रहे हैं कि ये सच है? बहरहाल, सामंथा और नागा चैतन्य इन दिनों अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं। जहां सामंथा बॉलीवुड डेब्यू करने को लेकर जोर-शोर से तैयारी कर रही हैं वहीं, चैतन्य आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा से वहां बॉलीवुड में कदम रख चुके हैं।

# 50 दिनों से भारत सहित 20 देशों के सिनेमाघरों में चल रही पठान




**मुंबई (ईएमएस)।** यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित पठान का अजेय क्रम 50 दिनों के बाद भी जारी है। पिछले 50 दिनों से पठान 20 देशों के सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। इस फिल्म ने महामारी से त्रस्त हिंदी फिल्म उद्योग में जीवन का एक नया संचार किया है, जिसने पिछले साल बैक-टू-बैक असफलता को देखा और इस वर्ष भी पठान के बाद और तू झूठी मैं मक्कार के बीच में प्रदर्शित हुई असफल फिल्मों देखा है। प्रशंसक विशेष रूप से शाहरुख को चार साल के अंतराल के बाद स्क्रीन पर वापस देखना चाहते थे। उनकी आखिरी आउटिंग जीरो (2018) थी। 25 जनवरी को पठान की रिलीज एक तरह का उत्सव था क्योंकि प्रशंसकों ने सुबह के टिकट बुक किए और पटाखे, पोस्टर, अनुकूलित टी-शर्ट और बहुत कुछ लेकर सिनेमाघरों में पहुंचे। फिल्म को हिंदी में रिलीज किया गया और तमिल और तेलुगु में डब किया गया। बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनकर उभरी है। पठान ने 15 मार्च को सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए, और अब यह 20 देशों में चल रही है! यह भारत में 800 सिनेमाघरों और संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, केएसए, ओमान, कतर, बहरीन, मिस्र, ब्रिटेन, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी द्वीप समूह, मलेशिया, मॉरीशस, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, केन्या और तंजानिया में 135 सिनेमाघरों में चल रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट में कहा, पठान के 50 दिन... अभी भी 20 देशों में चल रही है... पठान आज सिनेमाघरों में 50 दिन मना रही है... भारत के 800 सिनेमाघरों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के 135 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है।

# नाटू नाटू राष्ट्र का गाना है: रामचरण



देश की राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने पर आरआरआर स्टार राम चरण का जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी भी थीं। एयरपोर्ट पहुंचने पर राम चरण मुस्कुरा रहे थे और हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। अभिनेता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और हैदराबाद वापस जाने से पहले दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। एमएम कीरावनी द्वारा कम्पोज किया गया नाटु नाटु को 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर मिलने के समय दोनों एक साथ मौजूद थे।

# ओटीटी पर रिलीज नहीं होगी ईशान खट्टर की फिल्म पिप्पा





**मुंबई (ईएमएस)।** ईशान खट्टर की नई फिल्म पिप्पा के निमार्ताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज नहीं होगी। ऐसी खबरें थीं कि फिल्म 1971 के युद्ध पर आधारित है, डिजिटल रूप से रिलीज होगी क्योंकि फिल्म के निमार्ताओं और मल्टीप्लेक्स मालिकों के साथ कुछ मतभेद चल रहा था। हालांकि, शुक्रवार को पीवीआर आईनॉक्स के कमल ज्ञानचंदानी, जो मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) का भी प्रतिनिधित्व करते हैं, के साथ प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला, सिद्धार्थ रॉय कपूर और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने एक संयुक्त बयान जारी किया। मेकर्स ने सभी अफवाहों का खंडन किया है। बयान में कहा गया कि, स्क्रूवाला, सिद्धार्थ रॉय कपूर और कमल ज्ञानचंदानी की ओर से आधिकारिक बयान। यह एक लेख के संबंध में है जो कल एक अखबार के प्रकाशन में ओटीटी रिलीज के लिए पिप्ड शीर्षक के साथ छपा था, जिसने इस्के बारे में कुछ पूरी तरह से निराधार दावे किए थे। इस लेख के प्रकाशन से पहले न तो निमार्ताओं और न ही किसी मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर से टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया था। पीवीआरआईनॉक्स के रॉनी स्क्रूवाला, सिद्धार्थ रॉय कपूर और कमल ज्ञानचंदानी, जो इसके अध्यक्ष के रूप में मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) का भी प्रतिनिधित्व करते हैं आरएसवीपी और रॉय कपूर फिल्म्स को मल्टीप्लेक्स ऑपरेटरों के साथ कोई समस्या नहीं है।

# गुनीत मोंगा का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



फिल्म निमार्ता गुनीत मोंगा शुक्रवार तड़के मुंबई हवाई अड्डे पर ऑस्कर ट्रॉफी लेकर उतरीं। उनका शानदार स्वागत किया गया। ऑस्कर विजेता शॉर्ट फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स की प्रोड्यूसर मोंगा सुबह 3 बजे के बाद मुंबई एयरपोर्ट पहुंची, वहां मौजूद लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। फोटोग्राफरों ने ऑस्कर जीतने पर उन्हें अपनी प्रतिक्रिया देने को कहा, लेकिन सुरक्षाकर्मियों से घिरी होने के चलते वह कार में बैठकर चली गई। मोंगा ने अपने प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड को बहुत प्यार से संभालकर रखा। कार में भी उन्होंने इस अवॉर्ड को सीने से लगाकर लगा। फैंस द्वारा शानदार स्वागत करने पर मोंगा ने उनका अभिवादन किया। इस दौरान फोटोग्राफरों ने उनके कई फोटोज क्लिक किए। पिछले हफ्ते, मोंगा ने डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्पर्स के लिए ऑस्कर जीता था।

# असफलता से डरे अक्षय कुमार, ओएमजी-2 सीधे ओटीटी पर!




**मुंबई (ईएमएस)।** गत वर्ष से लगातार असफलताओं का सामना कर रहे अक्षय कुमार को लेकर सिने गलियारों में बहती हवाओं ने रुख बदल लिया है। खबर है कि अक्षय की ब्लॉकबस्टर रही फिल्म ओएमजी का दूसरा भाग ओएमजी-2 सिनेमाघरों के स्थान पर सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर आ रही है। यदि यह समाचार सही है, तब यह अक्षय की चौथी फिल्म होगी जो सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर आएगी। इसके पहले अक्षय कुमार अपनी फिल्मों लक्ष्मी, कठपुलती और अतरंगी रे के साथ ओटीटी पर आ चुके हैं। इनमें से सिर्फ अतरंगी रे ऐसी फिल्म रही जिसे दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिली। इस फिल्म को आज भी लोग देखना पंसद करते हैं। अक्षय काफी समय से एक हिट फिल्म के लिए तरस रहे हैं। साल 2022 में रिलीज हुईं अक्षय कुमार की 5 फिल्में फ्लॉप साबित हुई हैं। साल 2023 में अभी एक ही फिल्म सेल्फी सिनेमाघरों में रिलीज हुई और वहां भी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। फिल्मों के फ्लॉप होने से मेकर्स और अक्षय कुमार दोनों परेशान हैं। शायद इसी सोच को लेकर अक्षय कुमार अब ओटीटी पर आने की तैयारी में हैं। असफलता के बावजूद अक्षय कुमार के पास इस वक्त कुछ ऐसी फिल्में हैं जो उनके करियर को फिर से पटरी पर ला सकती हैं। अक्षय ओएमजी 2 के अलावा बड़े मियां छोटे मियां, गोरखा, कैप्सूल गिल में काम करते नजर आएंगे। फिलहाल, अक्षय कुमार इन दिनों अपने एंटरटेनर टूर को लेकर विदेश में हैं।

# हॉलीवुड स्टार सैम नील को स्टेज 3 का ब्लड कैंसर, इलाज करा रहे



**न्यूयॉर्क (ईएमएस)।** जुरासिक पार्क और द पियानो जैसी फिल्मों में नजर आ चुके पॉपुलर हॉलीवुड स्टार सैम नील इनदिनों बहुत ही मुश्किल दौरे से गुजर रहे हैं। इस कारण उन्होंने अभियन से ब्रेक ले लिया है। सैम नील को स्टेज 3 का ब्लड कैंसर हैं, फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। 75 वर्षीय सैम नील को मार्च 2022 में ब्लड कैंसर होने के बारे में पता चला था। इसके बाद उन्होंने तुरंत ही कैंसर का ट्रीटमेंट लेना शुरू कर दिया। सैम नील ने अभिनय से दूरी बना ली, लेकिन खुद को बिजी रखा। इस दौरान नील ने अपनी किताब लिखी, जो अब 21 मार्च को लांच की जाएगी। अपनी इसी किताब में नील ने खुद को ब्लड कैंसर होने और उससे जंग के बारे में बताया है। नील को कैसे और कब पता चला कि उन्हें ब्लड कैंसर हुआ है, इस बारे में उन्होंने डीटेल शेयर की है। सैम नील जब 2022 में फिल्म जूरोसिक वर्ल्ड डोमिन के प्रचार टूर पर थे तो उन्हें गले में कुछ गांठें महसूस हुईं। नील ने तुरंत ही डॉक्टरों को दिखाया। और जब उन्होंने बताया कि क्या हुआ है, तब सैम नील का गला रूंध गया था। लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और सोचा कि आगे क्या करना है। सैम के मुताबिक, उन्होंने सोचा कि उन्हें कुछ न कुछ तब करना है। तो क्या लिखना शुरू करें? तब सैम नील ने किताब लिखना शुरू किया। उन्होंने इसका पहला चैप्टर तब लिखा, जब कीमोथैरेपी चल रही थी। सैम जैसे ही हर जगह अपने कैंसर की खबर देखी, तब उन्होंने वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर फैंस को हेल्थ अपडेट दी। नील ने वीडियो शेयर कर लिखा, मैं जिंदा हूं और काम पर वापसी कर रहा हूं। मुझे वापसी करने में बहुत खुशी हो रही है। 7 दिनों में ही हम शूटिंग शुरू कर रहे हैं। सैम नील को ब्लड कैंसर हुआ था। उन्होंने इसके लिए कीमोथैरेपी लेनी शुरू कर दी थी। लेकिन जब वह फेल हो गई, तब उन्होंने एक नया कीमोथैरेपी ड्रग लिया। इससे सैम नील को काफी फायदा हुआ। लेकिन अब उन्हें यह ड्रग ताउम्र हर महीने लेना होगा। अब सैम नील कैंसर फ्री हैं, लेकिन जिंदगी भर उनका इलाज चलेगा। सैम नील ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत 1970 में की थी और अब तक वह ढेरों फिल्में कर चुके हैं। 150 से भी अधिक यादगार रोल प्ले कर चुके हैं।

# सात समुंदर पार अनन्या ने पापा संग लगाए ठुमके



अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपने पिता चंकी पांडे के साथ गुरुवार को मुंबई में आयोजित अपनी चचेरी बहन अलाना पांडे की शादी में सात समुंदर पार गाने पर डांस करते देखा गया। अनन्या के फैन पेज पर शेयर किए गए एक वीडियो में अनन्या पाउडर ब्लू और व्हाइट साड़ी पहने चंकी के साथ डांस करती नजर आ रही हैं, जिन्होंने व्हाइट पैंट के साथ पैरेट ग्रीन ब्लेजर पहना हुआ है। उनके साथ अनन्या के चचेरे भाई अहान भी हैं, जो काले रंग के सूट में थे। गाना सात समुंदर पार राजीव राय द्वारा निर्देशित चंकी की 1992 की फिल्म विश्वात्मा का है। इसमें कई अन्य लोगों के अलावा सनी देओल, नसीरुद्दीन शाह और दिव्या भारती ने अभिनय किया था। यह फिल्म एक ईमानदार पुलिस अधिकारी प्रभात का अनुसरण करती है, जिसे भारत सरकार द्वारा खतरनाक अपराधी अजगर जुर्रत को पकड़ने और उसके अवैध कारोबार को समाप्त करने के लिए केन्या भेजा जाता है। काम के मोर्चे पर अनन्या अगली बार विक्रमादित्य मोटवाने की अनटाइटल्ड साइबर क्राइम-थ्रिलर, फरहान अख्तर की खो गए हम कहां और ड्रीम गर्ल-2 में दिखाई देंगी।

# विकिपीडिया को वामपंथियों ने कर लिया हाइजैक



सूचना-आधारित वेबसाइट विकिपीडिया को वामपंथियों ने पूरी तरह से हाइजैक कर लिया है। उनके बारे में दी गई जानकारी वेबसाइट पर गलत है। यह कहना है अभिनेत्री कंगना रनौत का। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा कि उनका जन्मदिन 23 मार्च को पड़ता है न कि वेबसाइट पर दी गई तारीख जो बताती है कि यह 20 मार्च है। अभिनेत्री ने लिखाः विकिपीडिया पूरी तरह से वामपंथियों द्वारा हाईजैक कर लिया गया है, मेरे बारे में अधिकांश जानकारी जैसे मेरा जन्मदिन या मेरी ऊंचाई या पृष्ठभूमि पूरी तरह से गलत है । हम इसे कितना भी सुधारने की कोशिश करें, यह फिर से वैसे ही हो जाता है। उन्होंने आगे कहा, कई रेडियो चैनल, फैन क्लब और शुभचिंतक 20 मार्च को जन्मदिन की बधाइयां भेजना शुरू कर देते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6376

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6375 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्दजाल- 7123

शब्द जाल में नाना पाटेकर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अंकुश, अब तक छप्पन, अंगार, तिरंगा, दिशा, वजूद, क्रांतीवीर, परिंदा,युगपुरुष, थोड़ा सा रुमानी हो जाएं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | क | दो | यु | ला | प | र | तू | ग | झ | क |
| ज | ग | ल | प | ह | रिं | पू | ना | दि | शा | को |
| अं | इ | पु | म | सं | दा | ल | श | र | ला | ल |
| क | कु | दा | रु | धा | ब | क | प | रि | श | र |
| क | ति | श | न्न | ष | क | र | री | ग | वी | ता |
| द | रं | ल | प | व | गा | र्त | ऐ | ती | प | रु |
| ती | गा | ल | श | अं | प | म | क्रां | कौ | ला | व |
| क | बा | अ | ब | त | क | छ | प्प | न | श | जू |
| क | स | थो | तें | व | न | ज | द | शा | जू | द |
| द | र | ल | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | ड़ | सा | रु | मा | नी | हो | जा | एं | प | क |

### शब्दजाल - 7122 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | जि | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | सं | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | ह |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | यो |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6076

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | | | 7 | 5 |
| | 25 | | 26 | 5 | 40 | |
| 4 | 5 | 1 | | | 2 | |
| | 37 | 6 | 35 | | 27 | 3 |
| | 3 | | | 4 | 1 | |
| 5 | 33 | 4 | 42 | | 26 | |
| 2 | | | 6 | 3 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6075 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 30 | 6 | 30 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 39 | 7 | 31 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 31 | 5 | 35 | 5 | 33 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# कार्लोस अल्कारेज फिर वर्ल्ड नंबर-1 : इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को हराया, एटीपी वर्ल्ड रैंकिंग में जोकोविच दूसरे नंबर पर

**मुम्बई ।**
स्पेन के 19 वर्षीय टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज ने अपना पहला इंडियन वेल्स खिताब जीतने के बाद 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को पछाड़कर एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 1 का स्थान हासिल कर लिया है। अल्कारेज ने अमेरिका के इंडियन वेल्स में हुए मुकाबले के फाइनल में रूसी स्टार डेनियल मेदवेदेव की 19 मैचों की जीत के सिलसिले को खत्म कर 6-3, 6-2 से विजय हासिल की।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं लिया था हिस्सा

अल्कारेज ने हाल ही में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई थी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में जीतने के बाद जोकोविच आगे निकल गए थे। हालांकि, इंडियन वेल्स ने अल्कारेज को वर्ल्ड नंबर 1 पर लौटने का मौका दिया और उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हरा दिया।

### अल्कारेज ने तीन मास्टर्स 1000 खिताब जीते

19 वर्षीय अल्कारेज ने पिछले साल यूएस ओपन जीतने के बाद पहली बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी। इस बार अल्कारेज ने अपना तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब जीता है और वे अपने देश के टेनिस लीजेंड राफेल नडाल के रिकॉर्ड के करीब हैं। नडाल के नाम 20 साल के होने से पहले 6 मास्टर्स 1000 खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। बराबरी करने के लिए अल्कारेज को 3 और खिताब जीतने की जरूरत है। हालांकि, 20 की उम्र के पहले कम से कम तीन मास्टर्स 1000 जीतने वाले अल्कारेज नडाल के अलावा अकेले खिलाड़ी हैं।

### खेल पिछले साल जैसा ही लेकिन मैंने प्रेशर झेलना सीखा - अल्कारेज

फाइनल जीतने के बाद अल्कारेज ने कहा - मुझे लगता है कि मेरे टेनिस में पिछले साल के मुकाबले इस समय कुछ ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। मैंने अब प्रेशर में नहीं खेलता हूं और गेम को एन्जॉय करता हूं।अल्कारेज ने आगे कहा - ट्रॉफी जीतने और फिर से वर्ल्ड नंबर 1 बन कर खुशी हो रही है। मेरे लिए यह टूर्नामेंट परफेक्ट रहा है।

### जोकोविच टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाए

सर्बिया के टॉप टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच अमेरिका में होने वाले इंडियन वेल्स में हिस्सा नहीं ले पाए। दरअसल, जोकोविच ने कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया था, जिस वजह से उन्हें अमेरिका में एंट्री नहीं मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तराखंड में खेल कोटा प्रस्तावित, मंत्री ने कहा- आदेश होते ही खिलाड़ियों को मिलेगी नौकरी



**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार व खेल विभाग खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। खेल विभाग की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आउट आफ टर्म नौकरी और सरकारी विभागों में नौकरी देने को चार प्रतिशत का खेल कोटा प्रस्तावित है। इसके आदेश होते ही खिलाड़ियों को नियमानुसार नौकरी दी जाएगी। रेखा आर्या ने सभी खिलाड़ियों को आश्वस्त किया है कि जल्द खेल कोटा के तहत उन्हें नौकरियां दी जाएंगी। बीते दिनों एथलीट मानसी नेगी ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर प्रदेश सरकार से नौकरी की मांग की थी। उनका यह पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर खासा प्रसारित हुआ। इस पर लोग तरह- तरह की प्रतिक्रियाएं देने लगे। इसका संज्ञान लेते हुए खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों को खेल कोटे से नौकरी के लिए आश्वस्त किया है। खेल मंत्री ने कहा कि विभाग खिलाड़ियों की सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर गंभीर है। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान करने के लिए चार प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटा प्रस्तावित है। आदेश जारी होने पर खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी।

### हार्दिक का आक्रामक रुख एकदिवसीय क्रिकेट में प्रशंसकों को खींचेगा : जडेजा

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की कप्तानी क्षमताओं से



काफी प्रभावित हैं। उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में एक अलग वाइब (सकारात्मक उर्जा) है, इसके साथ ही उनका आक्रामक स्वभाव एदिवसीय क्रिकेट में प्रशंसकों की रुचि को वापस ला सकता है। उन्होंने कहा, जब भी आप हार्दिक पांड्या को खेलते हुए देखते हैं, तो वह अलग तरह से खेलते हैं। सिर्फ खेलना ही नहीं, दोपहर में उसे टहलते हुए देखना, उसका एक अलग ही वाइब है। इस 52 वर्षीय ने यह भी कहा कि हर किसी की कप्तानी की एक अलग शैली होती है, लेकिन पांड्या की आक्रामक मानसिकता के कारण प्रशंसक बोर नहीं होंगे। अगर आप केन विलियमसन को देखते हैं, अगर वह उस दिन रनआउट में बहुत दूर होते, तो लोग कहते कि वे इसे इतना करीब क्यों ले गए। यही उनके खेलने का स्टाइल है। इसी तरह महेन्द्र धोनी का भी एक स्टाइल था तो ये है हार्दिक पांड्या का स्टाइल। यह आक्रामक स्टाइल है, यह आपको बोर नहीं करेगा। यह एकदिवसीय क्रिकेट में आपकी रुचि को वापस लाएगा।

### हुड्डा को टीम में शामिल करें : रैना

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि ऑलराउंडर दीपक हुड्डा की तारीफ करते हुए कहा कि



वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्हें भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये। रैना ने कहा कि हुड्डा एक अच्छे ऑलराउंडर हैं और उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी से भारतीय टीम को लाभ ही होगा। आगामी एकदिवसीय विश्वकप में भी अवसर मिलने पर वह एक अच्छे खिलाड़ी साबित होंगे। रैना ने कहा कि बल्लेबाजी ऑलराउंडर का होना टीम के लिए हमेशा से अच्छा रहा है। वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के बल्लेबाजी ऑलराउंडर रहते भारतीय टीम को काफी सफलताएं मिली थीं। इसका कारण ये है कि वे अहम ओवरों में गेंदबाजी करके दबाव कम कर देते थे। रैना ने कहा कि जब भी कोई बाएं हाथ का बल्लेबाज क्रीज पर आता था तो उस समय कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी उसे गेंदबाजी देते थे। रैना ने हुड्डा की सराहना की और उन्हें खेल के सफेद गेंद प्रारूप में एक शानदार ऑलराउंडर क्रिकेटर कहा। रैना का मानना है कि विश्व कप के समय पिचें स्पिनरों के लिए फायदेमंद रहेंगी। ऐसे में अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को छोड़कर स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर को रखना अच्छा रहेगाहै। उन्होंने कहा, हमारे पास जडेजा और अक्षर पटेल हैं पर स्पिन के अनुकूल विकेट होंगे और विश्व कप शुरू होने पर मौसत थोड़ा ठंडा होगा। ओस होगी और ज्यादा टर्न नहीं हो सकता है। ऐसे में कप्तान के लिए भी यह आसान होता है जब कोई ऐसा खिलाड़ी हो जो आपको 4-5 ओवर दे सके। यह आपको एक अच्छा संतुलन देता है।

लेफ्ट आर्म पेसर्स के आगे भारत की बैटिंग फेल

# बोल्ट ने वनडे तो शाहीन ने टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कराया था ; कई बार टॉप ऑर्डर बिखरा

**मुम्बई ।**
चैंपियंस ट्रॉफी 2017 का फाइनल मैच। इंग्लैंड के द ओवल मैदान भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने थीं। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने आई पाकिस्तान ने 337 रन बनाए। रोहित शर्मा, शिखर धवन और विराट कोहली जैसे मजबूत टॉप ऑर्डर के सामने ये टारगेट चेज होता नजर आ रहा था। लेकिन 9 ओवर खत्म होते ही टीम इंडिया का स्कोर 33/3 हो गया। रोहित, धवन और कोहली तीनों पवेलियन में, वजह सिर्फ मोहम्मद आमिर। आमिर ने पावरप्ले में तीनों को पवेलियन भेजा और भारत 180 रन से मैच हार गया। आमिर के बाद न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप में भारत का यही हाल किया। फिर पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में अपने शुरुआती दो ओवर में केएल राहुल और रोहित शर्मा के विकेट लेकर भारत को बैक फुट पर धकेल दिया। भारत पहली बार किसी वर्ल्ड कप मुकाबले में पाकिस्तान से हारा। इसके बाद इंग्लैंड के पिछले दौरे पर रीस टोप्ले ने भारतीय बल्लेबाजों को बहुत परेशान किया। अब ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने भारत में ही हमारे टॉप बैटर्स की नाक में दम कर दिया है। इन सभी में कुछ बातें कॉमन हैं। सभी लेफ्ट आर्म पेसर्स हैं। सभी तेजी से इन-स्विंग बॉल फेंकते हैं। सभी ने हमारे टॉप ऑर्डर को बड़े टूर्नामेंट और अहम मैचों के पावरप्ले में ही पवेलियन भेज रखा है। आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि हमारे बैटर्स ने लेफ्ट आर्म पेसर्स के सामने किन अहम मौकों पर स्ट्रगल किया, इसकी



वजह क्या रही और इसी साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में टॉप-10 टीमों के कौन से बॉलर्स टीम इंडिया को परेशान कर सकते हैं।

**ट्रेंट बोल्ट 7 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल** - जुलाई 2019 को भारत और न्यूजीलैंड की टीमें वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइन में भिड़ीं। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 239 रन पर रोक दिया। खराब मौसम के कारण बारिश होने लगी और मैच रिजर्व डे पर अगले दिन की सुबह कन्टीन्यू हुआ। केएल राहुल, रोहित और विराट जैसे बैटर्स के आगे 240 का टारगेट छोटा लग रहा था, लेकिन 3.1 ओवर में भारत का स्कोर 5/3 हो गया। तीनों टॉप ऑर्डर बैटर्स पवेलियन लौट गए। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट ने कोहली और मैट हेनरी ने बाकी 2 विकेट लिए। टीम इंडिया दबाव में आ गई, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा मैच को आखिर तक ले गए। यहां भी लेफ्ट आर्म पेसर बोल्ट आए और जडेजा को 77 रन पर आउट कर दिया। धोनी अगले ही ओवर में रन आउट हुए और भारत 18 रन से मैच हारकर फाइनल में जगह नहीं बना सका।

**शाहीन शाह अफरीदी 7 टी-20 वर्ल्ड कप, ग्रुप स्टेज** - 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में भारत का पहला ही मुकाबला चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से हुआ। टूर्नामेंट में इससे पहले पाकिस्तान से कभी नहीं हारने वाली टीम इंडिया इस बार फिर फेवरेट मानी जा रही थी। भारत की बैटिंग आई और 2.1 ओवर में स्कोर 6/2 हो गया। रोहित और राहुल को लेफ्ट आर्म पेसर शाहीन शाह अफरीदी ने आउट कर दिया। भारतीय टीम दबाव में आ गई, यहां से कोहली ने पारी संभाली और टीम को बड़े स्कोर की ओर ले जाने लगे। यहां भी 19वें ओवर में शाहीन ने कोहली को आउट किया और भारत 20 ओवर में दुबई के मैदान पर 151 रन ही बना सका। पाकिस्तान ने बगैर विकेट गंवाए 17.5 ओवर में ही टारगेट हासिल कर भारत को टूर्नामेंट इतिहास में पहली बार हरा दिया। वो भी पूरे 10 विकेट से।

**द्विपक्षीय सीरीज में इन्होंने किया परेशान** - 2015 में टीम इंडिया महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे सीरीज खेलने बांग्लादेश गई। टीम जब भारत लौटी तो हम 2-1 से सीरीज हार चुके थे, बांग्लादेश को सीरीज जिताने वाले प्लेयर का नाम मुस्ताफिजुर रहमान था। इस लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज ने वनडे सीरीज के 3 मैचों में 13 भारतीय बैटर्स को पवेलियन भेजा। अब हालात ये है कि मुस्ताफिजुर भारत के खिलाफ अब तक 12 वनडे में कुल 22 ले चुके हैं। मुस्ताफिजुर के बाद तो जैसे विपक्षी टीमें भारत के खिलाफ एक न एक लेफ्ट आर्म पेसर को टीम में रखने ही लगीं। जिसका नतीजा भी विपक्षी टीमों को मिला, 2022 में इंग्लैंड गई टीम इंडिया के खिलाफ रीस टॉप्ले ने वनडे में 6 विकेट लेकर लगभग अकेले ही टीम को हरा दिया। उस दौरे पर टी-20 और वनडे सीरीज में लेफ्ट आर्म पेसर डेविड विली ने भी खूब विकेट चटकाए। टॉप्ले के नाम तो भारत के खिलाफ 5 वनडे में 12 विकेट हैं, वहीं विली के नाम भी 9 विकेट हैं।

**टेस्ट में भी आती हैं दिक्कतें** - वनडे और टी-20 के अलावा टीम इंडिया के बैटर्स टेस्ट में भी लेफ्ट आर्म पेसर्स के खिलाफ स्ट्रगल करते हैं। इंग्लैंड के सैम करन तो 2018 की टेस्ट सीरीज में भारत और इंग्लैंड के बीच जीत का सबसे बड़ा अंतर रहे। उन्होंने पूरी सीरीज के 4 मैचों में 11 विकेट लिए, वो भी अहम मौकों पर। उन्होंने जिन बैटर्स को आउट किया, उनमें विराट कोहली, केएल राहुल, मुरली विजय से लेकर चेतेश्वर पुजारा भी शामिल रहे।

# हालैंड की लगातार दूसरी हैट्रिक से मैनचेस्टर सिटी सेमीफाइनल में, एफए कप में बर्नले को 6-0 से हराया



**लंदन ।**
शानदार फॉर्म में चल रहे एर्लिंग हालैंड की बेहतरीन हैट्रिक की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 6-0 से शिकस्त देकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। 22 साल के स्ट्राइकर हालैंड ने पिछले मैच में चैंपियंस लीग में आरबी लीप्जिग के खिलाफ हैट्रिक सहित पांच गोल दागे थे। मैनचेस्टर सिटी की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी जीत है और इस दौरान क्लब ने 23 गोल किए हैं। कोच पेप गॉर्डिओला की टीम मैनचेस्टर सिटी मैच में आक्रामक अंदाज में खेली। टीम ने पहले हाफ में दो गोल किए, जबकि दूसरे हाफ में चार गोल दागे। बर्नल के खिलाड़ियों ने वापसी करने की कुछ कोशिश की, लेकिन वे सिटी के डिफेंस को भेद नहीं पाए।

**तीन मिनट में हालैंड के दो गोल** - सिटी के लिए मैच में गोल करने का सिलसिला हालैंड ने शुरू किया। उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गोल किए। इसके अलावा हालैंड ने दूसरे हाफ में एक गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने 32वें, 35वें और 59वें मिनट में गोल दागकर टीम को 3-0 से मजबूत बढ़त दिलाई। इसके बाद जूल्यिन अल्वारेज ने 62वें मिनट में गोल करके सिटी को 4-0 से आगे कर दिया। सिटी के खिलाड़ियों ने इसके बाद भी गोल करने का सिलसिला जारी रखा। स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर ने बॉक्स के अंदर से गोल करके सिटी की बढ़त को 5-0 से मजबूत कर दी। पाल्मर ने यह गोल 68वें मिनट में दागा। इस बीच, 73वें मिनट में पाल्मर ने अपना दूसरा गोल करके सिटी का जीत का अंतर 6-0 कर दिया। बर्नले के खिलाड़ी इसके बाद भी मैच में अपना पहला गोल करने की कोशिश करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता हासिल नहीं हुई।

**सीरी-ए में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने इब्राहिमोविच** - ज्लाटन इब्राहिमोविच 41 साल और 166 दिन की उम्र में इटली की लीग सीरी-ए में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने, लेकिन उनकी टीम एसी मिलान को उदिनेसे के हाथों 1-3 से हार मिली। उन्होंने एलेसेंड्रो कोस्टाकुर्ता के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिन्होंने 41 साल और 25 दिन की उम्र में 2007 में गोल किया था।

# चोटिल जेमिसन की जगह सीएसके में सिसांदा मगाला शामिलः पहली बार खेलेंगे आईपीएल , साउथ अफ्रीका लीग में 12 मैच में 14 विकेट लिए थे

**मुम्बई ।**
चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल कीवी गेंदबाज काइल जेमीसन की जगह पर साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैमीसन को दिसंबर की मिनी-ऑक्शन में 1 करोड़ रुपए में साइन किया गया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने टेस्ट सीरीज से कुछ समय पहले पीठ के निचले हिस्से में फ्रैक्चर हो गया था। आईपीएल के बाद भी उनके खेलने की उम्मीद कम है। 32 वर्षीय मागला नीलामी में नहीं बिके थे और इससे पहले वह कभी भी आईपीएल में नहीं खेले थे। अब वह अपने बेस प्राइस 50 लाख रूपए में सुपर किंग्स में शामिल हो गए हैं। मगाला ने 2021 में साउथ अफ्रीका के लिए कोई टी-20 नहीं खेला है। आखिरी टी-20 उन्होंने पाकितान के खिलाफ 16 अप्रैल 2021 में खेला था। लेकिन, वे लगातार टी-20 खेल रहे है। इस साल की शुरुआत में पहले ही संस्करण में मगाला ने चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से मैच खेले और शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 8.68 की इकॉनोमी के साथ 14 विकेट लिए। मागला डेथ बॉलर के रूप में कारगर माने जाते है। साथ ही वे पॉवरप्ले में विकेट निकालने में भी माहिर है। साथ ही बल्लेबाजी में उन्होंने अपने टी20 करियर में दो अर्धशतक लगाए हैं।

### चेन्नई का पहला मुकाबला गुजरात से

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2023 के पहले



मुकाबले में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी, हालांकि, मागाला नेथरलैंड के खिलाफ सीरीज में व्यस्त रहेंगे, इस कारण उनका पहले मैच से उपलब्ध रहना मुश्किल है।

### नीदरलैंड के कोच हैदराबाद में होंगे शामिल

नीदरलैंड के हेड कोच रयान कुक आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर फील्डिंग कोच शामिल होंगे। इस हारन साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 2 सीरीज का वे हिस्सा नहीं रहेंगे। कुक ने अक्टूबर-नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप के दौरान नीदरलैंड टीम को लीड किया था।

कुक ने चैंपियन टीम सनराइजर्स फ्रेंचाइजी के फील्डिंग कोच के रूप में काम किया था। कुक भारत पहुंच चुके है। वे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 2 अप्रैल को पहले मैच में मौजूद होंगे।

# इंजरी टाइम में गोल से बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को हराया, 2019 के बाद पहली बार ला लिगा जीतने के करीब

**बार्सिलोना ।**
स्पैनिश लीग ला लिगा में बार्सिलोना ने खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-1 से हरा दिया। इस रोमांचक मैच में जीत के बाद बार्सिलोना ला लिगा के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। उसने दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड पर 12 अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलेना के 68 और रियल मैड्रिड के 56 अंक हैं। इस हार से मैड्रिड की खिताब बरकरार रखने की महत्वाकांक्षा पर पानी फिर गया और बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार ट्रॉफी उठाने के करीब पहुंच गया है। रियल मैड्रिड को शुरुआती 10 मिनट में ही एक गोल की बढ़त मिल गई थी। नौवें मिनट में विनीशियस जूनियर के किक पर बार्सिलोना के अराउजो का सर लगा और गेंद गोल पोस्ट में चली गई। इस तरह रोनाल्डो अराउजो के आत्मघाती गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद हाफ टाइम से पहले बार्सिलोना के 45वें मिनट में सेर्गी रॉबर्ट्स ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दूसरे हाफ में 45 मिनट तक कोई गोल नहीं हो सका। 90 मिनट के बाद रेफरी ने पांच मिनट का इंजरी टाइम जोड़ा।



90+2वें मिनट में फ्रैंक केसी ने गोल दाग बार्सिलोना को जीत दिलाई। इस तरह फ्रैंक केसी के लेट गोल से बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड से जीत छीन ली। एक मौका ऐसा भी आया था जब मार्को असेंसियो ने गोल दाग रियल मैड्रिड को आगे कर दिया था। हालांकि, वीडियो असिस्टेंट रेफरी ने उस गोल को ऑफसाइड होने की वजह से रद्द कर दिया। सेर्गी रॉबर्टो ने मैच के बाद कहा- हम एक मार्को असेंसियो गोल के गोल से चौंक गए थे। तब हमें पता नहीं था कि वह ऑफसाइड हैं और आखिरी मिनट में जीतना हमारे लिए शानदार रहा। अब बहुत सारे मैच बाकी हैं और आप कभी भी मैड्रिड को हल्के में नहीं ले सकते। 12 अंक को मेकअप करना मुश्किल है, लेकिन यह हमारे ऊपर है। हम अगर आगे भी अच्छा खेलना जारी रखे तो ला लिगा का खिताब अपने नाम करेंगे।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका पर किया क्लीन स्वीप

# पारी और 58 रन से जीता दूसरा मैच, सीरीज 2-0 से अपने नाम की

**मुम्बई ।**
न्यूजीलैंड ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में श्रीलंका को पारी और 58 रन से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका ने चौथे दिन दूसरी पारी में 113/2 के आगे खेलना शुरू किया और टीम 358 रन पर ऑलआउट हो गई। हेनरी निकोल्स को प्लेयर्स ऑफ द मैच और केन विलियमसन को प्लेयर्स ऑफ द सीरीज चुना गया।

### दूसरी पारी में डी सिल्वा ने खेली 98 रन की पारी

श्रीलंका के लिए दूसरी पारी की भी शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। चौथे दिन की शुरुआत एंजेलो मैथ्यूज और कुशल मेंडिस ने की। श्रीलंका के लिए दूसरी पारी में धनंजय डी सिल्वा (98), दिनेश चांडीमल (62) और कुशल मेंडिस (50) ने अर्धशतकीय



पारी खेली। बॉलिंग में टिम साउदी और ब्लेयर टिकनर को 3-3 विकेट मिले। वहीं, माइकल ब्रेसवेल को 2, डग ब्रेसवेल और मैट हेनरी को 1-1 विकेट मिला।

### पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 580 रन पर पारी घोषित की

न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन 4 विकेट खोकर 580 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी। श्रीलंका के लिए पहली पारी की शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। तीसरें दिन की शुरुआत में कप्तान दासुन करुणारत्ने और प्रभात जयसूर्या ने शुरुआत की। एक छोर पर श्रीलंका के कप्तान डंटे रहे। दूसरी ओर टीम के विकेट गिरते ही चले गए। प्रभात जयसूर्या 4, एंजेलो मैथ्यूज 1, दिनेश चांदीमल 37, धनञ्जय दे सिल्वा 0, निशान मधुशंका 19, कसुन रजिथा 0 और असिथा फर्नांडो 0 पर आउट हुए। कप्तान करुणारत्ने ने पहली पारी में सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। बॉलिंग में मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल को 3-3 विकेट मिले। वहीं, टिम साउदी, डग ब्रेसवेल और ब्लेयर टिकनर को 1-1 विकेट मिला।

### विलियमसन और निकोल्स के दोहरे शतक

न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन और हेनरी निकोल्स ने दोहरे शतक ठोके और 363 रन की विशाल साझेदारी निभाई। विलियमसन ने 215 और निकोल्स ने नाबाद 200 रन की पारी खेली। विलियमसन का यह 28वां टेस्ट शतक था। विलियमसन ने 296 गेंदों में 23 चौकों और दो छक्कों की मदद से 215 रन बनाए।

वहीं निकोल्स ने 240 गेंदों पर नाबाद 200 रन में 15 चौके और चार छक्के लगाए। विलियमसन की ये लगातार तीसरी शतकीय पारी है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में और उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी शतक लगाया था।

### न्यूजीलैंड-श्रीलंका वनडे और टी-20 मैचों की सीरीज का शेड्यूल

शनिवार (25 मार्च) को ऑकलैंड में सीरीज का पहला वनडे मैच खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज का दूसरा मैच 28 मार्च को खेला जाएगा। यह मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।



# सतीश कौशिक ही नहीं कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज की मौत के बाद भी गहराया रहस्य









सतीश कौशिक की अचानक हुए निधन ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। मौत के एक दिन पहले उनके होली पार्टी में एंजॉय करने के कई वीडियो सामने आए हैं। उनकी मौत पर कई सवाल भी उठाए जा रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी सेलिब्रिटी की मौत एक मिस्ट्री बन गई हो। बॉलीवुड के कई ऐसे बड़े कलाकार हैं जिनकी मौत वो आज भी एक रहस्य है।

**सिल्क स्मिता :** सिल्क स्मिता को फिल्मों में उनकी बोल्ड और ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। 1980 और 1990 के दशक में दक्षिण भारत में वो अपने बोल्ड रोल्स को लेकर काफी फेमस थीं। उन्होंने अपने करियर में 450 से अधिक फिल्मों में काम किया है। वो अपनी बहुमुखी प्रतिभा और बेहतरीन एक्टिंग के लिए जानी जाती थीं। फिल्मों में उन्होंने ग्लैमर से लेकर विलेन तक के रोल किए थे। उनके कई चाहने वाले थे जिन्हें उनकी मौत ने दुखी कर दिया था।

**सुशांत सिंह राजपूत :** सुशांत सिंह राजपूत ने कम समय में ही लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना ली थी। वो काफी शांत और हंसमुख इंसान थे। वो तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बना रहे थे। हालांकि उनके चाहने वालों को बड़ा झटका तब लगा जब 14 जून, 2020 को उनकी मौत की खबर आई। पहले ये बताया गया कि उन्होंने सुसाइड किया है। बाद में उनके चाहने वालों की बदौलत उन्हें इंसाफ दिलाना देश का बड़ा मुद्दा बन गया। इस मामले में कई गिरफ्तारियां भी हुईं, लेकिन आज तक सुशांत की मौत एक रहस्य बनी हुई है।

**श्रीदेवी :** श्रीदेवी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक थीं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं, लेकिन उनकी मौत आज भी एक रहस्य है। दरअसल श्रीदेवी को 24 फरवरी 2018 को दुबई के एक होटल में उनके रूम में स्थित बाथरूम में पानी में डूबा पाया गया था। शुरुआत में मौत का कारण दुर्घटनावश डूबना बताया गया था। बाद में दुबई पुलिस ने जांच के बाद मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया। हालांकि उन्हें कार्डियक अरेस्ट कैसे आया, इसका सटीक कारण आज तक रहस्य है।

**दिव्या भारती :** दिव्या भारती अपनी सुंदरता और बेहतरीन एक्टिंग के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में 1990 में आई फिल्म बोब्बिली राजा से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। कुछ ही समय में दिव्या भारती ने अपनी फिल्मों के जरिए अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बना ली थी। उन्होंने 1992 में साजिद नाडियाडवाला से शादी कर ली थी। जिसके बाद अप्रैल 1993 में 19 साल की उम्र में अपने अपार्टमेंट की बालकनी से गिरने से उनकी रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई।

# नमक बन रहा है दुनिया भर में मौतों और बीमारियों की बड़ी वजह : डब्ल्यूएचओ

सोडियम यानी नमक का जरूरत से ज्यादा सेवन दुनियाभर में हो रहीं मौतों और बीमारियों की अहम वजह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोडियम सेवन में कमी पर अपनी पहली रिपोर्ट में जरूरत से ज्यादा नमक खाने से जुड़े नुकसान के बारे में बताया। रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया 2025 तक सोडियम सेवन को 30 प्रतिशत तक कम करने के अपने लक्ष्य से भटक गई है। सोडियम हमारे शरीर के लिए सबसे जरूरी पोषक तत्वों में से एक है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा सेवन दिल की बीमारी, स्ट्रोक और समय से पहले मौत के जोखिम को बढ़ाता है। खाने में इस्तेमाल किए जाने वाला नमक, सोडियम के तौर पर सबसे ज्यादा खाया जाता है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल रिपोर्ट में कहा गया है कि सोडियम कटौती नीतियों को लागू करने से 2030 तक दुनिया में 70 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। हालांकि, अभी तक ब्राजील, चिली, चेक रिपब्लिक, लिथुआनिया, मलेशिया, मैक्सिको, सऊदी अरब, स्पेन और उरुग्वे जैसे सिर्फ 9 देश ही ऐसे हैं, जिन्होंने सोडियम के सेवन में कटौती से जुड़ी नीतियों को लागू किया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दिन में 5 ग्राम (एक छोटा चम्मच) से कम नमक का सेवन करना हेल्दी है, जबकि इस वक्त दुनियाभर में 10.8 ग्राम से ज्यादा नमक एक दिन में खाया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक, डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि खराब डाइट दुनियाभर में मृत्यु और बीमारी का एक प्रमुख कारण बन रही है, और अत्यधिक सोडियम का सेवन सबसे बड़ा दोषी है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकांश देशों ने अभी तक किसी भी अनिवार्य सोडियम कटौती नीतियों को नहीं अपनाया है, जिससे उनके लोगों को दिल का दौरा, स्ट्रोक और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का बड़ा खतरा है।

जरूरत से ज्यादा नमक बनता है इन बीमारियों का कारण

**दिल की बीमारी :** खाने में ज्यादा नमक खाने से दिल की बीमारी का जोखिम बढ़ता है। सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है कि नमक का कम सेवन करें।

**ब्लड प्रेशर का बढ़ना :** डाइट में अधिक नमक बीपी को बढ़ाता है। नमक ज्यादा खाने से खून में सोडियम की मात्रा बढ़ जाती है। बीपी बढ़ने पर मितली, उल्टी और कमजोरी जैसा महसूस होने लगता है।








मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**